www.epaper.azadsipahi.in

06 अक्टूबर, 2025
आश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 344

स्व. कैलाशपति मिश्र ने जनसंघ काल से पार्टी की विचार धारा को जन-जन तक पहुंचाया : बाबूलाल



**SMD TRADERS**
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ क्यो ?................इसलिए ! मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

## बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा पूरी

# बिहार में एसआइआर सफल, अब पूरे देश में करायेंगे : मुख्य चुनाव आयुक्त

- चुनाव को भी छठ महापर्व की तरह मनाने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार में चुनाव की तैयारियों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को पटना में प्रेस कांफ्रेंस की। ज्ञानेश कुमार ने भोजपुरी में बिहार के मतदाताओं का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा, रउआ के कोटि-कोटि धन्यवाद जतावतानी। फिर मैथिली में भी मतदाताओं का अभिनंदन कर कहा, बिहार के सब मतदाता के अभिनंदन करतनी। उन्होंने कहा कि बिहार में एसआइआर पूरी तरह सफल रहा। मतदाता सूची में यह सबसे बड़ी पहल रही। 24 जून 2025 को एसआइआर शुरू हुआ और समय पर समाप्त हुआ। सफल एसआइआर के लिए वोटरों को धन्यवाद। अब इसे पूरे देश में करायेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि 90 हजार 217 बूथ लेवल अफसरों ने बेहतरीन काम का परिचय दिया है। पूरे देश में बनने वाले बूथ लेवल ऑफिसरों के लिए बिहार प्रेरणा बना। उन्होंने आगे कहा कि बूथ तक मोबाइल ले जा सकेंगे। बूथ सेंटर से 100 मीटर की दूरी पर पोलिंग एजेंट बैठ सकेंगे। बिहार चुनाव में इवीएम पर प्रत्याशियों की कलर फोटो लगायी जायेगी। वन स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म भी बिहार में लागू कराया जायेगा। बूथ से 100 मीटर की दूरी से हर प्रत्याशी अपने एजेंट को लगा सकते हैं। पोलिंग बूथों की 100% वेबकास्टिंग की जायेगी।



### मतदाता नये-पुराने वोटर कार्ड से वोटिंग कर सकेंगे

नये वोटर कार्ड पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि जिनके वोटर कार्ड के डाटा में कोई परिवर्तन किया गया है, उन्हें 15 दिनों के अंदर इपिक, यानी वोटर कार्ड मिल जायेगा। जिनके पास पुराने वोटर कार्ड हैं और डाटा में कोई बदलाव नहीं है, वह उसी को सही मानेंगे। मतदान करने के लिए बाकी जिन दस्तावेजों को पहले से मान्य रखा गया था, वह आगे भी कायम रहेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि अयोग्य वोटरों को हटाने और योग्य वोटरों को शामिल करने के लिए चलाये गये गहन विशेष पुनरीक्षण का परिणाम बहुत स्पष्ट और संतोषजनक रहा है। अब भी कोई अयोग्य जुड़ा हुआ है या योग्य छूटा हुआ है, तो उसका नाम हटाने-जोड़ने की प्रक्रिया चलती रहेगी। चुनाव के बाद यह प्रक्रिया अगले आदेश तक के लिए बंद हो जायेगी।

**बीएलओ के लिए आइडी कार्ड शुरू किये गये :** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बीएलओ जब मतदाता के पास जायें, तो मतदाता उन्हें अच्छे से पहचान पायें, इसके लिए उनके लिए भी आइडी कार्ड शुरू किये गये हैं। अब पोलिंग बूथ के बाहर मोबाइल जमा कर वोट देने की सुविधा की गयी है। इससे पहले मोबाइल घर या कहीं और छोड़कर आना होता था। ज्ञानेश कुमार ने बताया कि अब बिहार के अलावा देश के किसी भी बूथ पर 1200 से ज्यादा वोटर नहीं होंगे।

### चुनाव से पहले पुनरीक्षण कराना जरूरी

एसआइआर को चुनाव से पहले कराये जाने के सवाल पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि जन प्रतिनिधित्व कानून के हिसाब से पुनरीक्षण हर चुनाव से पहले कराना ही होता है। किसी का ये कहना कि पुनरीक्षण चुनाव के बाद होना चाहिए, न्याय संगत नहीं है। बीएलओ ने घर-घर जाकर गणना की, ड्राफ्ट सूची में जिनका नाम आया और उसके बाद सभी राजनीतिक दलों को सभी बीएलओ को एक अगस्त से एक सितंबर तक दावे और आपत्ति करने का मौका दिया गया। इसी तरह से किसी अयोग्य आदमी का नाम आ गया, तो उसे हटाया जा सकता है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव को भी छठ महापर्व की तरह मनायें।

# दार्जिलिंग में सात जगह भूस्खलन सिक्किम से देश का संपर्क कटा

## 20 मौतें, पुल टूटा, घर गिरे, मलबे में दबे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**दिल्ली/मुंबई/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तेज बारिश के बाद शनिवार रात दार्जिलिंग में सात जगह भूस्खलन हुआ। मिरिक-सुखियापोखरी सड़क के किनारे ढलान पर पहाड़ी का हिस्सा ढह गया। हादसे में कई घर टूट गये। 20 लोगों की मौत हुई है। भूस्खलन के बाद सड़क पर मलबा आने से बचाव अभियान में दिक्कत आ रही है। वाहनों की आवाजाही और आसपास के कई इलाकों में संचार टूट गया है। उधर मिरिक में एक लोहे का पुल भी टूट गया है।

भारी बारिश के कारण तीस्ता नदी उफान पर है। तीस्ता बाजार के पास बलुखोला में पानी भर जाने से सिलिगुड़ी को सिक्किम और कालिंपोंग से जोड़ने वाला हाइवे पूरी तरह बंद हो गया है। दार्जिलिंग शहर का भी कई हिस्सों से संपर्क टूट गया है। तीस्ता नदी का जलस्तर बढ़ने से सिलीगुड़ी से सिक्किम जाने वाला नेशनल हाइवे 10 पूरी तरह बंद कर दिया गया है। मिरिक से सुखियापोखरी जाने वाली सड़क भी धंस गयी है।

**प्रधानमंत्री ने दुख जताया :** दार्जिलिंग में भूस्खलन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, दार्जिलिंग और आसपास के इलाकों में भारी बारिश और भूस्खलन पर अधिकारी कड़ी नजर रख रहे हैं। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में लैंडस्लाइड के कारण हुई जनहानि अत्यंत दुखद है। मैं पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं।

**अरब सागर में चक्रवात, महाराष्ट्र-गुजरात में अलर्ट :** उधर अरब सागर में उठा पहला चक्रवात शक्ति गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया है। मौसम विभाग ने बताया कि यह तूफान गुजरात के द्वारका से 420 किमी दूर समुद्र में सक्रिय है। इसकी वजह से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। अगले 24 घंटे में यह पश्चिम-दक्षिण पश्चिम की ओर बढ़ेगा।



### माउंट एवरेस्ट पर भयंकर बर्फीला तूफान, एक हजार लोग फंसे, नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से हाहाकार

**काठमांडू।** हिमालय की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट इस समय सिर्फ साहसिक रोमांचियों के लिए ही नहीं, बल्कि अधिकारियों और स्थानीय समुदायों के लिए भी चुनौती बन गयी है। तिब्बती हिस्से के पूर्वी ढलान पर अचानक आये भयंकर बर्फीले तूफान ने लगभग एक हजार लोगों को फंसा दिया है और भारी बर्फबारी के बीच बचाव कार्य जारी है। वहीं नेपाल में भारी बारिश और भूस्खलन ने 47 लोगों की मौत और कई नुकसानदेह स्थितियां पैदा कर दी हैं। जानकारी के अनुसार तिब्बती इलाके में सैकड़ों स्थानीय ग्रामीण और बचावकर्मी बर्फ हटाने और फंसे पर्यटकों तक पहुंचने के लिए तैनात किये गये हैं। यह इलाका समुद्र तल से लगभग 16 हजार फीट ऊपर स्थित है, जहां मौसम और परिस्थितियां अत्यंत कठिन हैं। उधर नेपाल में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सड़कें और पुल बह गये, जिससे आवागमन बाधित हो गया। पुलिस के अनुसार नेपाल में कम से कम 47 लोग मारे गये हैं। भारतीय सीमा से सटे इलाम जिले में स्थिति सबसे गंभीर है, जहां 35 लोगों की मौत हुई और नौ लोग अभी भी लापता हैं। देश के अन्य हिस्सों में बिजली गिरने से तीन लोगों की जान चली गयी।

**FLORENCE**
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# चार दिन से लापता मुखिया रांची से बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोमिया थाना क्षेत्र से लापता हुई सबसे कम उम्र की महिला मुखिया सपना कुमारी को पुलिस ने खोज लिया है। वह गोमिया प्रखंड अंतर्गत पलिहारी गुरुडीह पंचायत की मुखिया है। सपना के पति ने गोमिया थाना में उसके लापता होने की रिपोर्ट लिखवायी थी। तब से ही पुलिस सपना कुमारी की खोजबीन में जुटी हुई थी। मुखिया सपना को पुलिस ने काफी खोजबीन करने के बाद रांची के रातू से बरामद किया। पुलिस अभी सबके सामने कुछ भी बयान देने से बच रही है। सपना को अब कोर्ट में पेश किया जायेगा। वह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती है। साथ ही वह काफी रील भी बनाया करती है, लेकिन इस बार वह अपना फोन घर पर ही छोड़ कर गयी थी।



## रायडीह में नवजातों की खरीद-बिक्री मामला उजागर होने के बाद हड़कंप

# एक साथ तीन टीम कर रही है मामले की जांच

- दोनों प्रसूताओं और रिश्तेदारों से हुई पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला/ रायडीह।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह की बीटीटी के द्वारा नवजात शिशुओं की खरीद-बिक्री का मामला उजागर होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। मामले की जांच के लिए प्रशासनिक स्तर पर तीन टीमें सक्रिय हो गयी हैं। रविवार होने के बावजूद बाल संरक्षण इकाई और बाल कल्याण समिति के साथ स्वास्थ्य विभाग की अलग-अलग टीमों ने मामले की जांच की। इधर उपायुक्त द्वारा गठित जांच टीम सोमवार से काम शुरू करेगी।



बाल संरक्षण इकाई और बाल कल्याण समिति की टीम रविवार की सुबह 10 बजे प्रसूता सुमन एक्का के गांव पुराना रायडीह पहुंच गयी। वहां टीम ने प्रसूता सुमन एक्का और उसके ससुराल वालों से बातचीत की। इसके बाद यह टीम मोकरा गांव पहुंची और अविवाहित प्रसूता से बातचीत की। टीम ने रिपोर्ट तैयार की और गुमला लौट गयी। इस टीम में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अमर कुमार, सीडब्ल्यूबी अध्यक्ष नेमंती तिग्गा, पारा लीगल वोलेंटियर नीलम लकड़ा, सहायक जया सेनगुप्ता, चाइल्ड हेल्पलाइन केस वर्कर टोहन सिंह और सिनी संस्था के पंचायत फैसिलिटेटर खुर्शीद आलम शामिल थे। बाद में बाल संरक्षण इकाई पदाधिकारी अमर कुमार ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। वह रिपोर्ट तैयार कर आगे की कार्रवाई के लिए उपायुक्त को सौंपेंगे।

### सिविल सर्जन पहुंचे रायडीह सीएचसी, की पूछताछ

इधर गुमला के सिविल सर्जन डॉ शंभुनाथ चौधरी रविवार को रायडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने मामले से जुड़े सभी लोगों से अलग-अलग पूछताछ की। बाद में उन्होंने मीडिया से कहा कि अभी जांच की प्रक्रिया जारी है। इसलिए सब कुछ नहीं बताया जा सकता है, लेकिन उन्होने इतना आश्वस्त किया कि दोषियों के खिलाफ निश्चित रूप से कार्रवाई होगी।

### उपायुक्त की जांच टीम में होंगे तीन अफसर

उधर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने भी मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। उन्होंने दो दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

**हृदयम हार्ट क्लिनिक**
उपलब्ध सुविधाएँ -
• ईसीजी • इको-कार्डियोग्राफी
• टीएमटी • हॉस्पीटल मॉनिटरिंग
यहाँ हृदय संबंधित सभी रोगों का उचित परामर्श तथा उपचार उपलब्ध है जैसे :
• हार्ट फेलियर • हाई कॉलेस्ट्रॉल
• हार्ट अटैक • हार्ट एरिदमिया
• हार्ट ब्लॉक • पाल्पीटेशन
• हाइपरटेंशन • दिल का छेद,
डॉ साकेत कुमार
हृदय रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस. (एमयू.), एम.डी. (पीएचसीएच, पटना) डी.एम. कार्डियोलॉजी (आईपीजीएमईआर, कोलकाता)
वयस्क एवं बाल हृदय चिकित्सक
सलाहकार हृदय रोग विशेषज्ञ
पल्स हॉस्पिटल, रांची
हृदयम हार्ट क्लिनिक
डॉ. जे शरण लेन, रिम्स मेडिकल चौक के पास, बरियातू, झारखंड-834009
समय : सुबह 09:30 से सायं 06:00 बजे तक
8002882735, 8100360617, 8573987365

# एक दलित हिंदू परिवार को घर छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा : छोटू राम

- छोटू राम का आरोपः मुझे धमकी दी और कहा हम अपनी जमात के बीच हिंदू हरिजन को नहीं रहने देंगे
- यदि तुम लोग यहां से नहीं भागे, तो तुम्हारे बच्चे सहित परिवार को जान से मार देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के बीच शहर में एक दलित हिंदू परिवार को घर छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा है। न्याय के लिए दलित हिंदू परिवार का मामला कई थानों के चक्कर काटने के बाद एसटी/एससी थाना पहुंचा। यह मामला लोअर बाजार थाना क्षेत्र का है। 50 वर्षीय छोटू राम ने इस संबंध में रविवार को रांची पुलिस लाइन स्थित एसटी /एससी थाना में सनहा दिया है। दिये गये आवेदन में उन्होंने कहा है कि कांटा टोली स्थित चांदनी मैदान, पुरुलिया रोड के रहने वाले वह एकमात्र हिंदू परिवार है। यहां उनके परदादा आकर बसे थे, जिन्हें तिवारी जी ने जमीन दान में देकर बसाया था। सनहा में छोटू राम ने बताया है कि 28 सितंबर को वहीं के मोहल्ले के रहने वाले मो शाकिद खान अपने 15- 20 समर्थकों और रेजा-कुली के साथ पहुंचा और डरा-धमका कर उसके घर का बाउंड्रीवाल तोड़ कर गिरा दिया। इसके बाद उस जगह पर शाकिद खान अपना मकान बनाने लगा। इस संबंध में छोटू राम का कहना है कि उसने लोअर बाजार थाना को इसकी सूचना भी दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद फिर दो अक्टूबर को नौशाद खान, साहेब खान, छोटू खान, शमशाद खान, इमरान खान के साथ उसका दामाद बारीक कसाई और उसका बेटा बाउंड्री तोड़ने पहुंचे। इसका विरोध मेरे परिवार की सदस्य गुड्डी देवी, सुमन कुमारी, सोनी देवी, लालो देवी और मेरे बेटे सनी राम ने किया। विरोध के दौरान उन्हें जातिसूचक गालियां दी गयीं और कहा कि यहां से घर छोड़ कर भागो। यहां हम अपनी जमात के बीच में हिंदू हरिजन को नहीं रहने देंगे। यदि तुम लोग यहां से नहीं भागे, तो तुम्हारे बच्चे सहित सभी परिवार को जान से मार देंगे। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी फिर चार अक्टूबर की रात वे जेसीबी लेकर बाउंड्री तोड़ने पहुंचे। छोटू राम ने कहा कि हमारा परिवार डरा-सहमा है। आसपास के कोई भी लोग हमारी मदद नहीं कर रहे। हम लोगों को सुरक्षा और न्याय चाहिए। वहीं इसकी जानकारी समाज के लोगों को मिलने पर अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के रांची जिला अध्यक्ष दिलीप भुइयां, सनी राम, गुड्डी देवी, फूलो देवी, राखी देवी सहित अनुसूचित जाति और हिंदू समाज के दर्जनों लोग एसटी/एससी थाना पहुंचे। समाज के लोगों ने कहा कि एक दलित परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन पीड़ित परिवार को न्याय दिलाये, नहीं तो आंदोलन किया जायेगा।




## स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक

# कफ सिरप की गुणवत्ता और गलत इस्तेमाल पर केंद्र सख्त

- कोल्ड्रिफ कफ सिरप पर कई राज्यों में लगा प्रतिबंध

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कफ सिरप की गुणवत्ता और गलत इस्तेमाल पर केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ कफ सिरप की गुणवत्ता और सही इस्तेमाल को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में सचिव ने साफ कहा कि सभी दवा कंपनियां संशोधित नियमों का सख्ती से पालन करें, वरना उनके लाइसेंस रद्द किये जायें। राज्यों से कहा गया कि बच्चों में कफ सिरप का इस्तेमाल सोच-समझ कर करें, क्योंकि ज्यादातर खांसी अपने आप ठीक हो जाती है और दवा की जरूरत नहीं होती। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निगरानी बढ़ाने,अस्पतालों से समय पर रिपोर्ट भेजने, विभिन्न प्लेटफॉर्म पर शिकायतें दर्ज कराने और पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय मजबूत करने के निर्देश दिये गये हैं, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

**औषधि प्रशासन भी रेस :** मध्य प्रदेश और राजस्थान में कथित रूप से जहरीले कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन यानी सीडीएससीओ ने छह राज्यों में दवा निर्माण इकाइयों की जोखिम-आधारित जांच शुरू कर दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक यह जांच हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में चल रही है, जहां से कुल 19 दवाओं (जिनमें खांसी की दवाएं, एंटीबायोटिक्स और बुखार की दवाएं शामिल हैं) के सैंपल लिये गये। इस जांच का उद्देश्य दवा निर्माण प्रक्रिया में संभावित खामियों की पहचान करना और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उपाय सुझाना है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि एनआइवी, आइसीएमआर, नीरी और अन्य एजेंसियों के विशेषज्ञों की एक टीम बच्चों की मौत के कारणों की वैज्ञानिक जांच कर रही है। मंत्रालय ने बताया कि जांचे गये छह नमूने और मध्यप्रदेश फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा जांचे गये तीन नमूनों में डायइथिलीन ग्लाइकॉल और इथिलीन ग्लाइकॉल जैसे घातक रासायनिक तत्व नहीं पाये गये।

**SACRED CHILD ACADEMY**
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN





Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815






# नीतीश की प्रशासनिक छवि, मोदी की लोकप्रियता, गठबंधन की एकजुटता और जमीनी योजनाओं का असर मिलकर एनडीए को मजबूती प्रदान कर रहा है

## ■ एक चेहरा और एक एजेंडा की छवि, सामाजिक संतुलन, जातिगत प्रबंधन, महिला मतदाताओं का भरोसा, नीतीश-मोदी की डबल इंजन सरकार एनडीए को धार दे रही

**बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे सियासी हवा का रुख भी साफ होता दिख रहा है। सर्वे रिपोर्ट्स से पता लग रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जोड़ी कमाल दिखाने को तैयार है। राज्य की राजनीति में जहां स्थिरता और भरोसे का माहौल बड़ा फैक्टर दिख रहा है, वहीं विकास, सुशासन और कल्याणकारी योजनाओं का मुद्दा भी जमीन पर असर करता दिख रहा है। दो दशक से सत्ता के शीर्ष पर काबिज नीतीश कुमार के लिए यह चुनाव चुनौती है, या फिर बिहार की राजनीति का 'गेम चेंजर' होगी बड़ा सवाल है। वैसे एनडीए की रणनीतिक लोकप्रिय योजनाओं का असर जमीन पर दिख रहा है। इनमें 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली, 1100 रुपये पेंशन और बेरोजगारी भत्ता जैसी सहूलियतों ने मतदाताओं की बेरुखी को बेअसर किया है। महागठबंधन की माई-बहन मान योजना से आगे एनडीए का 10,000 रुपये की महिला रोजगार जैसी योजनाओं ने सियासी जमीन को और मजबूती दी है। खासकर 10 हजार रुपये वाली योजना ने तो कुछ मतदाताओं को महागठबंधन से एनडीए की ओर आकर्षित किया है, जो वोट वाइब सर्वे के 5.8% स्विंग से पता चलता है। दरअसल, बिहार में 2025 का चुनाव अब केवल सत्ता परिवर्तन की लड़ाई नहीं, बल्कि शासन की निरंतरता और विकास की दिशा तय करने वाला जनादेश बन गया है। नीतीश कुमार की स्थायी विश्वसनीयता और नरेंद्र मोदी की व्यापक अपील ने एनडीए को जनसमर्थन का ठोस आधार दिया है। फिलहाल बिहार के चुनावी माहौल में क्या है एनडीए की स्थिति और क्या कह रहे हैं सर्वे बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह
संपादक

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए की स्थिति लगातार बेहतर होती दिखाई पड़ती है। ऐसा हालिया सर्वे रिपोर्ट्स बता रहे हैं। अलग-अलग सर्वे एजेंसियों के ओपिनियन पोल्स में एनडीए की पकड़ ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में गहरी होती दिख रही है। दरअसल, यह चुनाव इसलिए भी खास है, क्योंकि दो दशक के शासन के बाद भी नीतीश-मोदी जोड़ी को अग्नि परीक्षा से गुजरना है। ऐसे में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन के लिए सत्ता परिवर्तन की संभावनाओं के बीच पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार के चेहरे की बदौलत स्थिरता और विकास की गारंटी की भी परीक्षा है। वहीं, जो सर्वे रिपोर्ट्स आ रहे हैं, बता रहे हैं कि दो दशक से ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री रहने के बावजूद नीतीश कुमार की स्वीकार्यता अब भी बनी हुई है। ऐसा नहीं है कि नीतीश कुमार के आगे चुनौती कम है। राजनीति में आखिरी समय में कब क्या हो जाये कहा नहीं जा सकता। वैसे सर्वे रिपोर्ट्स बता रहे हैं कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के लिए उत्साह देखने को मिल रही है। इस गठबंधन का नेतृत्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं, जो इसकी ताकत हैं, तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता इस गठबंधन का सबसे बड़ा फैक्टर है। नीतीश कुमार की प्रशासनिक छवि, नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता, गठबंधन की एकजुटता और जमीनी योजनाओं का असर मिलकर एनडीए को मजबूती प्रदान कर रही है। हाल में किए गए मैट्रिक्स सर्वे के अनुसार, 42% लोगों ने नीतीश कुमार को पसंदीदा मुख्यमंत्री बताया। शिक्षा, सड़क, बिजली और कानून व्यवस्था में सुधार के कारण नीतीश की 'साफ-सुथरी और परिणाम देने वाली' छवि ने एनडीए की स्थिति को मजबूत किया है। सत्ता-विरोधी लहर का लगभग अभाव यह बता रहा है कि जनता उनके नेतृत्व को उनकी थकान के बजाय भरोसे की नजर से देख रही है।



### नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय अपील का जमीन पर असर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता बिहार में एनडीए के लिए निर्णायक फैक्टर है। स्पीक मीडिया नेटवर्क के सर्वे के मुताबिक 64% मतदाता मोदी के काम से संतुष्ट हैं और 47% लोगों को पीएम मोदी पर प्रगाढ़ विश्वास है। पीएम मोदी का विकास और कल्याण का संदेश जाति समीकरणों से ऊपर उठकर मतदाताओं तक पहुंच रहा है। इसके साथ ही उनके नीतीश कुमार को 'भाई' कहकर संबोधित करने की रणनीति ने दोनों दलों के समर्थकों के बीच मनोवैज्ञानिक रूप से असर डाला और जमीन पर विरोधाभासी नजरिया होने के बावजूद लोगों के भीतर एकता भी मजबूत की है।

### एक चेहरा, एक एजेंडा की छवि

2020 के चुनावों के विपरीत जब चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी-आर) ने अलग चुनाव लड़ा और 5.66% वोट हासिल किये थे, जो एनडीए के लिए काफी नुकसानदेह साबित हुआ था। लेकिन, इस बार के चुनाव में एनडीए अब एकजुट है और इसका स्पष्ट संदेश मतदाताओं को भी है। साफ है कि चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा की वापसी ने गठबंधन के जातिगत समीकरण को मजबूत किया है। कुशवाहा के जुड़ने से कोइरी-कुशवाहा वोट बेस भी मजबूत हुआ है। ब्लॉक स्तर तक समन्वय बैठकों और साझा रैलियों ने 'एक चेहरा, एक एजेंडा' की छवि बनायी है। मतदाताओं के लिए यह संदेश स्पष्ट है कि एनडीए अब किसी अंदरूनी खींचतान से मुक्त होकर चुनावी मैदान में उतर रहा है।

### मोदी- नीतीश का डबल इंजन नैरेटिव

एनडीए का सबसे बड़ा चुनावी हथियार 'डबल इंजन सरकार' का मॉडल है। केंद्र और राज्य के तालमेल से शुरू की गयी योजनाएं, जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, जल-जीवन मिशन और मुख्यमंत्री सड़क योजना का असर हर पंचायत तक पहुंचा है। बिहार में पहली बार यह मॉडल विकास की स्थिरता का प्रतीक बन गया है। लोगों को यह महसूस हो रहा है कि केंद्र और राज्य का तालमेल विकास की गति को दोगुना कर रहा है। दूसरी ओर पीएम मोदी की अपील जातिगत समीकरणों से परे है और वे आवास और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण जैसी योजनाओं के माध्यम से मतदाताओं से सीधे जुड़े हुए दिखते हैं और यह सियासी जमीन को भी साध रहा है।

### महिला मतदाताओं का जीत रहे भरोसा

एनडीए की योजनाओं ने महिलाओं में गहरी पैठ बनायी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'जीविका समूह', 10,000 रुपये की महिला रोजगार सहायता योजना और शराबबंदी ने महिला वोट बैंक को स्थायी समर्थन में बदल दिया है। एनडीए का नारा 'सबसे पहले बहन-बेटी की सुरक्षा' अब भावनात्मक जुड़ाव बन चुका है। सर्वे बताते हैं कि ग्रामीण महिलाओं में 58% से अधिक नीतीश सरकार के प्रति सकारात्मक रुझान है।

### सामाजिक संतुलन, जातिगत प्रबंधन से बदला माहौल

एनडीए ने इस बार जातीय समीकरणों को बहुत सावधानी से साधा है। जदयू का अति पिछड़ा वोट बैंक, बीजेपी का सवर्ण और अति पिछड़ा वर्ग, चिराग पासवान की एलजेपी का दलित वोट और कुशवाहा की आरएलएम का ओबीसी समर्थन, ये सब मिलकर एक 'वोट ब्लॉक' बना चुके हैं। दूसरी ओर, महागठबंधन अभी तक यादव-मुस्लिम समीकरण से आगे नहीं निकल पाया है। एनडीए की 'सबका साथ-सबका विकास' लाइन जातीय सीमाओं को धुंधला कर रही है।

### केंद्र सरकार की योजनाओं की दिख रही जमीनी पकड़

एनडीए ने 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली, 1100 रुपये मासिक पेंशन, बेरोजगारी भत्ता और हर परिवार को आवास जैसी योजनाओं से सामाजिक आधार मजबूत किया है। पीएम-किसान, उज्ज्वला और एलपीजी सब्सिडी का सीधा लाभ ग्रामीण वोटरों तक पहुंचा है। खासकर 'महिला रोजगार योजना' और 'आवास सबके लिए' जैसी घोषणाओं ने युवाओं और महिलाओं के बीच सकारात्मक माहौल बनाया है। वोट वाइब सर्वे में 5.8% मतदाता इस बार योजनाओं से प्रभावित होकर एनडीए की ओर झुके हैं।

# बिहार में जोरदार तरीके से चल रहा डिजिटल प्रचार

## ■ सोशल मीडिया का जम कर हो रहा इस्तेमाल, रोज गढ़े जा रहे नये-नये नैरेटिव
## ■ एनडीए और महागठबंधन के साथ जन सुराज भी रेस में
## ■ जनता का मोबाइल स्क्रीन टाइम बढ़ा, देख रहे रील्स पर रील्स
## ■ एक्स, यूट्यूब, फेसबुक और व्हाट्सप्प का खूब हो रहा इस्तेमाल

**जैसे-जैसे 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, जनता की उत्सुकता बढ़ती जा रही है। न सिर्फ पटना के भीड़-भाड़ वाले बाजारों या गया के गांवों में, बल्कि सोशल मीडिया की चहल-पहल भरी, अस्त-व्यस्त दुनिया में भी चुनावी रंग साफ दिखाई पड़ रहा है। व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म ने बिहार के राजनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल दिया है। कहा जा सकता है कि बिहार चुनाव ने स्मार्टफोन को युद्ध के मैदान में बदल दिया है, जहां मतदाताओं की भावनाओं को आकार मिलता है, विवाद छिड़ते हैं और नेता बेचैन और युवा मतदाताओं से जुड़ते हैं। बिहार की 12 करोड़ की आबादी में से 60% से ज्यादा लोग 30 साल से कम उम्र के हैं। इसलिए सोशल मीडिया अब सिर्फ दिखावा नहीं रहा, यह मुख्य मंच बन गया है। उम्मीद जगाने वाले वायरल अभियानों से लेकर भ्रम फैलाने वाली गलत सूचनाओं तक, ये प्लेटफॉर्म बिहार के 243 निर्वाचन क्षेत्रों में अपने नेताओं के चुनाव के तरीके को नये सिरे से परिभाषित कर रहे हैं। इसलिए हर राजनीतिक दल और गठबंधन, चाहे वह एनडीए हो या महागठबंधन या फिर जन सुराज, सोशल मीडिया पर अपनी अधिक से अधिक उपस्थिति दर्ज करा रहा है। ऐसे में यह जानना बेहद दिलचस्प है कि 2025 के चुनावों में क्या है सोशल मीडिया की रोमांचक भूमिका और यह मतदाताओं की भावनाओं को कैसे प्रभावित करता है, विवादों को कैसे बढ़ाता है, नेताओं को युवाओं तक पहुंचने में कैसे सक्षम बनाता है और बिहार के जीवंत चुनावी विमर्श में वायरल अभियानों और गलत सूचनाओं के पेचीदा जाल से कैसे निपटता है। इन तमाम सवालों के जवाब दे रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**

बिहार में विधानसभा चुनाव की घोषणा तो अभी नहीं हुई है, लेकिन सोशल मीडिया पर प्रचार का युद्ध परवान चढ़ चुका है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के प्रमुख घटक दल भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड प्रचार में जुटे हैं। दूसरी तरफ विपक्ष के इंडिया गठबंधन, जिसे बिहार में महागठबंधन ही कहा जा रहा है, के प्रमुख घटक दल राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस भी प्रचार में जुट गये हैं। इन सबसे अलग प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज अपना आक्रामक प्रचार अभियान चला रही है। वह विभिन्न तथ्यों और तर्कों का इस्तेमाल करके दोनों गठबंधनों को निशाना बना रही है और प्रचार में सबसे आगे दिख रही है।

चुनाव आयोग अगले दो से तीन दिन में बिहार में विधानसभा चुनाव की घोषणा कर सकता है। इसके साथ विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। नवंबर में मतदान के बाद परिणाम आने की संभावना है। नवंबर के दूसरे पखवाड़े में बिहार में नयी सरकार गठित हो जायेगी। बिहार में यह विधानसभा चुनाव पिछले चुनावों से अलग है। इस चुनाव में जाति और धर्म की बात अधिक नहीं हो रही है, जैसे कि पिछले चुनावों में होती रही है। विकास, पलायन, शिक्षा, बेरोजगारी, वोट चोरी, गरीबी, स्वास्थ्य आदि बिहार में पहली बार किसी चुनाव में मुद्दा बन गये हैं। दोनों गठबंधनों के घटक दलों के अलावा जन सुराज पार्टी और बहुजन समाज पार्टी जैसे दलों के राज्य की सभी 243 सीटों पर उम्मीदवारी से यह चुनाव रोचक बनता जा रहा है।

### सबसे अधिक आक्रामकता एक्स पर

बिहार में पिछले चुनाव में प्रमुख प्रतिद्वंद्वी गठबंधनों के दलों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ था। इस बार यह मुकाबला और भी कड़ा होने की संभावना बनती जा रही है। विभिन्न राजनीतिक दलों का सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार जोर पकड़ चुका है। राजनीतिक दल एक्स सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का प्रचार के लिए उपयोग कर रहे हैं। पार्टियों के एक्स हैंडलों पर नजर डालें, तो प्रचार के अलग-अलग रंग नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया की ताजा पोस्टों में सत्ता पक्ष ने जहां अपनी उपलब्धियां गिनायी हैं, वहीं विपक्षी दलों ने एनडीए पर जोरदार हमले किये हैं।

### एनडीए सरकार की योजनाओं का जमकर प्रचार

बिहार भाजपा एनडीए सरकार की योजनाओं का जमकर प्रचार कर रही है। वह योजनाओं और विकास कार्यों को अपनी उपलब्धियां दिखाकर श्रेय ले रही है। इसके अलावा पीएम मोदी और नीतीश कुमार के वीडियो भी शेयर कर रही है। भाजपा ने एक पोस्ट में पीएम मोदी के भाषण के अंश शामिल किये हैं- ह्वआर्थिक तंगी अब नहीं रोक पायेगी सपनों की उड़ान! मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत मिल रहा है उच्च शिक्षा के लिए ब्याज-मुक्त ऋण, हर छात्र-छात्रा को मिल रहा है अपने सपनों को साकार करने का अवसर। अब हर प्रतिभा को मिलेगा पढ़ाई और प्रगति का समान अधिकार। बिहार के युवाओं के सुनहरे भविष्य की ओर एक और बड़ा कदमह्ल एक अन्य पोस्ट में लिखा गया है- ह्वपीएम मोदी जी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार के युवाओं के लिए कई योजनाओं का शुभारंभ किया। नयी ऊर्जा, नये अवसर, नया बिहार! आर्थिक तंगी अब नहीं रोकेगी सपनों की उड़ान! मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत ग्रेजुएट युवाओं को मिल रहा 1000 रुपये का मासिक सहारा, दे रही है आत्मनिर्भरता की राह और



आत्मविश्वास की नयी दिशा।

### जदयू की पोस्ट में योजनाओं का बखान

सत्ताधारी एनडीए के घटक जदयू के एक्स हैंडल से सरकार की लोकलुभावन घोषणाओं के फोटो, वीडियो शेयर किये गये हैं। इसके साथ फिर से एनडीए की सरकार बनाने का आह्वान किया गया है। नीतीश कुमार की एक्स प्रोफाइल पर सिर्फ आयोजनों के चित्र और योजनाओं से संबंधित जानकारियां हैं।

### राजद ने एनडीए सरकार को घेरा रहा

महागठबंधन का हिस्सा राष्ट्रीय जनता दल ने राज्य की एनडीए सरकार को निशाना बनाते हुए बिहार की बदहाल सड़कों के फोटो शेयर किये हैं। राजद ने लिखा है- भाजपा और नीतीश कुमार का कमीशनखोर ह्वविकासह्ल! पटना के मीठापुर फ्लाइओवर के नीचे की सड़क धंसी! बारिश की मार नहीं झेल पाया धृतराष्ट्र का कमीशनखोर विकास! हर सरकारी काम में कमीशन वसूली 20 साल के नीतीश कुमार के ह्वविकासह्ल की असल सच्चाई है! इसके साथ ही राजद ने तेजस्वी यादव के इंटरव्यू के क्लिप भी शेयर किये हैं। तेजस्वी यादव ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे किसी ग्रामीण इलाके की गलियों से गुजर कर एक कच्चे घर में पहुंचते हैं। उन्होंने इसके शीर्षक में लिखा है- ह्वमधुबनी में कार्यकर्ता के घर चूल्हे पर बना स्वादिष्ट खानाह्ल वे घर में पहुंचकर जमीन पर पड़े आसन पर बैठते हैं और वहां मिट्टी के चूल्हे पर भोजन पका रही महिला उन्हें थाली में खाना देती है। वे भोजन के चटखारे लेते हुए कहते हैं- ह्वजो देहात में बनता है, वह शहर में तो नहीं बनता। आजकल लोग बना भी नहीं पाते हैं। स्वाद अच्छा हैह्ल इससे पहले की एक पोस्ट में तेजस्वी यादव ने लिखा है- ह्वबीस साल की ये रावणरूपी अहंकार रखने वाली सरकार अब जाने वाली है। नयी रोशनी-नयी सरकार आने वाली है। अहंकार नहीं रोजगार, तेजस्वी सरकार मतलब जनता मालिक की सरकार।

### जन नायक और धन नायक

बिहार कांग्रेस ने नीतीश सरकार के खिलाफ आक्रामक प्रचार करते हुए हमले किये हैं। कांग्रेस ने राहुल गांधी को जन नायक बताया है और पीएम नरेंद्र मोदी को धन नायक बताया है। इसके साथ यह भी लिखा है, ह्वजिसका जैसा काम, उसका वैसा नाम। एक अन्य पोस्ट में शामिल वीडियो में भी लोगों के साथ सड़क पर मिलते-जुलते चल रहे राहुल गांधी को ह्वजन नायकह्ल लिखा गया है। बिहार में पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी नेता कपूर्री ठाकुर को ह्वजन नायकह्ल कहा जाता है। इसे लेकर शनिवार को पीएम मोदी ने राहुल गांधी को निशाना भी बनाया है।

### जन सुराज पार्टी भी पीछे नहीं

इस सबसे अलग प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज नीतीश सरकार पर जोरदार प्रहार कर रही है। पार्टी ने अपनी सबसे ताजा पोस्ट में संस्थापक प्रशांत किशोर का एक वीडियो शेयर किया है। इसका शीर्षक है ह्वइतिहास हमेशा अभिमन्यु को याद रखता हैह्ल इस शीर्षक से ही बिहार के चुनाव में प्रशांत किशोर की मौजूदगी की स्पष्ट व्याख्या हो रही है। एक अन्य वीडियो का शीर्षक है कि ह्वकिसी नौवीं फेल को बिहार की जनता सिर्फ इसलिए अपना नेता स्वीकार कर लेगी कि वो किसी का बेटा है? ये राजतंत्र थोड़े न है!ह्ल इससे साफ तौर पर स्पष्ट हो रहा है कि निशाने पर तेजस्वी यादव हैं। जन सुराज ने एक अन्य पोस्ट में पीएम मोदी के गुजरात में और बिहार में दिये गये भाषणों के क्लिप शामिल करते हुए उन पर प्रशांत किशोर की एक इंटरव्यू में की गयी टिप्पणी का वीडियो शामिल किया गया है। गुजरात के भाषणों में पीएम मोदी उद्योग, शिक्षा और रोजगार वगैरह में हुई गुजरात की उन्नति का जिक्र कर रहे हैं। बिहार में दिये गये भाषणों में वे जातियों का जिक्र करते हुए उन्हें अपना परिवार बता रहे हैं। वे मुफ्त राशन और ट्रेन शुरू होने से श्रमिक परिवारों को सुविधा मिलने का उल्लेख कर रहे हैं। इस पर प्रशांत किशोर ने इन दोनों राज्यों में पीएम मोदी के बयानों में भिन्नता का जिक्र करते हुए कहते हैं ह्वमोदी जी प्रधानमंत्री तो दोनों जगह के हैं, लेकिन वे गुजरात में विकास की बात कर रहे हैं और बिहार में वह या तो जाति की बात करते हैं या पांच किलो अनाज की बात करते हैं। क्या कभी सुना कि उन्होंने दिल्ली में बिहार की बाढ़ की स्थिति में सुधार के लिए विशेषज्ञों को बिठाया? ऐसी किसी बैठक की सूचना मुझे दिखा दीजिए, मैं मोदी जी को आज से नेता मान लूंगा। यह गलती प्रशांत किशोर और बिहार के लोगों की है जो चार किलो अनाज के लिए वोट दिये जा रहे हैं।

### बिहार में आगे और रंग दिखायेगा सोशल मीडिया प्रचार युद्ध

कुल मिलाकर बिहार चुनाव को लेकर यदि सोशल मीडिया पर चल रहे राजनीतिक दलों के प्रचार युद्ध की समीक्षा की जाये, तो जन सुराज पार्टी ही इनमें सबसे अव्वल है। वह पुराने वीडियो, पुराने वक्तव्य आदि का इस्तेमाल करते हुए अपने तर्क रख रही है और दोनों गठबंधनों की रीति-नीति के बारे में आम लोगों अवगत करा रही है। चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आयेंगे, यह प्रचार युद्ध और रंग दिखायेगा। अब सोशल मीडिया एक बहुत बड़ा और प्रभावी संचार माध्यम बन चुका है। मतदान तक इस पर प्रचार के विविध रंग देखने को मिलेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.6 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.33 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.42 बजे | |




# स्व. कैलाशपति मिश्र ने जनसंघ काल से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया : बाबूलाल

## ■ स्व. कैलाश जी का जीवन कार्यकर्ताओं के लिए पाथेय : आदित्य साहू

## ■ कुशल संगठनकर्ता रहे स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र : कर्मवीर सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पार्टी के वरिष्ठ नेता, कुशल संगठन कर्ता एवं पूर्व राज्यपाल स्व कैलाश पति मिश्र की जयंती रविवार को प्रदेश भाजपा द्वारा मनायी गयी। प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष एवम सांसद आदित्य साहू, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित पार्टी के नेताओं ने बिरसा चौक के समीप स्थित स्व कैलाश पति मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्हें भावभीनी श्रृद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि स्व कैलाश पति मिश्रजी विशाल व्यक्तित्व एवं कृतित्व के धनी थे। कहा कि जनसंघ काल से ही झारखंड के सघन जंगल क्षेत्र में पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाया। भाजपा का झारखंड में मजबूत जनाधार खड़ा करने, कार्यकर्ताओं को गढ़ने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। कहा कि उन्होंने संगठन कर्ता, राजनेता, मंत्री और राज्यपाल जैसे संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन भी कुशलता और ईमानदारी से किया। कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने स्व. कैलाशजी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि कैलाशजी का व्यक्तित्व और कृतित्व झारखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक पाथेय है। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण हजारों कार्यकर्ताओं के लिए अनुकरणीय है।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व. कैलाशजी एक कुशल संगठनकर्ता रहे। उन्होंने अभाव में भी पार्टी के कार्यों को, विचारों को धरातल पर उतारा। वे सच्चे कर्मयोगी थे।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में वरिष्ठ नेता सुबोध सिंह गुड्डू, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, महामंत्री बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में रांची महानगर के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# जैप एडीजी प्रिया दुबे ने महिला आरक्षियों को विरमित नहीं करने का दिया निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विभिन्न थानों में मुंशी का कार्य करने के लिए विभिन्न वाहिनियों से प्रतिनियुक्त महिला आरक्षियों को विरमित नहीं करने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में एडीजी प्रिया दुबे ने जैप, आइआरबी, एसआइआरबी के समादेष्टा को पत्र भेजा है। जारी पत्र में निर्देश दिया गया है कि जैप, आइआरबी और एसआइआरबी वाहिनियों से राज्य के विभिन्न थानों में मुंशी का कार्य लिये जाने प्रतिनियुक्ति महिला आरक्षियों को विरमित या समादेशित नहीं करेंगे। इस संबंध में डीआइजी कार्मिक को 29 सितंबर को भी पत्र भेजा जा चुका है। उल्लेखनीय है कि जैप, आइआरबी, एसआइआरबी की 212 महिला पुलिसकर्मियों का सभी जिलों में पदस्थापन को लेकर पुलिस मुख्यालय के आदेश पर जैप की एडीजी प्रिया दुबे ने की आपत्ति जतायी थी। इसके बाद 212 महिला मुंशियों का राज्य के थानों में मुंशी पद पर पदस्थापन का मामला अटक गया था।

एडीजी ने पुलिस मुख्यालय के आदेश को नियम विरुद्ध बताते हुए इसका विरोध किया था। उक्त आदेश को न सिर्फ रद्द करने की मांग की थी, बल्कि यह भी लिखा था कि इस आदेश का अनुपालन संभव नहीं है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** धन प्राप्ति के प्रयासों में सफलता मिलेगी,परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा।

**वृष** लोकप्रियता का विस्तार,धन लाभ,मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।

**मिथुन** व्यापार-व्यवसाय में सफलता, गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे। भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति।

**कर्क** सोचा हुआ काम पूरा होगा। आजीविका के क्षेत्र में रूकावट दूर होकर सफलता की ओर अग्रसर होंगे।

**सिंह** सक्रिय व्यक्तित्व का विकास, सामाजिक उलझनों का निवारण, रोजगार में अनुकूलता।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) झारखंड प्रदेश कमेटी का पुनर्गठन

# शिव उरांव को प्रदेश अध्यक्ष और पूनम सिंह को महिला प्रदेश अध्यक्ष बनाया

**राज्यमंत्री रामदास अठावले नवंबर में झारखंड प्रदेश का दौरा करेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) झारखंड प्रदेश में अपनी जमीन तैयार करने की कवायद में जुट गयी है। रविवार को राजधानी रांची में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव विजय प्रसाद गुप्ता ने बैठक कर पार्टी का पुनर्गठन किया। इसमें पार्टी ने शिव उरांव को प्रदेश अध्यक्ष और पूनम सिंह को महिला प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव विजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य झारखंड में अंतिम व्यक्ति तक उनका हक और न्याय पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आरपीआइ (अठावले) राजनीति करने की बजाय लोगों के समस्याओं का समाधान करने में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि झारखंड में खनिज और वन संपदा की भरमार है, लेकिन यहां के लोगों को उसका लाभ नहीं मिल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष शिव उरांव के नेतृत्व में जल्द नयी कमेटी का विस्तार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी सुप्रीमो भारत सरकार के केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले नवंबर में झारखंड प्रदेश का दौरा करेंगे।

वहीं प्रदेश अध्यक्ष शिव उरांव ने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेवारी दी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने जो संवैधानिक अधिकार दिया है, उसे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति आयोग की तरह ही अनुसूचित जाति आयोग का गठन करना होगा। शिव उरांव ने कहा कि पार्टी दलित, आदिवासी, पिछड़ी जाति और अगड़ी जाति के गरीब लोगों का सर्वांगीण विकास चाहती है। इस मौके पर अशोक कुमार गुप्ता, प्रदीप कुजूर, देवी दयाल मुंडा, सिकंदर उरांव, रुखसाना परवीन, रामप्रताप राम, त्रिपुरारी तिवारी, सुनील सिंह, राजेश उरांव, मंजूर अंसारी, पार्वती उरांव, शक्ति गुप्ता (मीडिया प्रभारी) सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्वर्णरेखा नदी में होगी गंगा आरती

**कार्तिक पूर्णिमा पर नागपुरी कलाकार प्रस्तुत करेंगे जागरण, बच्चों के लिए झूले-मेले का होगा आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** स्वर्णरेखा जीर्णोद्धार समिति के बैनर तले रविवार को कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर इक्कीसों महादेव मंदिर में बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष माखन पाठक ने किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए समाजसेवी दीपक पाठक ने बताया कि समिति की ओर से इस वर्ष निर्णय लिया गया है कि मेले के दिन बनारस की दर्ज पर पांच ब्राह्मणों के द्वारा गांगा आरती का आयोजन किया जयेएगा। साथ ही नागपुरी कलाकारों की एक टीम जागरण प्रस्तुत करेगी। मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले व मेले का आयोजन किया जायेगा। समिति के संरक्षक प्रशांत टोप्पो ने बताया कि समिति द्वारा श्रद्धालुओं के स्नान घर की भी व्यवस्था की जायेगी, ताकि उन्हें कोई असुविधा ना हो।

**बैठक में यह रहे मौजूद :** स्वर्णरेखा जीर्णोद्धार समिति की ओर से आयोजित बैठक में सुनील साहू, विजय महतो, अध्यक्ष माखन पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशि कुमार महतो, आयुष महतो, मिट्ठू साहू, चंदन प्रताप ठाकुर, सुबोध सिंह, रंजीत राम, संतोष राणा, नीतीश सिंह, उपाध्यक्ष शिवम सिंह, शैकी सिंह, आयुष कुमार, रोहित कुमार, शुभम गिरी, महासचिव विक्रम साहू, निखिल साहू, राजन साहू, तुषार सिंह, राहुल राम, महामंत्री शिवम वर्मा, अमित केशरी, अनूप मेहता, कुनाल भोक्ता, सचिव राहुल साहू, राहुल कुमार, हिमांशु कुमार, शिवाजीत कुमार, राहुल कुमार ज्ञानदीप कुमार, सोनू साहू, करण साहू, मोहन कुमार, विक्की यादव आदि उपस्थित थे।

**आज भी नागवंशी समाज से जुड़े लोग इस मंदिर में आकर पूजा-अर्चना करते है : माखन पाठक**

समिति के अध्यक्ष माखन पाठक ने बताया कि स्वर्णरेखा नदी इक्कीसो महादेव मंदिर के तट पर प्राचीनकाल से कार्तिक पूर्णिमा का त्योहार मनाया जा रहा है। यहां वर्षो से श्रद्धालु नदी में स्नान-ध्यान कर भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर मन्नत मांगते है। यह वह प्रचीन भोलेनाथ की मंदिर है, जहां नागवंशी राजाओं की आस्था जुड़ी हुई थी। आज भी नागवंशी समाज से जुड़े लोग इस मंदिर में आकर पूजा-अर्चना करते है। यहां एक साथ 21 शिवलिंग है, जो काफी ऐतिहासिक है। यहां मांगी मन्नत भोलेनाथ पूरी करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन पूजा-पाठ करना के विशेष महत्व होता है। साथ ही इस दिन दान-पूर्ण से मन को शांति प्राप्त होती है।

# रांची विश्वविद्यालय में डिग्री निष्पादन का काम जोर-शोर से जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा 19 साल बाद विश्वविद्यालय शिक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 6 अक्टूबर 2025 है। आवेदन के दौरान यूजी और पीजी डिग्रियां लगाना जरूरी है। लेकिन रांची विश्वविद्यालय में डिग्रियों के लंबित बैकलॉग की वजह से अभ्यर्थियों को परेशानी हो रही थी।

रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने रविवार को भी काम जारी रखा। डिग्री लेने के लिए छात्र सुबह से ही लंबी कतार में खड़े रहे। इनमें जेपीएससी, झारखंड टेट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के उम्मीदवार शामिल थे।

दुर्गा पूजा की छुट्टियों में भी विश्वविद्यालय के कर्मचारी लगातार डिग्री बनाने में लगे रहे। अब तक करीब 7300 डिग्रियां तैयार हो चुकी हैं। प्रशासन ने बताया कि छात्रों के भविष्य को देखते हुए उन्होंने यह काम प्राथमिकता से पूरा किया।

विश्वविद्यालय परिसर में रविवार को भारी भीड़ देखने को मिली। कई छात्र सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा और खूंटी से आए थे। कुछ छात्रों ने कहा कि उन्हें कई महीने से डिग्री का इंतजार था, अब मिलने पर उन्होंने राहत महसूस की। कुछ छात्रों ने विश्वविद्यालय की प्रक्रिया पर सवाल भी उठाए। उनका कहना था कि कॉलेज से डिग्री शुल्क लेने के बावजूद डिग्री मिलने में बहुत देरी होती है, जिससे उन्हें बार-बार विश्वविद्यालय आना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था में सुधार होना चाहिए।

रांची विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि जिन छात्रों की डिग्रियां अभी तक नहीं बनी हैं, उनकी डिग्री जल्द से जल्द जारी करने के लिए विशेष टीम काम कर रही है। यह टीम पुराने रिकॉर्ड को डिजिटल तरीके से जांच रही है।

डिग्री जारी करने में देरी का मुख्य कारण 2018 से 2022 के बीच पास हुए छात्रों के डेटा का सही-सही मिलना है। कई कॉलेजों से अभी भी पूरी जानकारी नहीं आई है।

छात्र संगठन एनएसयूआई और एबीवीपी ने विश्वविद्यालय के इस प्रयास की तारीफ की और कहा कि ऐसी तत्परता भविष्य में भी बनी रहनी चाहिए, ताकि छात्रों को आखिरी समय में परेशानी न हो। कुल मिलाकर, रांची विश्वविद्यालय डिग्रियों के वितरण में तेजी ला रहा है और उम्मीद है कि अगले दो दिनों में अधिकांश लंबित डिग्रियां जारी कर दी जाएंगी। इससे हजारों छात्रों को अपने करियर की तैयारी में मदद मिलेगी।

## ओबीसी समाज की वृहद बैठक आयोजित

# ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर राज्यव्यापी आंदोलन का निर्णय



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में ओबीसी आरक्षण की अनदेखी के खिलाफ रविवार को रांची में ओबीसी समाज की एक बृहद बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में राज्य के 24 जिलों से ओबीसी के विभिन्न जातियों के सैकड़ों बुद्धिजीवी, समाजसेवी और प्रतिनिधि शामिल हुए। वक्ताओं ने राज्य सरकार द्वारा ओबीसी आरक्षण की उपेक्षा और सात जिलों में शून्य आरक्षण लागू किये जाने पर गहरा आक्रोश जताया। बैठक में कहा गया कि यह नीति सामाजिक न्याय और समानता की भावना के खिलाफ है, जिसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर अब राज्यव्यापी आंदोलन शुरू किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता शत्रुघ्न साहू ने की और संचालन संजय साव ने किया। इस अवसर पर धनबाद के सांसद ढुलू महतो, पांकी के विधायक शशि भूषण मेहता और पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सांसद ढुलू महतो ने कहा कि ओबीसी समाज को उसका हक और अधिकार हर हाल में मिलकर रहेगा। वर्षों से उपेक्षित समाज अब जाग चुका है। अगर सरकार ने जल्द ही ओबीसी आरक्षण लागू नहीं किया तो हम सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेंगे। विधायक शशि भूषण मेहता ने कहा कि राज्य में ओबीसी आरक्षण की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जायेगी। झारखंड में 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग अब जनआंदोलन का रूप ले चुकी है। वहीं पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता ने कहा कि ओबीसी समाज एकजुट है। जब-जब अधिकारों पर हमला होगा, तब-तब संघर्ष तेज किया जायेगा। सरकार को चेतावनी दी जाती है कि वह जल्द आरक्षण पर ठोस कदम उठाये, अन्यथा जनसैलाब सड़कों पर उतर आयेगा। बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि आने वाले दिनों में रांची से लेकर सभी प्रखंड और गांव स्तर तक ओबीसी समाज अपने अधिकार की लड़ाई को लेकर जन-जागरण अभियान चलायेगा। बैठक में राज्य के विभिन्न समुदायों, कुशवाहा, तेली, गोप, केशरी, चंद्रवंशी, बनिया, सुंडी, कुम्हार, अघोरी, अमाअत, बागड़ी, बखो (मुस्लिम), बनपार, बराई, बरहाई (विश्वकर्मा), बारी, बेलदार, राणा समुदाय के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक के अंत में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि अब समय आ गया है जब ओबीसी समाज अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए निर्णायक संघर्ष करेगा और सरकार को सामाजिक न्याय की नीति पर अमल करने के लिए मजबूर करेगा।

## श्रीगुरु रामदासजी के प्रकाश पर्व पर सजा विशेष दीवान

# मेरे सतगुरा मैं तुझ बिन अवर ना कोए ...

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गुरुद्वारा श्रीगुरु नानक सत्संग सभा में रविवार को चौथे गुरु श्रीगुरु रामदास जी का प्रकाश पर्व मनाया गया। मौके पर सुबह आठ बजे से विशेष दीवान सजाया गया। हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह ने आसा दी वार कीर्तन से शुरुआत की। मेरे सतगुरा मैं तुझ बिन अवर ना कोए ... और सो सतगुरु प्यारा मेरे नाल है ... जैसे शबद गायन कर संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनके बाद गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंद्र सिंह ने कथा वाचन कर श्रीगुरु रामदास जी की महिमा का गुणगान किया। इनके बाद खास तौर से रांची आये कीर्तनी जत्था भाई जसपाल सिंह दिल्ली वाले ने सुबह सवा नौ बजे से कीर्तन गायन कर भक्ति रस की अविरल धारा बहायी। मेरी प्रीत गोविंद सिंह जिन घटै ... और जिन सिरीआ तिनै सवारेआ धन धन राम दास गुरु... शबद कीर्तन की मधुर स्वरलहरियां कानो में मिश्री धोलती रही। उपस्थित संगत निहाल हो भक्ति के भव सागर में गोता लगाते रहे। मैं चारे कुंडा पालिया तुध जे वड ना साइया .... जैसे कई शबद गायन कर भाई जसपाल सिंह ने साध संगत को निहाल किया। श्रीअनंद साहिब जी के पाठ, अरदास और हुकुम नामा के साथ दीवान की समाप्ति हुई। सभी के बीच कढ़ाह प्रसाद बांटा गया। फिर गुरु का अटूट लंगर चला। पंगत में बैठकर सब ने गुरु का लंगर छका। इस दौरान सत्संग सभा के द्वारकादास मुंजाल और लेखराज अरोड़ा ने भाई जसपाल सिंह को साथियों के साथ गुरु घर का सरोपा ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंच संचालन नवीन मिढा कर रहे थे।

**दर्ज करायी उपस्थिति :** नरेश पपनेजा, हरगोविंद सिंह, सुंदर दास मिढ़ा, लेखराज अरोड़ा, केशव दास मक्कड़, मोहन काठपाल, मोहन लाल अरोड़ा, जीवन मिढ़ा, लक्ष्मण सरदाना, लक्ष्मण दास मिढ़ा, वेद प्रकाश मिढ़ा, सूरज झंडई, करण अरोड़ा, भरत गाबा, अशोक मुंजाल,जीतू अरोड़ा, नवीन मिढ़ा, पवनजीत सिंह खत्री, सुभाष मिढ़ा,रमेश गिरधर, उमेश मुंजाल, कवलजीत मिढ़ा, पंकज मिढ़ा, राकेश गिरधर, बसंत काठपाल, गुलशन मुंजाल, जसवंत चूचरा, अमन डावरा आदि ने सजे दीवान में मत्था टेक खास तौर से उपस्थिति दर्ज करायी।

**आज का अमृतसर, पूर्व का रामदासपुर था**

हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंद्र सिंह ने कथा वाचन करते हुए बताया कि 1577 में गुरु रामदास जी ने नए शहर रामदासपुर की स्थापना की, जिसका नाम बाद में अमृतसर हुआ। उन्होंने यहां एक अमृत सरोवर का निर्माण भी शुरू करवाया, जो सिखों का प्रमुख तीर्थस्थल बना। गुरु रामदास जी ने सिख विवाह की एक नई और सरल विधि 'आनंद कारज' का भी निर्माण किया, जिसमें 'चार लावों' (फेरे) शामिल हैं। गुरु रामदास जी ने सिख गुरुद्वारों के निर्माण और अन्य गतिविधियों के लिए संगत से राजस्व एकत्र करने के लिए 'मसंद प्रणाली' की भी शुरुआत की थी।

## गुरु गोविंद सिंह पार्क हुआ अतिक्रमण मुक्त



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह के नारों के बीच रविवार को गुरु गोविंद सिंह पार्क में प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया। शहर के बीचो-बीच स्थित इस ऐतिहासिक पार्क में पिछले कुछ दिनों से अवैध गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। जानकारी के अनुसार, यह पार्क पौधरोपण और देखरेख के लिए सौंपा गया था, लेकिन हाल में पार्क परिसर में गैरकानूनी गतिविधियों की सूचना प्रशासन को मिली थी। प्रशासन ने संबंधित व्यक्ति को 10 दिन पहले नोटिस जारी कर पार्क खाली करने का निर्देश दिया था। रविवार दोपहर 1 बजे तक की समयसीमा तय की गयी थी, लेकिन मौके पर पाया गया कि पार्क का ताला अंदर से बंद कर दिया गया था। इसके बाद प्रशासनिक दल ने पुलिस की सहायता से कार्रवाई शुरू की। मौके पर पुलिस बल, नगर प्रशासन और समाजसेवियों की टीम मौजूद रही। जांच के क्रम में पार्क को पूरी तरह खाली कराया गया और वहां की स्थिति का जायजा लिया गया, उसके बाद प्रशासन ने अपना ताला में गेट पर जड़ दिया, कहा कि कल दोनों पक्ष को बुलाकर मध्यस्थ कराई जायेगी। सिख समाज के अध्यक्ष ने कहा ..हमारा उद्देश्य गुरु गोविंद सिंह पार्क को किसी निजी नियंत्रण से मुक्त कराकर समाज की भलाई के लिए विकसित करना है। यहां किसी भी व्यक्ति का व्यक्तिगत स्वामित्व नहीं है। यह स्थान सभी समुदायों के लिए खुला और सुरक्षित रहेगा। प्रशासन ने भी स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में इस पार्क को पुन: समाज को समर्पित किया जायेगा, यहां साफ-सफाई, हरियाली और सार्वजनिक उपयोग की व्यवस्था को प्राथमिकता दी जायेगी।

## पुलिस ने एक अपराधी को किया गिरफ्तार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** एसपी अनुदिप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आलोक में कोडरमा थाना की पुलिस ने छापेमारी कर एक अपराधी रंजीत यादव, पिता- प्रयाग यादव को उसके अपने घर चाराडीह से धर दबोचा है। इस कार्रवाई के लिए एसपी ने पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त रंजित यादव को उनके चाराडीह स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपने अपराध को स्वीकार किया है। कोडरमा पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई कर रही है। छापेमारी दल में पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी कोडरमा थाना, पुलिस अवर निरीक्षक दाउद बाडा समेत सशस्त्र बल शामिल थे।

## हजारीबाग कांग्रेस को मिला नया नेतृत्व, जय प्रकाश भाई पटेल बने जिलाध्यक्ष, कांग्रेसियों में हर्ष



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी ने हजारीबाग जिला इकाई में नया संगठनात्मक बदलाव किया है। पार्टी ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व मंत्री रहे जय प्रकाश भाई पटेल को हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा शनिवार को की गई थी। जय प्रकाश भाई पटेल गत लोकसभा चुनाव समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े हैं और जिले के विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे संगठन के निचले स्तर से जुड़कर कार्यकर्ताओं के बीच मजबूत पकड़ रखने वाले नेता माने जाते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हजारीबाग में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और दिशा देने के लिए जय प्रकाश भाई पटेल उपयुक्त व्यक्ति हैं। उनके नेतृत्व में पार्टी को मजबूती मिलेगी और जनता से सीधा संवाद स्थापित होगा। नये जिलाध्यक्ष बनने के बाद जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि वे कांग्रेस आलाकमान के विश्वास पर खरे उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, मेरा लक्ष्य संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करना और आम जनता की आवाज को उठाना होगा। कांग्रेस विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। हजारीबाग जिले के विभिन्न प्रखंडों के कार्यकर्ताओं ने उनकी नियुक्ति पर खुशी जतायी है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जेपी भाई पटेल के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा मिलेगी और पार्टी को आने वाले चुनावों में मजबूती से खड़ा किया जायेगा। इस निर्णय के बाद हजारीबाग जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष।

## प्रखंड में नीलगाय का झुंड कर रहा फसलों को बर्बाद



**दारु/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हांथियों के झुंड के आतंक से त्रस्त प्रखंड के ग्रामीण और किसानों के समक्ष एक नयी समस्या उत्पन्न हो गयी है। प्रखंड मे चार पांच नीलगाय का झुंड फसलों को बर्बाद कर रहा है। शनिवार की रात्रि को कबलासी पंचायत की मुखिया रीना देवी की। ग्राम ऊंचाबेडा स्तिथ एक एकड़ में लगी फसलों को नीलगाय के झुंड ने तहस नहस कर पुरी तरह बर्बाद कर दिया। नीलगाय के द्वारा लगभग 50 हजार कीमत कि फसल बर्बाद कर दिया। मुखिया की जमीन पर बोदी, करेली, कद्दू, मिर्च, बिन आदि कि फसल लगी थी जो कि बर्बाद हो गयी। ग्रामीणों को डर है कि रविवार कि रात्रि को फिर से नीलगाय का झुंड आकर फसलों को बर्बाद कर सकते है।

## बरकट्ठा में भव्य पथ संचलन का आयोजन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर बरकट्ठा में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम ग्राम बरवां अडवार मैदान में पूर्ण गणवेश में शाखा लगाकर संघ के जिला प्रमुख सुबोध पांडेय ने बौद्धिक दिया। जिसमें संघ की स्थापना से लेकर उद्देश्यों की चर्चा की गयी। स्वयंसेवक जयप्रकाश मोदी ने संघ की स्थापना पर अपना वृत प्रस्तुत किया। इसके पश्चात भगवा ध्वज के साथ पथ संचलन का शुभारंभ किया गया। पथ संचलन की शुरुआत ग्राम बरवां से लेकर बरकट्ठा जीटी रोड़ से होते हुए डाकडीह, बाजार टांड़ होते हुए पुन: बरवां मैदान में संचलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने भी स्वयंसेवकों के साथ कदम से कदम मिलाते हुए संगठन की समरसता और एकता का संदेश दिया। विधायक ने कहा कि पथ संचलन ने बरकट्ठा की सड़कों पर अनुशासन, एकता और समरसता का अद्भुत संदेश दिया है। कार्यक्रम में खंड कार्यवाह संतोष दास, खंड सह व्यवस्था प्रमुख अजय आर्य, पर्यावरण प्रमुख रामचन्द्र प्रसाद, जिला बाल कार्य प्रमुख चंद्रिका, प्रकाश चौधरी, खंड सेवा प्रमुख अभय कुमार, खण्ड प्रचार प्रमुख केदार, बरकट्ठा खंड पालक चंदन कुमार, रामचंद्र चौधरी, रीतलाल प्रसाद, यमुना प्रसाद, गोपी प्रसाद, छोटी प्रसाद, भुजन प्रसाद, सुनील कुमार, सत्यम भारती, धीरज गुप्ता, भुनेश्वर मोदी, रामप्रसाद यादव, मुकेश पांडेय, भागीरथ प्रसाद, शिवलाल यादव, मिथलेश भारती, राजकुमार गिरी, मंटू पांडेय, चंदन कुमार, केदार रजक समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# बारिश ने आलू की फसल को किया बर्बाद, आर्थिक संकट में किसान

**किसानों की मेहनत पर फिरा पानी, सरकार से मुआवजे की मांग**

दीपक सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आफत की बारिश ने आलू फसल को बर्बाद कर दिया है, ऐसा कहें कि बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। पहले ही बारिश ने धनिया और दूसरे सब्जियों को बर्बाद कर दिया था, अब खेत में लगाये गये आलू भी बर्बाद हो रहे। आलू उत्पादन के लिए प्रसिद्ध इचाक प्रखंड का इलाका इस बार किसानों के साथ दगा कर दिया है। खेत में लगाये गये आलू अधिक बारिश के कारण खेत में ही सड़ रहे हैं। यहां किसान कर्ज लेकर अगस्त - सितंबर में आलू लगाते हैं जो अक्टूबर के लास्ट और नवंबर में कोड़ बाजार में बेचते हैं। लेकिन गत दिन से हुई आफत की बारिश ने किसानों के मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में लगाये गये आलू सड़ गये और जो बीज किसान घरों में सुरक्षित रखे थे वे भी अंकुरित होकर बेकार हो गये। किसान अब सड़ा हुआ आलू सड़क किनारे फेंकने को मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि इस बार उन्होंने कर्ज लेकर 2500 रुपये प्रति क्विंटल की दर से आलू का बीज खरीदा था, इसके अलावा खेत की जुतायी और मजदूरी में काफी खर्च आया था लेकिन अब सब बर्बाद हो गया। लगातार हुई बारिश से खेतों में पानी भर गया और फसल खराब हो गयी। खेत में जो आलू बचा था उसमें कीड़ा लग गया। नतीजतन अब किसान कर्ज तले दब जायेंगे। इचाक प्रखंड के बरका खुर्द, बरका कला, काला द्वार, रतनपुर, फूफंदी, मड़प्पा, सायल कला, सायल खुर्द, दरिया, जोगड़ीह, जगड़ा, डोय, पोखरिया, डाढा, मनाई, लोहंडी, अलौंजा, भुसाई, चंदवारा समेत अन्य दर्जनों गांवों के किसानों ने आलू का बीज कानपुर से लाकर रोपने का काम किया था, जो अब बेकार हो गया। फफूंदी गांव निवासी किसान अनिल मेहता ने बताया कि लगभग 80 पैकेट आलू का बीज खेतों में लगाया था। मगर भारी बारिश ने सब बर्बाद कर दिया। व्यापारियों की उधारी अब कैसे चुकाई जायेगी, यही चिंता है। उन्होंने बताया कि हमने उम्मीद से आलू लगाया था, लेकिन सब चौपट हो गया। मेहनत और लागत दोनों डूब गये। वहीं किसान लक्ष्मण मेहता ने बताया दुखी स्वर में कहा कि बच्चों की पढ़ाई और घर खर्च के लिए जो भरोसा आलू की खेती पर किया था, वह पूरी तरह टूट चुका है। अब हमें समझ नहीं आ रहा कि आने वाले दिनों में गुजारा कैसे होगा।

किसान उमेश मेहता ने कहा कि लाखों-करोड़ों रुपये की लागत से बीज और खाद खरीदे गये थे। मजदूरी और ट्रैक्टर का खर्च अलग। लेकिन खेतों में कुछ नहीं बचा। आलू की खेती इस बार घाटे का सौदा साबित हुई। किसान कपिल मेहता, ईश्वर मेहता, रामचंद्र मेहता, समेत कई अन्य किसानों ने भी अपना दुख सुनते हुए सरकार से मुआवजा की मांग की है। समाजसेवी ओमप्रकाश मेहता ने कहा कि अतिवृष्टि के कारण आलू की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गया है। इस बार के मौसम ने लगातार बारिश एवं अतिवृष्टि के कारण किसानों के उम्मीद पर पूरी तरह से पानी फेर दिया है। किसानों की कमर टूट चुकी है। किसान काफी चिंतित एवं मर्माहत है। श्री मेहता ने कहा कि सर्वे करवाकर नष्ट हुए किसानों के फसल का उचित मुआवजा देने की मांग की है। समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने भी सरकार और जिला प्रशासन से किसानों को हुई आर्थिक क्षति की भरपाई की मांग की है। कहा कि सरकार जल्द सर्वे करा कर किसानों को मुआवजा दें ताकि किसान फिर खेती कर सकें। जिला कृषि पदाधिकारी उमेश तिर्की ने कहा कि विभाग की ओर से टीम बनाकर गांवों का दौरा किया जायेगा। फसल क्षति का आकलन किया जा रहा है। रिपोर्ट सरकार को भेजी जायेगी।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा की हजारीबाग नगर कमेटी की बैठक संपन्न

# नगर निगम चुनाव में सभी पदों पर उम्मीदवार उतारेगा झामुमो

**नगर निगम चुनाव में सभी पदों पर चुनाव लड़ेंगी झामुमो : विकास राणा**

**पार्टी की नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचायें : नईम राही**

**सभी वार्डों में वार्ड कमेटी का पुनर्गठन होगा : दीपक रॉय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने नगर निगम चुनाव को लेकर अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है। पार्टी मेयर, डिप्टी मेयर से लेकर सभी वार्ड में उम्मीदवार उतारकर मजबूती से चुनाव लड़ेगी। रविवार को स्थानीय परिसदन भवन में नगर कमेटी की बैठक आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष नवीन प्रकाश ने की और संचालन नगर सचिव निसार अहमद ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य विकास राणा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव पार्टी संगठन की मजबूती का बड़ा अवसर है, इसलिए सभी पदों पर उम्मीदवार खड़े किये जायेंगे। कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरने को कहा गया। विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष नईम राही ने कहा कि पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। वहीं जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार रॉय ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सभी वाडों में वार्ड कमेटियों का पुनर्गठन किया जायेगा। नगर अध्यक्ष नवीन प्रकाश ने कहा कि हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में व्याप्त जन समस्याओं का समाधान झामुमो की प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि नगर व वार्ड कमेटियों को सक्रिय कर जनता की समस्याओं को उठाया जायेगा। बैठक में संगठन की मजबूती, जनसंपर्क अभियान और आगामी चुनाव को लेकर रणनीति पर विचार किया गया। मौके पर आनंद सिंह, राजीव वर्मा, मोहम्मद कमाल कुरैशी, मोहम्मद अब्दुल्ला खान, रंजीत मेहता, सतेन्द्र मेहता, कैशर जमाल, राजदेव यादव, हसीब खान, श्वेता दूबे, सक्षम जैन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकम का समापन धन्यवाद ज्ञापन नगर कमेटी के मीडिया प्रभारी कैशर जमाल ने किया।

### — कोडरमा की सड़कों पर उतरी जागरूकता —

# वॉकथॉन में स्वच्छता और स्वास्थ्य का दिया संदेश



आजाद सिपाही संवाददात

**कोडरमा।** पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य संतुलन को लेकर रविवार को कोडरमा की सड़कों पर अद्भुत नजारा देखने को मिला। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच और प्रेरणा शाखा के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रव्यापी वॉकथॉन कार्यक्रम में आम से खास लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर हर वर्ग के लोगों ने कदम से कदम मिलाकर चलने के साथ स्वच्छ और सुंदर तिलैया बनाने का संकल्प लिया। 'एक मंच, एक लक्ष्य - सशक्त युवा, सशक्त राष्ट्र के संदेश के साथ आयोजित इस वॉकथॉन में स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, सफाई मित्रों, पुलिस प्रशासन, व्यवसायियों और हजारो नागरिकों ने भागीदारी निभाई। सुभाष चौक से कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, व्यवस प्रदीप छाबड़ा, सुशील छाबड़ा, सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार व रणधीर कुमार ने बैलून उड़ाकर की।

**जागरूकता का अनोखा संदेश :** कार्यक्रम की शुरूआत में बच्चों ने स्केटिंग कर लोगों का उत्साह बढ़ाया। सफाई मित्र छह अलग-अलग डस्टबिन लेकर चल रहे थे, जिसमें गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा, इलेक्ट्रॉनिक व मेडिकल कचरा तथा प्लास्टिक कचरा अलग-अलग एकत्रित करने का संदेश दिया गया। पूरे मार्च के दौरान केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और नवीन जैन पांड्या ?द्वारा तैयार ऑडियो संदेश गूंजते रहे, जो लोगों को स्वस्थ और स्वच्छ जीवन के लिए प्रेरित कर रहे थे। यात्रा मार्ग में जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने सड़कों पर झाड़ू लगाकर सफाई अभियान चलाया।

**मंच की भूमिका और संकल्प :** मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष राहुल जैन ने नगर परिषद को सहयोग करने और झुमरी तिलैया को स्वच्छता रैंकिंग में प्रथम स्थान दिलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी वार्डों में वार्ड कमेटियों का गठन कर इसे एक मिशन के रूप में चलाया जायेगा। मंच की प्रेरणा शाखा की सचिव आकृति चौधरी, श्रेया केडिया और अंकित केडिया ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में पैदल चलने की आदत को अपनाना जरूरी है, जिससे स्वास्थ्य भी संतुलित रहेगा और पर्यावरण भी सुरक्षित होगा।

**संगठनों की बड़ी भागीदारी :** इस वॉकथॉन में रोटरी क्लब, इनरव्हील क्लब, चैंबर ऑफ कॉमर्स, गौशाला समिति, कुश्ती संघ, कबड्डी संघ, योग संघ, रेड क्रॉस सोसायटी, जैन समाज, अग्रवाल महिला समाज, माहेश्वरी, ब्राह्मण, माहूरी, मारवाड़ी, मिथिलांचल समाज, बैंक अधिकारी, जिमखाना क्लब, लायंस क्लब समेत बड़ी संख्या में समाजसेवी व राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। लोगों ने यह संकल्प लिया कि तिलैया को स्वच्छ और सुंदर बनाने में हर नागरिक सक्रिय भागीदारी निभाएगा और ग्रीन तिलैया-क्लीन तिलैया का सपना जल्द साकार होगा।

### नेताओं ने रखे अपने विचार

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि स्वच्छता एक दिन का अभियान नहीं है, बल्कि इसे जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों, स्कूलों और कार्यालयों में अक्सर गंदगी दिखाई देती है, जबकि निजी संस्थानों में लोग सफाई को लेकर सतर्क रहते हैं। हमें मानसिकता बदलनी होगी और सरकारी संस्थानों को भी उतना ही स्वच्छ रखना होगा। उन्होंने हर मोहल्ले में नागरिक समिति बनाने और बेहतर सफाई करने वाली समितियों को मारवाड़ी युवा मंच द्वारा सम्मानित करने का सुझाव दिया।

विधायक डॉ. नीरा यादव ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि घर से गली और मोहल्ले तक सफाई बनाए रखने के लिए जुमार्ना व्यवस्था लागू करनी होगी। उन्होंने लोगों से प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने और जूट की थैली इस्तेमाल करने की अपील की। जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि स्वच्छता में ही भगवान का वास है। आने वाले पर्व दीपावली और छठ भी स्वच्छता का संदेश देते हैं, इसलिए यह अभियान लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा।

सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार ने कहा कि अगले 15 दिनों में सभी वार्डों में डोर टू डोर कचरा उठाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

## सीसीटीवी कैमरा लगने से सुरक्षित महसूस कर रहे हैं हजारीबाग के लोग



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती देने में ऑरेंज मीडिया इन्फो प्राइवेट लिमिटेड ने एक नयी मिसाल कायम की है। जब अन्य कंपनियों के कैमरे बंद पड़े हैं, वहीं ऑरेंज कंपनी के सभी कैमरे लगातार 24 घंटे काम कर रहे हैं। हजारीबाग ज़िले के मुख्य चौक-चौराहों, बाजार इलाकों और प्रमुख प्रशासनिक परिसरों में ऑरेंज मीडिया इन्फो प्राइवेट लिमिटेड के लगभग 60 से 70 सीसीटीवी कैमरे लगातार चालू हैं। कंपनी के अनुसार, यह पूरा सिस्टम स्वयं के खर्च पर और आत्मनिर्भर मॉडल के तहत चलाया जा रहा है। किसी भी सरकारी सहायता या अनुदान के बिना — कंपनी अपने तकनीकी स्टाफ के जरिये दिन-रात कैमरों की निगरानी और मेंटेनेंस करती है। तीन से चार प्रशिक्षित कर्मचारी लगातार फील्ड में रहते हैं, जो कैमरों की मरम्मत, बैटरी और सोलर पैनल की जांच करते हैं ताकि निगरानी प्रणाली में कोई बाधा न आये। टीम लगातार मैदान में रहती है। कैमरों की लाइव फीड 24 घंटे मॉनिटर की जाती है। बिजली कटने पर भी ये कैमरे सोलर सपोर्ट से चलते रहते हैं — ताकि किसी भी आपराधिक या असामाजिक गतिविधि पर तुरंत नजर रखी जा सके। प्रशासन ने ऑरेंज मीडिया इन्फो प्राइवेट लिमिटेड के इस मॉडल को बेहद सराहा है। कंपनी की कार्यशैली और तकनीकी दक्षता को देखते हुए इसे अब अन्य ज़िलों में भी सीसीटीवी नेटवर्क स्थापित करने का अवसर दिया जा रहा है। जनहित में शुरू हुई यह पहल न केवल हजारीबाग की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ कर रही है, बल्कि एक ऐसा मॉडल प्रस्तुत कर रही है जिसे झारखंड के अन्य जिलों में भी लागू किया जा सकता है।

## चंदौल में काली पूजा मनाने को लेकर कमेटी का किया गया गठन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदौल में काली पूजा मनाने हेतु काली मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की शिबू महतो के अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से पुराने साल का आय व्यय लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया और नये समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष अवधेश सिंह, सचिव सूरज दास और कोषाध्यक्ष शिबू महतो को चुना गया। वही संरक्षक अशेश्वर राम, सनित महतो, विनोद यादव, सुरेश चौधरी, रामचंद्र गंझू, दिनेश्वर पासवान, काशी रजवार, महेंद्र यादव, तारकेश्वर दास, लालदेव महतो, होरिल महतो, कृष्ण यादव, सुरेश राणा, नरेश रजवार को बनाया गया। मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष अवधेश सिंह ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी काली पूजा पूरे धूम धाम से मनाया जायेगा। इसके साथ-साथ काली पूजा के दूसरे दिन बच्चे बच्चियों का क्विज प्रतियोगिता और डांस प्रतियोगिता आयोजित किया जायेगा और तीसरे दिन मेला के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप राहुल पासवान, रंजन पांडेय, खेमानी महतो, तुलसी महतो, लालू कुमार यादव, पप्पू प्रसाद, अजय रजवार, टेकलाल महतो, देशराज, सूचित कुमार दास, मेघलाल महतो, प्रदीप महतो आदि शामिल थे।

## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह ने शुरू किया मदर एंड चाइल्ड हेल्थ केयर इनिशिएटिव कार्यक्रम




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने अपने प्रमुख कार्यक्रम अह्वान के अंतर्गत मदर एंड चाइल्ड हेल्थ केयर इनिशिएटिव की शुरुआत की है। यह पहल श्रीनिवास हॉस्पिटल, हजारीबाग के सहयोग से आरंभ की गयी है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य परियोजना प्रभावित परिवारों की महिलाएं और आस-पास के ग्रामीण महिलाओं के लिए गर्भावस्था पूर्व देखभाल और उपचार उपलब्ध कराना और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना है ताकि मातृ और शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ किया जा सके। यह पहल भारत सरकार की स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम की एक उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में सोनबरसा गांव की निवासी इस पहल की पहली लाभार्थी बनीं। उन्हें उच्च जोखिम गर्भावस्था के दौरान आवश्यक चिकित्सकीय सहयोग प्रदान किया गया और उन्होंने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। मां और शिशु दोनों स्वस्थ हैं। यह पहल एनएमएल पकरी बरवाडीह परियोजना के सतत और समावेशी विकास की दिशा में निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, जो मातृ और शिशु स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देती है। इस अवसर पर डॉ. संजीत कुमार शुभेन्दु, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना डॉ. प्रवीण श्रीनिवास निदेशक, श्रीनिवास ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स और एनएमएल पकरी बरवाडीह परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोडरमा घाटी में ट्रेलर पलटा, चालक की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत रांची-पटना मुख्य मार्ग पर कोडरमा घाटी स्थित जमसोती नाला के समीप छड़ लदा एक ट्रैकर पलट गया। शनिवार रात की इस घटना में ट्रेलर चालक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक चालक की पहचान मोहदीनगर, समस्तीपुर (बिहार) निवासी लगभग राकेश महतो (30, पिता बुघन महतो) के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार उक्त ट्रेलर बोकारो से छड़ लोड कर पटना जा रहा था। इसी बीच रात के करीब 10 बजे कोडरमा घाटी के जमसोती नाला के समीप तीखे मोड़ के पास ट्रेलर अनियंत्रित हो गयी। ट्रेलर का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे जाकर पलट गयी। चालक गाड़ी के केबिन में फंस गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इस बीच कोडरमा थाना का पीसीआर वैन वहां पहुंचा और उक्त ट्रेलर चालक को काफी मुश्किल से गाड़ी से बाहर निकाला और सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया। शव को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## सिवाने नदी की तेज धार में बहा व्यक्ति बचा

**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक थाना क्षेत्र के अलौंजा खुर्द गांव निवासी गणेश महतो उम्र 60 वर्ष सिवाने नदी के तेज़ धार में बहने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गये। गणेश महतो रोज की तरह दूध बेचने अपने गांव अलौंजा कला से बीएसएफ कैंप मेरू जा रहे थे। वे जैसे दूध का केन साइकिल में लटकाए पैदल साइकिल पार कर रहे थे कि अचानक पानी का बहुत तेज हो गया, जिसमें वे बहने लगे। गणेश को साइकिल के साथ बहते देख अलौंजा खुर्द संतरी गेट पर तैनात जवानों ने बिना कुछ सोचे समझे पानी में कूद गए और गणेश महतो को गमछी का सहारा देकर बाहर निकाला। यह घटना रविवार 8 बजे सुबह की है। गणेश महतो के नदी में बहने की सूचना मिलते ही उसका पुत्र कैलाश प्रसाद मेहता और ग्रामीण सिवाने नदी संत्री गेट के समीप पहुंचे जहां गणेश महतो अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। गांव वालों के सहयोग से तुरंत उसे शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। मुखिया सकेन्द्र प्रसाद मेहता ने जिला प्रशासन से सिवाने नदी पर पुल बनाने की मांग की है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 06 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


## जदयू कोटे से पेयजल और स्वच्छता विभाग के सांसद प्रतिनिधि बने राम आशीष कुमार



चतरा (आजाद सिपाही)। जदयू जिलाध्यक्ष राम आशीष कुमार को चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने जदयू कोटे से अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। राम आशीष कुमार को पेयजल और स्वच्छता अवर प्रमंडल का प्रतिनिधि बनाया गया है। राम आशीष कुमार ने कहा की जो जिम्मेवारी मिली है उसे बखूबी निर्वहन किया जायेगा। प्रतिनिधि बनने पर दांगी कुशवाहा समाज के जिलाध्यक्ष केदार प्रसाद दांगी, जदयू जिला महासचिव रामस्वरूप दांगी, जदयू युवा जिलाध्यक्ष अजय कुमार, चतरा मेडिकल एजेंसी के संचालक अमरीका उर्फ गुड्डू यादव, सुजीत ठाकुर, चंदन यादव, मुकेश कुमार यादव, जदयू प्रदेश सचिव नंद कुमार निराला, तुलेश्वर दांगी, कौशल कुमार दांगी, टिकर पंचायत के उप मुखिया बिमला देवी, नरेश दांगी, बांदी देवी, गुड्डू सिंह, कालीचरण यादव समेत अन्य लोगों ने बधाई दिया है।

## शिव गुरु महोत्सव का आयोजन 30 को



चतरा (आजाद सिपाही)। विराट शिव गुरु महोत्सव का आयोजन 30 नवंबर को चतरा जिला मुख्यालय स्थित बाबा घाट के मैदान में आयोजित की गयी है। कार्यक्रम की सफलता को ले रविवार को स्थानीय फॉरेस्ट कॉलोनी मंदिर प्रांगण में अरुण शर्मा की अध्यक्षता एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ गुरु भाई राजेश कुमार पांडे ने कहा की कई वर्षो के बाद शिव शिष्यों द्वारा विराट महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में मुख्य वक्ता शिव शिष्य प्रणेता हरिंद्रानंद जी की कृपा पात्र बरखा दीदी होंगी। बरखा दीदी आओ चले शिव की ओर कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने में लगी है। बिहार झारखंड सहित भारत के अन्य राज्यों में भी शिव गुरु की बातें लेकर लोगों को शिव गुरु से जुड़ने की अपील कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि महोत्सव को लेकर गांव-गांव तक प्रचार वाहन के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जायेगा। शहर के विभिन्न गली मोहल्ले में घूम घूम कर लोगों को कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया जायेगा। कार्यक्रम में बिहार, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में लाखों की संख्या में लोगों को उपस्थित होने की उम्मीद है। बैठक में चतरा मुख्यालय के अलावा हंटरगंज, सिमरिया, प्रतापपुर सहित अन्य प्रखंड से गुरु भाई और गुरु बहनों ने हिस्सा लिया। मौके पर सुनील शर्मा, शैलेंद्र कुमार कुलेश्वर साव, अर्जुन साव, भारत गोप, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## कमलेश कुमार साहनी बने राजद के जिला प्रवक्ता



हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत करमा पंचायत के बारा गांव निवासी कमलेश कुमार साहनी को राष्ट्रीय जनता दल का जिला प्रवक्ता बनाया गया। यह घोषणा राजद जिला अध्यक्ष नवलकिशोर यादव ने की है। उन्होंने बताया कि साहनी को संगठन को सुदृढ़ और धारदार बनाने और सक्रिय भूमिका निभाने और पार्टी के संघर्षात्मक, रचनात्मक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर योगदान देने पर यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जिलाप्रवक्ता बनाए जाने पर पूर्व मंत्री सह प्रदेश महासचिव सत्यानंद भोगता, महिला प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश, प्रखंड प्रमुख पति कमलेश यादव, मनीष कुमार, प्रसाद यादव, सरयू भोगता, राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, प्रभुदयाल यादव ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## चतरा में धड़ल्ले से चल रहा कोयले का कारोबार

चतरा (आजाद सिपाही)। जिले में अवैध कोयले के कारोबार का काला खेल खुलेआम और बेखौफ जारी है। प्रतिदिन रात के अंधेरे में कोयले से लदी सैकड़ों गाड़ियां चतरा मुख्य मार्ग से गुजरती है। प्रत्येक दिन रात लगभग 11 बजे से लेकर 2 बजे के बीच अवैध कोयला लोड ट्रकों का काफिला चतरा के मुख्य मार्ग से गुजरता है। इस दौरान कोल माफियाओं का जमावड़ा भी देखा जा सकता है, जो इस अवैध गतिविधि को सुरक्षित सीमा पार कराने में सक्रिय रहते हैं। जानकारी के मुताबिक, यह कोयला बालूमाथ स्थित एक कोल माइंस से निकाला जाता है और बगरा, चतरा, जोरी, हंटरगंज होते हुए राज्य की सीमा पार पहुंचता है। इसके लिए प्रत्येक गाड़ी से 10 से 15 हजार रुपये तक पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था को मैनेज करने के लिए दिया जा रहा है। यही वजह है कि यह गैरकानूनी कारोबार बिना किसी रोक-टोक के फल-फूल रहा है। जिले के नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं में जिला प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। इस अवैध काला कारोबार न केवल सरकारी राजस्व की हानि करता है बल्कि सड़क सुरक्षा, पर्यावरण और स्थानीय कानून-व्यवस्था के लिए भी गंभीर खतरा है।

## झामुमो के केंद्रीय महासचिव और फागू बेसरा का हुआ उरीमारी में स्वागत



उरीमारी (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय और दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा का टंडवा जाने के क्रम में रविवार को उरीमारी चेक पोस्ट स्थित सिदो-कान्हू चौक के समीप हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया के नेतृत्व में झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का स्वागत जोरदार तरीके से माल्यार्पण कर किया। इस दौरान अतिथियों के द्वारा सिदो-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहीं झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय और दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा की चेक पोस्ट स्थित झामुमो कार्यालय में कार्यकताओं के साथ बैठक की और संगठन को मे ज्यादा से ज्यादा लोगों को झारखंड सरकार के द्वारा संचालित कार्य योजनाओं के विषय में जानकारी देने की बात कही। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया, केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पियूष बेदिया, संजय वर्मा, धनंजय वर्मा, हरिलाल बेदिया, जग्गू घासी, राजेश सिंह, रुस्तम सोहराब, बहादुर मांझी, सतेंद्र यादव, कृष्णा साव, शंकर साव, विनोद बेदिया, मोहन सोरेन, बिरसा मांझी, लालबहादुर मांझी, धुप सिंह, संजय साव, अनिल साव, लालजीत साव,उदय मेहता, शत्रुघ्न सिंह,जय प्रकाश सिंह,जावेद खान, संजय करमाली सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार को रौंदा, कार को मारी टक्कर

### मुआवजा को लेकर ग्रामीणों ने काटा बवाल, 4 घंटे तक यातायात बाधित

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के सैनी होटल के निकट रविवार की सुबह करीब 9 बजे एक अनियंत्रित हाईवा ने एक बाइक सवार को रौंद दिया। इस हादसे के बाद भाग रहे हाइवा चालक ने एक क्रेटा कार को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद वह गाड़ी सड़क पर ही खड़ी हो गयी। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों ने ट्रक को पकड़ा। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और वाहन को जब्त कर लिया। मृतक बाइक सवार की पहचान उकरीड सोसो निवासी ब्रकेश्वर महतो पिता धनेश्वर महतो उम्र करीब 40 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जाता है कि ब्रकेश्वर महतो रविवार को सुबह अपनी बाइक संख्या जेएच 24ए 3202 से रामगढ़ काम करने के लिए आ रहा था। इसी दौरान सैनी होटल के पास पीछे से आ रहे एक हाइवा संख्या यूपी 64बीटी 6132 ने उसे रौंद दिया। इसके बाद हाइवा चालक गाड़ी को लेकर भागने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान आगे जा रही एक क्रेटा कार संख्या यूपी 32क्यूजे 8984 को भी धक्का मार दिया।



### पहली दुर्घटना बनी दूसरी दुर्घटना का कारण

**सैनी होटल के पास रविवार की सुबह एक ट्रक संख्या जेएच 02डब्ल्यू 7572 दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस ट्रक पर लदा डस्ट सड़क पर फैल गया था। रांची की तरफ से आ रहे हाइवा ने उस डस्ट से बचने के लिए गाड़ी मोड़ी और अनियंत्रित हो गयी। इसी दौरान बाइक सवार इसकी चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गयी।**

घटना के बाद मृतक के परिजन व ग्रामीणों ने मुआवजा को लेकर सड़क जाम कर जमकर बवाल काटा। करीब 4 घंटे तक रांची से रामगढ़ और रामगढ़ से रांची जाने वाली जाम रहा। जाम की वजह से राहगीरों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। टोल प्लाजा से लेकर रामगढ़ शहर तक लंबा जाम लग गया है। वहीं ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि जल्द से जल्द कागजी प्रक्रिया कर मुआवजा उपलब्ध कराया जायेगा। जिसके ग्रामीण शांत हुए। दाह संस्कार के लिए 30 हजार हाईवा मालिक का द्वारा दिया गया।

## वृहद झारखंड कला संस्कृति मंच की हुई बैठक

# झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल और ओड़िशा से लोग होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। वृहद झारखंड कला संस्कृति मंच रामगढ़ की बैठक सरना उच्च विद्यालय कोठार में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता रेवालाल महतो ने किया। जबकि संचालन ओम प्रकाश महतो ने किया। बैठक में सर्वसहमति से पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 अक्टूबर 2025 को सोहराय चांचइर आर बरदखूंटा कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम जिला मैदान से शुरू होकर रामगढ़ कॉलेज मैदान में जाकर समाप्त होगी।

**पश्चिम बंगाल और ओडिशा से हजारों लोग होंगे कार्यक्रम में शामिल :** कार्यक्रम में झारखंड ही नहीं पश्चिम बंगाल और ओडिशा के भी हजारों लोग अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ 'बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच' के आह्वान पे 'सोहराई चांचइर आर बरदखूंटा' में शामिल होने के लिए रामगढ़ पहुंचेंगें। इस तरह का आयोजन इस बृहद झारखंड में अनूठा और ऐतिहासिक होगा।



**झारखंड की संस्कृति को एक नये सिरे से उठाना कार्यक्रम का उद्देश्य :** कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड की संस्कृति को एक नये सिरे उठाना और जीवित करना ही नहीं है, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। बताते चले कि विगत वर्षों में सोहराई पेंटिंग को जीआई टैग भी मिल चुका है। अब हमलोगों का भी कर्तव्य बनता है कि इसे भव्य ही नहीं अपितु भव्यतम रूप दें और विश्व पटल में स्थापित करें।

**बैठक में कौन कौन थे उपस्थित :** बैठक में नगर परिषद के उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद, संतोष टिडुआर, वार्ड पार्षद देवधारी महतो, वार्ड रोशन कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अरविंद महतो, जागेश्वर नागवंशी, पनेश्वर कुमार, आनंद केटियार, रवि कुमार महतो, देवानंद महतो, संतोष बंसीयार, मुनिनाथ महतो, रमेश कुमार महतो, गिरीशंकर महतो, गुड्डी देवी, रूपा महतो, सीता देवी, निशा देवी, पिंकी देवी, प्रीति देवी, डॉ. राजेश महतो, संतोष चौधरी, गिरीशंकर महतो, महेश निगम, कौलेश्वर महतो, सुधीर अकेला, मुरारी प्रसाद, प्रदीप महतो, पवन महतो, रोहित महतो, धनंजय महतो, पॉवेल कुमार, सुरेन महतो, मुरलीधर कोठारी, अनिल पटेल, मोहित पटेल, पांडव कुमार महतो, सुरेंद्र महतो, मघन महतो, अनुराग महतो, सूरज कुमार, निरंजन महतो, दिपेंद्र कुमार, भीमराज महतो, दिनेश महतो, डालचंद ओहदार, जयशंकर महतो, राजेश महतो, उमेश महतो, सुगंध कुमार, किष्टो महतो, पिंटू कुमार, केदार महतो, प्रभु दयाल महतो, अशोक चौधरी, बिनोद कुमार, शिव कुमार, निखिल कुमार महतो, प्रवीण कुमार, अशोक चक्रपानी, रामबिलास महतो आदि सैकड़ों लोग शामिल थे।

# दहेजमुक्त विवाह को लेकर किया क्षेत्रों का भ्रमण

### ज्ञान महिला समिति ने 51 जोड़ों की दहेजमुक्त विवाह की सफलता को लेकर विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। ज्ञान महिला समिति ने भारत विकास परिषद द्वारा 30 नवंबर गुरु नानक मैरिज हॉल में आयोजित 51 जोड़ों की दहेजमुक्त विवाह की सफलता को लेकर विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि रविवार को आॅटो वार्ड में भ्रमण किया गया। जिसका नेतृत्व युवा समाजसेवी दिव्या यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल शामिल हुए। मौके पर विनोद जायसवाल ने कहा कि भारत विकास परिषद के द्वारा चतुर्थ सामूहिक विवाह गुरु नानक मैरिज हॉल में 51 जोड़ों का दहेजमुक्त विवाह कराया जा रहा है। उसी को सफल बनाने के लिए ज्ञान महिला समिति परिवार पूरे टीम के साथ रामगढ़ शहर के आठ वार्ड में सामूहिक विवाह के बारे में घर-घर जाकर जानकारी दिया जा रहा है। युवा समाजसेवी ने कहा कि रामगढ़ ग्रामीण व शहर से बाहर लगभग 15 जोड़ों को तैयार किया जा चुका है। कहा कि भारत विकास परिषद के द्वारा दहेज मुक्त विवाह बहुत ही सराहनीय कदम है। ज्ञान महिला समिति परिवार की ओर से भारत विकास परिषद के तमाम अधिकारी और सदस्य को आभार प्रकट करता है। मौके पर बैजयंती देवी, गुड़िया देवी, आरती देवी, रूपा देवी, अंजली देवी, मधु देवी, सावित्री देवी, पिंकी देवी, चंपा देवी, भानु देवी, सावित्री देवी, पूजा देवी, चिंता देवी, रूपा देवी, उर्मिला देवी, मंजू देवी, आरती देवी आदि मौजूद थे।



## पुलिस ने 36 घंटे के अंदर मारपीट कर लूटकांड का किया खुलासा

# दो सड़क लुटेरे गिरफ्तार, बाइक और मोबाइल बरामद




आजाद सिपाही संवाददाता

हंटरगंज/चतरा। पुलिस कप्तान सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर हंटरगंज थाना पुलिस ने 36 घंटे के अंदर टोटो चालक और टोटो पर सवार लोगों के साथ मारपीट और लूट कांड का खुलासा कर दिया। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि 3 अक्टूबर देर शाम करीब 8 बजे थाना क्षेत्र के हंटरगंज - शेरघाटी मुख्य पथ जबड़ा पत्सुगिया के समीप टोटो चालक और टोटो पर सवार लोगों के साथ तीन बाइक सवार आरोपियों ने मारपीट करते हुए 2 हजार रुपये नकद व दो मोबाइल लूटकर भाग गये। इस मामले में पीड़ित ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी। हंटरगंज थाना प्रभारी के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब 36 घंटे के अंदर घटना में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त अपाचे बाइक, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 13 जे /6250 तथा 4 स्मार्ट फोन बरामद किया गया। पुलिस टीम में पुलिस अवर निरीक्षक पुरुषोत्तम अग्निहोत्री व पुअनि रूपेश कुमार समेत सशस्त्र बल शामिल किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त थाना क्षेत्र के डाहा गांव निवासी समोदर यादव का 19 वर्षीय पुत्र ब्रजेश कुमार है जबकि दूसरा अभियुक्त बिहार के गया जिला के शेरघाटी थाना क्षेत्र के बुटाई यादव का 20 वर्षीय पुत्र नरेश कुमार उर्फ जुम्मन कुमार है।

### गोला पुलिस ने चार चोरों को किया गिरफ्तार

**गोला(आजाद सिपाही)। गोला पुलिस ने ब्राह्मण सगातू स्थित पत्थर माइंस में चोरी की घटना का उद्भेदन कर लिया है। इस मामले पर गोला पुलिस ने रविवार को गोला थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि तीन अक्टूबर को ब्राह्मण सगातू स्थित पत्थर माइंस में चोरी की घटना हुई थी। चोरों ने माइंस में लगा 40 केवीए का डीजी जेनेरेटर को चोरी कर लिया था। इसकी लिखित शिकायत प्रणव बिहारी पिता मनोज सिंह, पुरानी राता, थाना- खेसर, जिला बांका वर्तमान पता ग्राम ब्राह्मण सगातू ने गोला थाना में किया था। जिसके आधार पर गोला थाना कांड संख्या 105/2025 दर्ज किया गया। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के द्वारा एस आई टी का गठन किया गया। टीम के द्वारा तकनिकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर 36 घंटे के अंदर पुलिस ने चोरी में शामिल आशीष पांडेय, पिता विजय पाण्डेय, राजेश कुमार, पिता सुरेश महतो, दोनों सरोनीकलां, थाना मुफस्सील हजारीबाग, मो० असरफ अंसारी, पिता मो० अयूब अंसारी, शाहिल अंसारी, पिता जिलानी अंसारी, दोनों बन्दा गोला को गिरफ्तार कर लिया। इनके निशानदेही पर 40 केवीए इलेक्ट्रिकल जेनेरेटर इ -3728507 और चोरी में प्रयोग की गयी सफेद रंग का टाटा मैजिक डाला जे एच 17य -3690 पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत लेपो सड़क किनारे से बरामद किया गया। बताया गया कि चोरी में शामिल अभियुक्तों का चोरी का कई मामले अलग अलग थाना में दर्ज है। छापामारी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, पुलिस निरीक्षक पंकज कुमार, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पुअ नि प्रभात रंजन, स्वामी रंजन ओझा, स अ नि बहादुर महतो मौजूद थे।**

## कांग्रेस पार्टी के मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता मुकेश यादव ने दिया इस्तीफा



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी के मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता मुकेश यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने झारखंड प्रदेश कमेटी रांची के मीडिया चेयरमैन सतीश पाल मुंजनी को पत्र लिखकर कहा है कि कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन सृजन का कार्यक्रम पूरे देश में चल रहा है इसके झारखंड में भी जिला अध्यक्षों का मनोनयन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। जिसमें रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद के दावेदारों में मैं भी शामिल था। उन्होंने बताया कि आलाकमान के फैसले का मैं स्वागत करता हूं और नव मनोनीत अध्यक्ष ममता देवी को शुभकामना देता हूं। नव मनोनीत अध्यक्ष को संगठन को सुचारु रूप से संचालित करने में किसी प्रकार का असहजता महसूस ना हो इसलिए मैं अपने पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

## उज्ज्वला फाउंडेशन की बैठक, लिए कई निर्णय



कुजू (आजाद सिपाही)। उज्जवला फाउंडेशन की मासिक बैठक मोतीराम कॉम्प्लेक्स, बोंगाबार में हुई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन शांति देवी ने की। बैठक के दौरान बचत राशि संग्रह समेत विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि फाउंडेशन की महिला सदस्यों को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने को सजग है। वहीं, फाउंडेशन का विस्तार में सदस्य अपनी सहभागिता निभाये। कहा कि आने वाले समय में फाउंडेशन का और बेहतर विकास होगा। इसलिए सदस्यों को फाउंडेशन से जुड़कर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि उज्जवला फाउंडेशन से जुड़ा एक भव्य कार्यक्रम आने वाले दिनों में किया जाएगा, जिसकी तैयारी जारी है। इससे पूर्व, अतिथियों का स्वागत बुके भेंटकर किया गया। बैठक में दशरथ प्रसाद केशरी, रतन प्रसाद साहू, परमेश्वर प्रसाद, चंदू मुंडा, अनिता देवी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, शांति देवी, आशा कुमारी, सुमन देवी, वीणा कुमारी, संगीता देवी, कुंती देवी, नीला देवी, बेबी देवी, मानको देवी, सुलेखा देवी, सुकरी देवी शामिल रहे।

## झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के मुख्य संरक्षक निर्वाचित हुए मथुरा प्रसाद साहू



कुजू (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ जगेसर पलानी परगना के मुख्य संरक्षक पद को लेकर ओरला पंचायत सचिवालय में मतदान किया गया। जिसमें चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय अध्यक्ष अनिल प्रसाद शामिल रहे। इस दौरान केंद्रीय कमिटी के 44 सदस्यों ने मुख्य संरक्षक पद के लिए उम्मीदवार बने बंजी निवासी मथुरा प्रसाद साहू और चैनपुर के प्रभु साव को मत दिया। चुनाव प्रभारी अनिल प्रसाद की अगुवाई में शांतिपूर्ण मतदान के बाद मतगणना की गई। जिसमें मथुरा प्रसाद साहू को 25 मत, प्रभु साव को 19 मत मिला। इससे 6 मतों से मथुरा प्रसाद साहू निर्वाचित हुए। वहीं, संरक्षक पद में महेश प्रसाद साहू, रामाशंकर प्रसाद, शिव प्रसाद साहू को निर्विरोध घोषित किया गया। तत्पश्चात चुनाव प्रभारी अनिल प्रसाद के हाथों मुख्य संरक्षक मथुरा प्रसाद साहू समेत निर्विरोध घोषित किए संरक्षक को प्रमाण पत्र सौंपा गया। मौके पर निर्वाचित हुए मथुरा प्रसाद ने कहा कि शौंडिक संघ को हमारा भरपूर सहयोग रहेगा। साथ ही, समाज के लोगों को आगे ले जाने का कार्य करूंगा। इस अवसर पर केंद्रीय महासचिव कुलदीप प्रसाद, केंद्रीय कोषाध्यक्ष शंकर प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, ज्योतिंद्र प्रसाद, दयामती देवी, लखन प्रसाद, संजय प्रसाद, भीम साहू, खोगेंद्र साहू, राधे श्याम साहू, कृपाशंकर प्रसाद, रतन प्रसाद, अरविंद कुमार, धनेश्वर प्रसाद, अमित प्रसाद, गुलाब प्रसाद, महावीर प्रसाद, दिनेश्वर साहू, गणेश प्रसाद, आरडी साहू, बिंदु देवी, सरिता मंडल, राजकुमार साहू, वेद प्रकाश, चतुर्भुज प्रसाद, प्रेम प्रसाद, राजेश प्रसाद, मनीष प्रसाद, उमेश प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, अमरजीत कुमार, दिलीप प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, नवरत्न प्रसाद समेत शामिल रहे।

## आम्रपाली: स्वच्छता ही सेवा का समापन

टंडवा (आजाद सिपाही)। आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र सीसीएल में स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने सफाई कर्मियों को सम्मानित किया और स्वच्छता के प्रति उनके योगदान की सराहना की। महाप्रबंधक ने कहा कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। विशेष रूप से टंडवा स्थित चुन्दू मंदिर में गणेश चतुर्थी मेले के दौरान उत्पन्न कचरे की सफाई भी आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र द्वारा की गयी और पूरे मंदिर परिसर को स्वच्छ बनाया गया।

## सड़क हुई कीचड़ में तब्दील, पैदल चलना भी मुश्किल



कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती नवादा पंचायत मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। अभी तक ग्रामीणों के आने जाने के लिए पक्की सड़क नहीं है। पंचायत के ग्राम सिंदरी (टोला) खुटवालीया से ग्राम उलवार, रंगैनियातरी, पचंबा इचाक, रजवार, टटेज, चिलोई तक लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर पक्की सड़क नदारद है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान सांसद कालीचरण सिंह और चतरा विधायक जनार्दन पासवान से काफी उम्मीद थी, लेकिन सपना पर पानी फिर गया। ग्रामीणों ने बताया की गांव में जाने वाले कच्चे रास्ते कीचड़ में तब्दील हो गया है। जिसके कारण आने जाने में काफी दिक्कत हो रहा है। ग्रामीणों ने कहा की प्रखंड मुख्यालय तक जाने के लिए नदी पार कर जाना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी बरसात मे होता है। साथ ही बीमार व्यक्ति या आपातकालीन स्थिति में कहीं जाना मुश्किल होता है। क्योंकि चार पहिया वाहनों का आना जाना बंद हो जाता है। सिर्फ लोग इस रास्ते पर पैदल ही सफर कर पाते है। ग्रामीणों ने उपायुक्त महोदय से इन गांवों में विकास के लिए पक्की सड़क बनाने की मांग किया है। इस मौके पर कैलू गंझू, देवमणत गंझू, मुगेसर गंझू, नागेश्वर गंझू, सूरजदेव गंझू, राजदेव गंझू, कृष्ण गंझू के अलावा कई लोग मौजूद थे।

## फरार आरोपी के घर पर चिपकाया इश्तेहार

पतरातू (आजाद सिपाही)। पुलिस ने कोर्ट से निर्गत आदेश पर की बड़कागांव थाना कांड संख्या 79/2020 के मामले में फरार चल रहे पतरातू थाना क्षेत्र के पतरातू निवासी शमीम अख्तर उर्फ शमीम अंसारी पिता रफीक अहमद के घर पर एसआई अभिषेक कुमार सहित पुलिस बल ने हजारीबाग न्यायालय निर्गत आदेश पर इश्तेहार को आरोपी के घर पर रविवार को ढोल नगाड़ा बजाते हुए फरार चल रहे के घर पर पहुंचकर दरवाजे व भगत सिंह चौक के समीप न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार को चिपकाया गया।

# सेहत से खेल रहे हैं मिलावटखोर

निजी स्वार्थों से प्रेरित मिलावटखोर अधिक लाभ कमाने के लालच में खाद्य पदार्थों में हानिकारक वस्तुओं की मिलावट करके लोगों के स्वास्थ्य से खेल रहे हैं। इसी के पिछले 3 सप्ताह के उदाहरण इस प्रकार से हैं : 23 सितंबर को जयपुर की फूड सेफ्टी टीम ने चांदपोल बाजार स्थित एक गोदाम पर छापा मार कर वहां से विभिन्न प्रसिद्ध ब्रांडों के लेबल लगाकर बेचा जाने वाला 884 लीटर नकली देसी घी बरामद किया। 23 सितंबर को ही जयपुर की फूड सेफ्टी टीम ने मालवीय नगर में एक पिकअप वैन को जब्त कर उसमें से 400 किलोग्राम मिलावटी पनीर बरामद करके उसे नष्टद्द करवाया। 26 सितंबर को बुलंदशहर में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोन पापड़ी के गोदाम पर दबिश देकर वहां भारी मात्रा में नकली सोन पापड़ी जब्त करके फैक्टरी को सील कर दिया। 28 सितंबर को निजामपुर में नकली मिठाई बनाने वाली फैक्टरी को सील किया जहां घटिया सामग्री से बड़े पैमाने पर पेड़ा, बर्फी और टाफियां आदि बनायी जा रही थीं। 28 सितंबर को ही खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने एक पिकअप वैन में भरकर अलवर से जयपुर ले जाया जा रहा 110 किलो मिलावटी पनीर नष्टद्द करवाया। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया। 29 सितंबर को राजस्थान के बानसूर और कोटपूतली में खाद्य विभाग ने 600 लीटर नकली दूध और 375 लीटर मिलावटी घी जब्त किया। 30 सितंबर को गुरुग्राम के फर्रुखनगर में खाद्य सुरक्षा विभाग तथा सीएम फ्लाइंग की संयुक्त टीम ने विभिन्न दुकानों पर छापे मार कर 2000 किलो से अधिक मिलावटी पनीर और खोया (मावा) जब्त किया तथा सैंपल की रिपोर्ट आने से पहले बरामदगी वाले प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। 30 सितंबर को कोटपूतली (राजस्थान) के विराटनगर में बड़ी कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने एक पिकअप से 1100 किलो सिंथैटिक पनीर बरामद करके उसे मौके पर ही नष्ट करवा दिया और एक आरोपी को हिरासत में लिया। 1 अक्टूबर को ग्वालियर में सिरोल की पुलिस ने एक पिकअप वैन को रोक कर उसमें भोपाल में सप्लाई करने के लिए ले जाया जा रहा लगभग 800 किलो मिलावटी मावा जब्त करके पिकअप वैन के ड्राइवर को गिरफ्तार किया। 2 अक्टूबरर को नयी दिल्ली में पुलिस ने मिलावटी घी बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार करके उनके अवैध कारखानों से 1600 किलो मिलावटी घी जब्त किया। 2 अक्टूबर को ही बरनाला (पंजाब) के धनौला में खाद्य आपूर्ति विभाग ने एक गोदाम से बड़ी मात्रा में नकली पनीर जब्त किया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार दूध, घी तथा पनीर जैसे खाद्य पदार्थों में मिलावट से पाचन तंत्र, लिवर तथा किडनी पर सीधा असर पड़ता है। मिलावटी वस्तुएं खाने से अनेक गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। मिलावटी घी तथा पनीर के सेवन से कैंसर तक भी हो सकता है।

**स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार दूध, घी तथा पनीर जैसे खाद्य पदार्थों में मिलावट से पाचन तंत्र, लिवर तथा किडनी पर सीधा असर पड़ता है। मिलावटी वस्तुएं खाने से अनेक गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सन 1925 की विजयादशमी को नागपुर में डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ की नींव रखी। वह दौर भारत के लिए अत्यंत कठिन था–गुलामी की बेड़ियां, सामाजिक विखंडन और एक गहरी हताशा का वातावरण था। डॉ हेडगेवार ने तत्कालीन परिस्थितियों को गहराई से समझा और यह अनुभव किया कि स्वतंत्रता और पुनरुत्थान की पहली और अंतिम शर्त है–संगठन। उनका यह कथन आज भी उतना ही प्रासंगिक है: शक्ति का संचय तब होगा जब अनुशासन और संगठन होगा।**

# युवा चेतना और राष्ट्र निर्माण : संघ की साधना का सफर

प्रो (डॉ) तपन कुमार शांडिल्य



यह एक शाश्वत सत्य है कि जिस राष्ट्र का युवा सजग और सक्रिय होता है, उस राष्ट्र का भाग्य भी नयी दिशा में अग्रसर होने लगता है। यह कोई सैद्धांतिक विचार मात्र नहीं, बल्कि भारत के इतिहास की सजीव धड़कन है। हर वह दौर जब युवा पीढ़ी ने व्यक्तिगत सुखों से ऊपर उठ कर राष्ट्रहित को अपना लक्ष्य बनाया है, समाज में एक नवीन चेतना और ऊर्जा का संचार हुआ है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उदय इसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में हुआ एक स्वाभाविक कदम था।

सन 1925 की विजयादशमी को नागपुर में डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ की नींव रखी। वह दौर भारत के लिए अत्यंत कठिन था–गुलामी की बेड़ियां, सामाजिक विखंडन और एक गहरी हताशा का वातावरण था। डॉ हेडगेवार ने तत्कालीन परिस्थितियों को गहराई से समझा और यह अनुभव किया कि स्वतंत्रता और पुनरुत्थान की पहली और अंतिम शर्त है–संगठन। उनका यह कथन आज भी उतना ही प्रासंगिक है: शक्ति का संचय तब होगा जब अनुशासन और संगठन होगा।

**स्वयंसेवक: संघ की आत्मा :** संघ की संकल्पना की धुरी है–'स्वयंसेवक'। एक स्वयंसेवक वह व्यक्ति है जो बिना किसी व्यक्तिगत लाभ, पद या प्रतिफल की इच्छा के, अपना तन, मन, धन और समय राष्ट्र एवं समाज की सेवा में अर्पित कर देता है। उसका जीवन केवल निजी उपलब्धियों तक सीमित नहीं रहता; बल्कि उसकी हर सांस, हर क्रिया मातृभूमि की सेवा का एक साधन बन जाती है।

**संघ की लगभग एक सदी की यह यात्रा केवल अतीत का स्मरण नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक दिशा-निर्देश भी है।**

**विचारधारा के तीन दिव्य स्तंभ :** संघ की विचारधारा मुख्यतः तीन मजबूत स्तंभों पर टिकी है: **1.** हिंदू राष्ट्र-विचार: यह विचार युवाओं को यह बोध कराता है कि भारत केवल एक भौगोलिक या राजनीतिक इकाई नहीं, बल्कि एक सजीव, सनातन संस्कृति और सभ्यता है। यह उन्हें उनकी ऐतिहासिक जड़ों से जोड़ता है और यह आत्मविश्वास देता है कि उनकी पहचान किसी पश्चिमी प्रतिमान से नहीं, बल्कि अपनी ही गौरवशाली परंपराओं, मूल्यों और इतिहास से निर्मित होती है।

**2.** नैतिकता का आधार: संघ मानता है कि वास्तविक प्रगति केवल विज्ञान और प्रौद्योगिकी की उन्नति से नहीं आती। एक सार्थक और संपन्न जीवन के लिए सत्य, ईमानदारी, करुणा और अनुशासन जैसे नैतिक सिद्धांतों का पालन अनिवार्य है। यह नैतिक शिक्षा युवाओं को आत्मकेंद्रित जीवनशैली से ऊपर उठाकर समाज और राष्ट्र के प्रति उन्मुख करती है।

**3.** सांस्कृतिक राष्ट्रवाद: यह युवाओं को यह एहसास दिलाता है कि भारत का अस्तित्व केवल एक नक्शे तक सीमित नहीं है। यह तो गीत, संगीत, भाषा, उत्सव, कला, साहित्य और लोक-परंपराओं की एक अविच्छिन्न, सतत प्रवाहमान धारा है। यही सांस्कृतिक बुनियाद विविधताओं के बीच एकता का अनुभव कराती है और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने का आत्मबल प्रदान करती है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने ठीक ही कहा था कि संघ ने हमें यह सिखाया कि स्वार्थ से ऊपर उठ कर समाज का हित सर्वोपरि होता है। यही संस्कार आज के युवा भारत के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो रहे हैं।

**शिक्षा और सेवा: दो मजबूत स्तंभ**
संघ का दृढ़ विश्वास है कि एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण शिक्षा की मजबूत नींव पर ही हो सकता है। इसी उद्देश्य को लेकर विद्या भारती और शिशु मंदिर जैसे संस्थानों का एक विस्तृत नेटवर्क देशभर में फैला है। आज लगभग 12,000 से अधिक विद्यालय संचालित हैं, जहां 35 लाख से अधिक विद्यार्थी और डेढ़ लाख से अधिक शिक्षक संस्कारयुक्त शिक्षा से जुड़े हैं। यह शैक्षिक क्रांति दूर-सुदूर इलाकों, उत्तर-पूर्व के राज्यों और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंची है, जहां शिक्षा के साथ-साथ आत्मविश्वास और राष्ट्रीय चेतना का संचार हो रहा है।

**शाखा: अनुशासन और संगठन की प्रयोगशाला :** संघ की दैनिक गतिविधियों का केंद्र बिंदु है–शाखा। खुले मैदान में होने वाली यह दैनिक सभा, जहां खेल, व्यायाम, गीत और प्रार्थना का समन्वय होता है, अनुशासन, शारीरिक स्वास्थ्य और आत्मविश्वास का वह संस्कार स्थल है जहां चरित्र का निर्माण होता है। संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री गुरुजी गोलवलकर ने इसे सही ही परिभाषित किया था: शाखा केवल खेल का मैदान नहीं, यह राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है। आज देश के लगभग हर गांव और नगर में शाखाएं सक्रिय हैं। अनुमान है कि देशभर में अस्सी हजार से अधिक शाखाएं चल रही हैं, जहां लाखों युवा प्रतिदिन एक स्वर और एक लय में व्यायाम व प्रार्थना करते हैं।

यदि संघ एक महावृक्ष है, तो शाखा उसकी जीवनदायिनी जड़ें हैं। शाखा संघ की केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि एक समाज-सृजन की साधना है। यह वह पावन अग्निकुंड है, जहां व्यक्ति की अहंकार-लौ समाज के हित में विलीन हो जाती है।

**युग की पुकार और भविष्य का मार्ग :** संघ की लगभग एक सदी की यह यात्रा केवल अतीत का स्मरण नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक दिशा-निर्देश भी है। आज की चुनौतियां नयी और जटिल हैं–वैश्वीकरण का प्रभाव, उपभोक्तावाद की चकाचौंध, प्रौद्योगिकी का दबाव और नैतिक मूल्यों का क्षरण। लेकिन संघ का इतिहास साक्षी है कि हर संकट एक नए अवसर में बदल सकता है। चाहे आपातकाल का काला दौर हो या विभाजन की विभीषिका, स्वयंसेवकों ने हर मुश्किल घड़ी में सेवा, साहस और संगठनशक्ति का परिचय दिया है।

वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवत का युवाओं के नाम संदेश स्पष्ट और सटीक है- आज का स्वयंसेवक तकनीक और विज्ञान में पारंगत हो, पर उसकी आत्मा भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जुड़ी रहे। यही संतुलन आधुनिक भारत की सफलता की कुंजी है। गुरुजी गोलवलकर का कथन आज भी प्रेरणा देता है: युवक यदि राष्ट्र के साथ खड़ा हो जाये, तो भविष्य को कोई शक्ति रोक नहीं सकती। और अंत में, वही मूलभूत भाव, जो हर स्वयंसेवक के हृदय में सदैव स्पंदित रहता है: निर्माणों के पावन युग में, हम चरित्र निर्माण न भूलें, स्वार्थ साधना की आंधी में, वसुधा का कल्याण न भूलें...

**(लेखक : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति हैं।)**



**वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवत का युवाओं के नाम संदेश स्पष्ट और सटीक है- आज का स्वयंसेवक तकनीक और विज्ञान में पारंगत हो, पर उसकी आत्मा भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जुड़ी रहे। यही संतुलन आधुनिक भारत की सफलता की कुंजी है। गुरुजी गोलवलकर का कथन आज भी प्रेरणा देता है: युवक यदि राष्ट्र के साथ खड़ा हो जाये, तो भविष्य को कोई शक्ति रोक नहीं सकती।**

## कोल्हान की खबरें

### सुंदरनगर लूटकांड मामले में ऑटो चालक समेत दो गिरफ्तार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सुंदरनगर थाना क्षेत्र में बीते 19 सितंबर को कपल से हुई लूट की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। गम्हरिया निवासी शुभांकर रावत और योगिता बोबड़े को ऑटो चालक और उसके दो साथियों ने सुनसान इलाके में चाकू की नोंक पर लूट लिया था। रविवार को पुलिस ने मामले में सचिन महतो और सोहन गोप को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपीय के पास से मोबाइल, नकदी, बैग,पर्स और ऑटो बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार तीसरे आरोपी की पहचान हो चुकी है,जल्द गिरफ्तारी किया जायेगा। यह कार्रवाई थाना प्रभारी अजित कुमार मुंडा और टीम की तत्परता से संभव हो सकी।

## कार्यकर्ता प्रशिक्षण सम्मेलन में दिखी महागठबंधन की एकजुटता

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। रविवार को घाटशिला में महागठबंधन की ओर से एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें झारखंड सरकार के कई वरिष्ठ मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं को चुनावी रणनीति की जानकारी देना और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना रहा।इस अवसर पर झारखंड सरकार के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य सोनू, पश्चिमी सिंहभूम की सांसद जोबा मांझी, घाटशिला के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू तथा बहरागोड़ा के पूर्व विधायक एवं झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल षाडंगी मंच पर मौजूद रहे।

**प्रशिक्षण में भाग लेने वालों में दिखा उत्साह :** प्रशिक्षण सम्मेलन में महागठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उन्हें बूथ मैनेजमेंट, प्रचार-प्रसार की रणनीति, मतदाता संवाद,सोशल मीडिया के उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों और संगठन के कई पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। इस उपचुनाव को लेकर क्षेत्र में लगातार बैठकें, जनसंपर्क और प्रचार अभियान तेज होरही हैं। महागठबंधन नेताओं ने संकेत दिया आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत अन्य वरिष्ठ नेता भी प्रचार में हिस्सा ले सकते हैं।




**यह चुनाव झारखंडी अस्मिता और विकास की नीतियों पर जनमत का फैसला होगा : दीपक बिरुआ**
कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा घाटशिला का यह उपचुनाव झारखंड के भविष्य की दिशा तय करेगा। यह चुनाव सिर्फ एक विधायक चुनने का नहीं, बल्कि झारखंडी अस्मिता और विकास की नीतियों पर जनमत का फैसला होगा।उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक सक्रिय रहने और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

**घाटशिला की जनता विकास के साथ खड़ी : सुदिव्य सोनू**
उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा राज्य सरकार ने युवाओं और छात्रों के लिए कई जनोपयोगी योजनाएं शुरू की हैं।जिनका लाभ अब गांव-गांव तक पहुंच रही है।उन्होंने कहा युवाओं को साथ लेकर चलना हमारी प्राथमिकता है। घाटशिला की जनता शिक्षित और जागरूक है, वह विकास के साथ खड़ी है।

**महागठबंधन की सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित : जोबा मांझी**
सम्मेलन में सांसद जोबा मांझी ने कहा हेमंत सरकार आदिवासी समुदाय, महिलाओं और पिछड़े वर्गों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने कहा महागठबंधन की सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित है। घाटशिला की जनता को एक बार फिर विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए हम सब प्रतिबद्ध हैं।

**कुणाल षाड़ंगी और लक्ष्मण टुडू ने फूंका चुनावी बिगुल**
सम्मेलन के दौरान झामुमो प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा इस उपचुनाव में एकजुट होकर जीत हासिल करनी है।श्री षाडंगी कहा हर बूथ मजबूत होगा, हर कार्यकर्ता संकल्पित होगा, तभी जीत संभव है। वहीं घाटशिला के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू ने कहा क्षेत्र की जनता ने हमेशा विकास और सच्चाई का साथ दिया है।इस बार भी जनमत महागठबंधन के पक्ष में जायेगा।

### विधायक संजीव सरदार ने झारखंड आंदोलनकारी लुगू मुर्मू को दी श्रद्धांजलि



**जादूगोड़ा (आजाद सिपाही)।** पोटका प्रखंड के भाटिन गांव में झारखंड आंदोलन के प्रखर सेनानी लुगू मुर्मू की 15वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। रविवार को श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए।मौके पर विधायक ने लुगू मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।विधायक सरदार ने कहा लुगू दा का जीवन झारखंड के स्वाभिमान,संघर्ष और समर्पण की मिसाल है। उन्होंने रेल रोको आंदोलन समेत कई जनआंदोलनों के माध्यम से राज्य की आवाज को देशभर में पहुंचाया। ऐसे आंदोलनकारियों की बदौलत आज झारखंड अलग राज्य की पहचान बनी। सभा के दौरान उपस्तित सैकड़ो ग्रामीणों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। मौके पर उन्होंने लुगू मुर्मू के सपनों के अनुरूप झारखंड के विकास और अस्मिता की रक्षा के लिए संकल्प लिया।इस अवसर पर झामुमो नेता सुधीर सोरेन, बुद्धेश्वर सरदार, विद्यासागर दास, धरनी दास, रामो सोरेन, सुकरमुनी मुर्मू,फूलो सोरेन, फागू मुर्मू, हितेश भगत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन स्थानीय शिक्षक शिशु सरकार ने की।

### सीतारामडेरा में ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जिले के एसएसपी पीयूष पांडेय के निर्देश पर नशा के विरुद्ध कारवाई में जमशेदपुर पुलिस बड़ी सफलता हाथ लगी है। रविवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के कुआं मैदान से उरांव बस्ती निवासी राजू लोहार को 98 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।घटना की जानकारी देते हुए डीएसपी भोला प्रसाद सिंह ने बताया राजू लोहार उरांव बस्ती गणेश मंदिर के पास का निवासी है। पूर्व में भी साकची थाना से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।आठ माह बाद जेल से निकल कर फिर से ब्राउन शुगर का कारोवार करता था।पुछताच में जानकारी मिली आदित्यपुर और अन्य क्षेत्र से ब्राउन शुगर लेकर बिक्री करता था। फिलहाल गिरफ्तार आरोपी के पास से 98 पुड़िया और 2200 रुपये नकदी बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। छापेमारी टीम में डीएसपी भोला प्रसाद सिंह के साथ थाना प्रभारी निरंजन कुमार, एसआई सूरज प्रसाद, राजेश कुमार, अक्षय कुमार, युवराज कुमार, एएसआई महेंद्र सिंह और सरयू राम शामिल रहे।

### खुले सेप्टिक टैंक में गिरने से मासूम की मौत, विधायक पूर्णिमा साहू ने लिया संज्ञान



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिरसानगर थाना क्षेत्र के मोहरदा स्थित आस्था ट्विन सिटी में खुले सेप्टिक टैंक में गिरने से 5 वर्षीय आदर्श कुमार की मौत हो गयी। आदर्श कुमरुम बस्ती निवासी मजदूर तपन कुंभकार का पुत्र था। हादसे के बाद विधायक पूर्णिमा साहू ने घटनास्थल पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। विधायक ने जिला प्रशासन से घटना की जांच और सभी खुले सेप्टिक टैंकों को ढकने के निर्देश दिए। उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता और न्याय दिलाने का भरोसा दिया और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की। वही दुसरी ओर विधायक ने गाढ़ाबासा निवासी भाजपा गोलमुरी मंडल के पूर्व अध्यक्ष धीरज पासवान के स्वर्गीय पिता के निधन पर परिजनों को ढाढ़स बंधाया। साथ ही नामदा बस्ती निवासी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रहे केसरी पहलवान के परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट की। इस दौरान कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आगामी पर्वो पर अर्पण संस्था करेगी सेवा कार्य

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सामाजिक संस्था अर्पण ने दीपावली, छठ महापर्व और कार्तिक पूर्णिमा पर सेवा कार्य करने का निर्णय लिया है।रविवार को संस्था की बैठक में तय हुआ बोड़ाम प्रखंड के ब्रजपुर गांव सहित अन्य जरूरतमंद क्षेत्रों में पूजन सामग्री, कपड़े, मिठाई, पटाखे और उपहार का वितरण किया जायेगा। छठ और कार्तिक पूर्णिमा पर स्वर्णरेखा घाट में श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जूगुन पांडे, विभास मजूमदार, प्रिंस सिंह, बलबीर मंडल, सरबजीत सिंह टॉबी समेत कई सदस्य उपस्थित रहे और सेवा कार्यों को सफल बनाने का संकल्प लिया।



## आदिवासी जनआक्रोश महारैली की तैयारी तेज

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** आदिवासी बचाओ संघर्ष मोर्चा का आगामी 9 अक्टूबर को डीसी कार्यालय के समक्ष होने वाले आदिवासी जन आक्रोश महारैली की तैयारी जोरों पर है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विरोध की लहर देखी जा रही है। कुर्मी/ कुड़मी महतो को आदिवासी सूची में शामिल करने के विरोध में विभिन्न गांवों में बैठकें और जनजागरण हो रहे हैं। टुईलाडुंगरी सरना स्थल में डिबर पूर्ति की अध्यक्षता में 'हो' समाज की बैठक हुई। वक्ताओं ने इसे संविधान और आदिवासी अस्मिता के खिलाफ बताया। मौके पर सूरा बिरुली, रवि सवैयां, उपेंद्र बानरा, बीर सिंह बोदरा, मनीष बानरा, लछ्मण बोदरा, राज हांसदा, बुलंद सिंह सोय, सुरजु हेम्ब्रम, नवीन लेयांगी समेत कई लोग उपस्थित रहे। वही परसुडीह और बारेगोड़ा में भी बुधराम हेंब्रम की अध्यक्षता में बैठक हुई।बैठक में राजू हेंब्रम, सोनाराम अलड़ा, शिवचरण कर्मकार, लखन सोय, कृष्णा हेंब्रम, आशीष हेंब्रम सहित दर्जनों लोगों ने रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया। जमशेदपुर प्रखंड के डुमकागोड़ा में नारायण पूर्ति की अध्यक्षता में रैली की रणनीति बनायी गयी। जिसमें मार्शल देवगम, भोगल तियु, बुद्धेश्वर समद, सीमा सिद्धू, शुकरा बिरुवा, समीर सिद्धू सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।बागुनहातु में 'हो' समाज भवन में शिवचरण बारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें संजय बोदरा, सोमा बनरा, बागेश्री बिरूवा, पल्लवी पूर्ति, लिना समाड समेत अनेक लोग उपस्थित रहे। मानकी-मुंडा संघ और हो समुदाय के लोगों ने दोहराया कुर्मी/ कुड़मी को किसी भी सूरत में आदिवासी सूची में शामिल नहीं होने देंगे। यदि सरकार ने जबरदस्ती की तो सड़क से लेकर सदन तक विरोध होगा। बैठक के दौरान रैली में पारंपरिक आदिवासी परिधान और औजारों के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल होने का अनुमान लगाया जा रहा है।



# भवनाथपुर में कड़ियां डैम से हो रहा पानी का रिसाव, बांध टूटने की आशंका

## प्रशासन अलर्ट : आसपास के 500 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के अरसली दक्षिणी गांव के सीवान पर स्थित चार दशक पहले निर्मित कड़ियां डैम से रविवार की सुबह खतरे के संकेत मिलने लगे हैं। बताया जा रहा कि बांध के नीचे से पानी का तेज रिसाव हो रहा है, जिससे बांध के टूटने की आशंका बढ़ गई है। जैसे ही इस बात की जानकारी स्थानीय लोगों को मिली, खबर आग की तरह फैल गई और हजारों लोग डैम स्थल पर उमड़ पड़े। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भवनाथपुर प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया। बीडीओ नंदजी राम, सीओ, शंभु राम, थाना प्रभारी रजनी रंजन एसआई दिनेश सिंह, परवेज आलम, नारायण प्रसाद आदि अधिकारी मौके पर पहुंचे और भीड़ को नियंत्रित करते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की। इसी बीच श्री बंशीधर नगर के एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पानी के रिसाव के कारण बांध के नीचे जल स्तर लगातार नीचे की ओर बढ़ता जा रहा है, जिससे डैम के नीचे स्थित पानियाही टोला के एक दर्जन से अधिक भुइंया परिवार के लोगों के साथ ही रामप्रसाद, राधिका देवी, लालमुनि, राकेश, शिवकुमार, राजेश, विपत्त, बबलू, सुनिल, सुफिया कुंवर, कमलेश, भरदुल, बिनोद, किशुन, सिनोद, विपत्ति, राजेश, नंदू सहित करीब 500 लोग घबराकर अपने मवेशियों और जरूरी सामानों के साथ ऊंचे स्थानों पर पहुंच गए हैं। बीडीओ नंदजी राम ने प्रभावित लोगों को सरकारी स्कूल भवन में शरण लेने की अपील की है। यह आश्वासन भी दिया है कि किसी को भी रहने या खाने की दिक्कत नहीं होगी। प्रशासन ने राहत और बचाव दल को तैयार रखा है। अगर बांध टूटता है तो पानियाही, लंगड़ी, बुका और भवनाथपुर के निचले इलाके पूरी तरह प्रभावित हो सकते हैं। इन क्षेत्रों की फसलें, जल स्त्रोत, पुल और पुलिया गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त होने की संभावना है। स्थानीय लोग बांध की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2016 में भी इसी बांध में सीपेज (रिसाव) की समस्या सामने आई थी, जिसे अस्थायी रूप से मरम्मत कर दिया गया था। इसके अलावा वर्ष 2011-12 में बांध का मरम्मती निर्माण कार्य कराया गया था। बावजूद इसके, फिर से बांध की दीवार से पानी का रिसाव होना रखरखाव में लापरवाही की ओर इशारा करता है। फिलहाल प्रशासन ने डैम के आसपास जाने पर रोक लगा दी है। साथ ही इंजीनियरों की टीम से निरीक्षण रिपोर्ट मांगी गई है। इस मौके पर अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके।





भवनाथपुर के अरसली दक्षिण गांव में बढ़ा जलस्तर, सुरक्षित स्थान पर पहुंचाये गये लोग और स्थिति पर निगरानी रखते पुलिस के आला अधिकारी

# रंका में ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत, महिला घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** थाना क्षेत्र के मानपुर-महताब मोड़ के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। मृतकों की पहचान मुकेश कश्यप (45) और दिव्यांशु कुमार (14) के रूप में हुई है। जबकि घायल महिला की पहचान गीता देवी के रूप में हुई है। तीनों पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के बुढ़ीबीर गांव के रहने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक मुकेश कश्यप बाइक पर बेटे दिव्यांशु और पत्नी गीता देवी को बिठाकर घर से रामानुजगंज जा रहे थे। इसी बीत रंका थाना मुख्यालय से चार किलोमीटर दूर रंका-रमकंडा रोड के मानपुर गांव के महताब मोड़ के पास ट्रक के पिछले चक्का की चपेट में आ गये। इस हादसे में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि महिला गीता देवी घाय्यल हो गयी। इसकी सूचना पाकर रंका पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गयी। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मुकेश और दिव्यांशु को मृत घोषित कर दिया। जबकि गीता की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। वहीं, पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



## रंका के व्यक्ति की हरियाणा में बाइक दुर्घटना में मौत



**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पिंडरा ग्राम निवासी विश्वनाथ सिंह के पुत्र रामजन्म सिंह (48) की विगत शुक्रवार को हरियाणा में बाइक दुर्घटना में मौत हो गयी। शनिवार अक्टूबर को पोस्टमार्टम होने के बाद शव रविवार को हरियाणा से मृतक के गांव रंका के पिंडरा लाया गया, जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के मुताबिक रामजन्म सिंह 20 साल पहले बिना किसी को बताये काम करने हरियाणा चला गया था। डेढ़ साल पहले खोजबीन के दौरान हरियाणा के पलवल जिले के चांद थाना के अलावलपुर में प्रेम सिंह के यहां बरामद हुआ। उसकी तलाश में अहम भूमिका निभाने वाले झामुमो के गढ़वा युवा जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह उर्फ संजय छोटू ने बताया कि रामजन्म सिंह के लापता होने के बाद डेढ़ साल पहले राज्य के पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर की पहल पर गढ़वा पुलिस अधिक्षक दीपक कुमार पाण्डेय के अथक प्रयास से उसे हरियाणा में ढूंढ निकाला गया था। लेकिन वो तब वहां से वापस आने को तैयार नहीं हुआ। बताया कि उसके शव को पिंडरा लाने में भी उन्होंने सहयोग किया है। साथ ही मृतक के आश्रित परिवार को मालिक से 30 हजार रुपए की आर्थिक सहयोग भी दिलायी। मृतक अपने पीछे माता, पिता, पत्नी एवं चार पुत्र छोड़ गया है।

# अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक : निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जीएन कॉन्वेंट 10+2 स्कूल में टर्म-1 परीक्षाफल और अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसकी शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी, प्राचार्य सीबी सिन्हा, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर एवं वरिष्ठ शिक्षकों-अभिभावकों ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह बैठक अभिभावकों और शिक्षकों के बीच एक महत्वपूर्ण मंच है, जो छात्रों की शैक्षणिक प्रगति, व्यवहार संबंधी चुनौतियों और सीखने की शैलियों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करती है। यह गोष्ठी शिक्षकों को बच्चों के घर और स्कूल के माहौल को बेहतर ढंग से समझने में मदद करती है और अभिभावकों को घर पर बच्चों की शिक्षा का समर्थन करने के तरीके सिखाती है। इससे सकारात्मक सीखने का वातावरण बनता है। कहा कि आज अभिभावकों को खुलकर शिक्षा संबंधी शिकायत है तो बात रखनी चाहिए। शिक्षकों के योगदान को उल्लेखित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक न केवल बच्चों को किताबी ज्ञान देते हैं, बल्कि जीवन के मूल्यों के साथ ही सही-गलत की पहचान भी सिखाते हैं। उनकी प्रेरणा, मार्गदर्शन और धैर्य ही हमें चुनौतियों का सामना करने और अपनी कमजोरियों को दूर करने में मदद करता है। बच्चों के अंदर ज्ञान, शिक्षकों का चरित्र आईने की तरह होनी चाहिए, जो बच्चों के लिए सीख बने। इस दौरान अभिभावकों के योगदान की सराहना करते हुए निदेशक ने कहा कि अभिभावक बच्चों को घर पर जो संस्कार, समर्थन और प्रोत्साहन देते हैं वह विद्यालय में उनके बेहतर प्रदर्शन की नींव रखता है। आपकी सहभागिता, सुझाव और समर्थन हमारे लिए अमूल्य है। इस मौके पर विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को निदेशक एवं उपस्थित शिक्षकों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंच का संचालन उप प्राचार्य बसन्त ठाकुर, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कृष्ण कुमार ने किया।

# डीलर पर राशन नहीं देने का आरोप, डीसी से शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** पंचायत के नौका ग्राम के गुलाब स्वयं सहायता समूह डीलर के खिलाफ मरदा, जमतीपानी, बनजारी और लोदीडीह के कार्डधारियों ने राशन नहीं देने का आरोप लगाते हुए गढ़वा डीसी से शिकायत की है। इस पर संज्ञान लेते हुए डीसी ने भंडरिया बीडीओ सह यमो अमित कुमार को जांच का निर्देश दिया है। जिसके आलोक में बीडीओ ने गुलाब स्वयं सहायता समूह के जन वितरण प्रणाली की दुकान की जांच करते हुए सबसे पहले जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने के राशन आवंटन की एसआईओ ऑनलाइन कागज की जांच की। जिसमें पाया कि अंगुठा लगवाने के बावजूद गुलाब स्वयं सहायता समूह के डीलर द्वारा राशन नहीं दिया गया है। बीडीओ ने ने कार्डधारी से कहा कि जिला खाद आपूर्ति से बात कर अक्टूबर महीने से सभी कार्ड धारियों का राशन मिलने की व्यवस्था कराने का आग्रह करेंगें। इससे आक्रोशित कार्ड धारियों ने बीडीओ की गाड़ी को सड़क पर ही घेर कर प्रदर्शन करने लगे। कहा कि जबतक समस्या का समाधान नहीं हो जाता सड़क जाम-घेराव खत्म नहीं करेंगें। ग्रामीणों ने यह भी मांग की कि जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने के राशन क्यों नहीं मिलेगा। जब तक तीन महीने का राशन नहीं मिलता, अक्टूबर माह का भी राशन नहीं लेंगें। हालांकि बीडीओ ने कार्डधारियों को आश्वस्त किया कि अक्टूबर महीने में ही उनकी समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। जिसके बाद सड़क जाम हटाया गया। इस मौके पर कार्डधारी अशोक सिंह, वीरेंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह, सकेंद्र राम, फिटल माझी, अरबिंद तिर्की, सुमिरन सिंह, मनोज सिंह, अफजल अंसारी, वीरेंद्र सिंह और सोबरन सिंह सहित 200 कार्डधारी उपस्थित थे।

## दो बाइक की टक्कर में चाचा-भतीजा घायल

**मझिआंव/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सोनपुरवा पंचायत के गोगया गांव के समीप रविवार की सुबह सड़क हादसे में चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों की मदद से दोनों को मझिआंव रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी पहचान रंजीत कुमार रवि (34) और भतीजा सुदामा कुमार रवि (26) के रूप में हुई है। वे लोग मझिआंव थाना क्षेत्र के भागोडिह गांव के रहने वाले हैं। दोनों अपनी बाईक से निजी कार्य से गढ़वा जा रहे थे। तभी विंडांडा शिवकुमार सिंह के घर समीप सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उक्त बाइक पर सोनपुरावा निवासी अमीर खान, प्रदीप चंद्रवंशी एवं एक अन्य युवक सवार थे। हादसे के बाद अमीर खान और उसके सहयोगी मौके से फरार हो गए। उधर, घटना की सूचना पाकर आसपास के लोग पहुंच गये और गंभीर रूप से घायल दोनों को तुरंत मझिआंव रेफरल अस्पताल पहुंचाया। इस संबंध में पीड़ित परिजनों ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर आरोपितों पर कारवाई की मांग की है।

## दुर्गापूजा की सफलता पर पुलिस कर्मियों को किया गया सम्मानित



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** जय भामाशाह क्लब की ओर से दुर्गा पूजा महोत्सव की सफलता पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। क्लब के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर (भोलू) के नेतृत्व में थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार एवं उनकी टीम को सम्मानित किया गया। क्लब की ओर से पुलिस टीम को चुनरी, मेमेंटो एवं प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया गया। क्लब के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर ने कहा कि दुर्गा पूजा जैसे बड़े आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन की भूमिका सराहनीय रही है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार एवं उनकी पूरी टीम ने दिन-रात मुस्तैदी से काम किया, जिसके लिये हम उनके आभारी हैं। जय भामाशाह क्लब हमेशा सामाजिक समरसता एवं सौहार्द को बढ़ावा देने के लिये कार्य करता रहेगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन समाज के सहयोग के बिना यह संभव नहीं। क्लब के सभी सदस्यों ने अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया, जिसके कारण यह आयोजन सफल रहा। हम ऐसे आयोजनों में समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को हमेशा तैयार हैं। इस मौके पर एसआई संजय पासवान, क्लब के सचिव ऋतुराज जायसवाल, संरक्षक अमित कुमार गुड्डू, दिनेश जायसवाल, सदस्य सत्यप्रकाश एवं अक्षय कुमार भी उपस्थित थे।

## लंपी वायरस ने फिर बढ़ायी पशुपालकों की चिंता



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में इन दिनों पशुओं में लंपी वायरस के लक्षण दिख रहे हैं, जिससे पशुपालकों की चिंता बढ़ गई है। क्षेत्र के हरिहरपुर, डगर, डूमरसोता, बत्तोरपुरा, मझिगांवां आदि गांवों में छिटपुट रूप से पशु इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। मझिगांवां निवासी रामदुलार साह ने बताया कि उनके पशु में प्रारंभिक अवस्था में ही लंपी वायरस के लक्षण दिखाई दिए थे। उन्होंने पशु की नीम की पत्ती से धुलाई और होम्योपैथिक दवा का प्रयोग किया, जिससे धीरे-धीरे राहत मिली। विदित हो कि गढ़वा जिले में मात्र आठ पशु चिकित्सक ही कार्यरत हैं, जिस कारण पशुओं के इलाज में काफी कठिनाई हो रही है। इलाज की पर्याप्त व्यवस्था न होने से पशुपालकों को अपने स्तर पर ही घरेलू और आयुर्वेदिक उपचार का सहारा लेना पड़ता है। इस संबंध में हरिहरपुर के पशु चिकित्सक अमित कुमार सिंह ने बताया कि पहले की तुलना में अब लंपी वायरस के मामले कम हो गए हैं, फिर भी सतर्कता जरूरी है। कहा कि यह बीमारी विशेष रूप से दो वर्ष से कम उम्र के पशुओं में अधिक देखने को मिलती है। वायरस से ग्रसित पशुओं में पैरों में सूजन, शरीर पर गांठदार गोले, और हल्का बुखार जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। डॉ सिंह ने कहा कि यदि बुखार अधिक हो तो ही दवा देना जरूरी है, अन्यथा नीम की पत्ती से स्नान कराने से भी पशु को आराम मिल सकता है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक दवाएं इस बीमारी में अधिक कारगर सिद्ध हो रही हैं।

## छठ महापर्व को आकर्षक बनाने की तैयारी में जुटी युवाओं की टोली

**मेराल (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा शांति-सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद युवाओं की टोली अब लोक आस्था का महापर्व छठ और दीपावली की तैयारी में जुट गये हैं। रविवार को प्रखंड मुख्यालय के पुराना बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर तालाब की साफ-सफाई शुरू की गयी। इसी तालाब में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया था। दीपावली और छठ महापर्व को देखते हुए तालाब एवं शिव मंदिर परिसर की साफ-सफाई शुरू की गई है। इसके अलावा नेनुआ मोड छठ घाट पर सनराइज फैंस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा बैठक कर छठ महापर्व को भव्य वह आकर्षण बनाने के लिए रूपरेखा तैयार किया गया। बता दें कि आगामी 18 और 20 अक्टूबर को दीपावली मनायी जायेगी। जबकि 22 को गोवर्धन पूजा, 23 को भाई दूज के बाद छठ महापर्व का शुभारंभ 25 को नहाय-खाय के साथ शुरू होगी।

## पेट्रोल पंप कर्मी से 50 हजार रुपये की ठगी



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पाल्हे कला गांव निवासी महेश राम के ऑनलाईन ठगी का शिकार होने का मामला सामने आया है। पेशे से अंबालाल पटेल भारत पेट्रोलियम में कार्यरत महेश राम से 50 हजार रुपये की ठगी की गई है। पीड़ित ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उसने बताया कि शनिवार की शाम 3.45 बजे उसके मोबाईल नंबर 8002735585 पर 747807468 से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को नगर ऊंटारी बाल विकास परियोजना (आंगनबाड़ी) से जुड़ा अधिकारी बताते हुए कहा कि उसका नाती हर्ष कुमार (जो आंगनबाड़ी में पढ़ाई करता है) उसके परवरिश के लिये सरकार की योजना के तहत 7400 रुपये दिये जाने का झांसा दिया। लगे हाथ उसने एक लिंक शेयर कर बैंक संबंधी जानकारी और ओटीपी मांग लिया। इसके बाद महेश राम के खाते से फोन पे के माध्यम से करीब 49 हजार 811 रुपये की निकासी कर ली गई। इसका पता चलते ही उन्होंने तुरंत बैंक एवं स्थानीय थाना को जानकारी दी। पीड़ित महेश राम ने कहा कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो उनके परिवार पर भारी आर्थिक संकट खड़ा हो जायेगा। उधर, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि ठगी से संबंधित शिकायत मिली है। संबंधित नंबरों और ट्रांजेक्शन डिटेल्स की जांच की जा रही है। साथ ही मामले की जानकारी साईबर सेल को भी दी गई है।

## एसडीएम ने अवैध शराब के खिलाफ की औचक छापामारी

# शराब के दो अड्डे, तीन भट्ठियों को किया ध्वस्त एक टन से अधिक अर्धनिर्मित महुआ नष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



- दो महीने से लगातार मिल रही थी शिकायत
- पांच लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बरडीहा क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण की मिल रही शिकायतों के बीच रविवार को प्रखंड के आदर पंचायत अंतर्गत सुखनदी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया। करीब दो घंटे की छापामारी के दौरान कई संदिग्ध स्थलों की जांच की गई, जिसमें पांच लोगों की संलिप्तता से चल रहे दो अवैध शराब निर्माण अड-डे मिले। एसडीएम ने अपने चालक एवं सुरक्षा कर्मियों की मदद से तीनों शराब भट्ठियों को ध्वस्त करवा दिया और स्थानीय पुलिस को इन इलाकों में सख्त निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया।

### 10 क्विंटल महुआ जावा किया नष्ट

बरडीहा के सुखनदी गांव के इन दोनों ठिकानों पर हुई कार्रवाई के दौरान 10 क्विंटल से अधिक अर्धनिर्मित महुआ जावा विनष्ट किया गया। साथ ही शराब निर्माण काम में प्रयुक्त होने वाले सभी उपकरणों को मौके पर ही तोड़ दिया गया। अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि उन्हें व्हाट्सएप, फेसबुक मैसेंजर आदि सोशल मीडिया माध्यमों से इन इलाकों के लोगों द्वारा लगातार अवैध गतिविधियों की गोपनीय सूचना दी जा रही थी। उन्हीं सूचनाओं पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने रविवार को औचक छापामारी की। एसडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों और थाना को स्पष्ट निर्देश दिया कि अवैध महुआ शराब कारोबार में लिप्त संगठित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमित कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल गैरकानूनी हैं, बल्कि सामाजिक शांति और जनस्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा हैं। उधर, एसडीएम की इस औचक छापामारी की भनक लगते ही धंधे में लिप्त लोग भाग चुके थे। हालांकि स्थानीय लोगों से पूछताछ के क्रम में अवैध महुआ शराब निर्माण के काम में लालमन यादव, गोपाल, वीजेंद्र, विनय, संदीप आदि का नाम सामने आया है। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि उपरोक्त लोगों को क्षेत्र की प्रशांति में बाधक मानते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126 के तहत कार्रवाही की जा रही है। इस दौरान रविंद्र पासवान, कंचन प्रसाद, अनिल कुमार, रमेश प्रसाद, राम प्यारे राम आदि मौजूद रहे। एसडीएम ने लोगों से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें और अपने आसपास किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत निकटवर्ती थाना या नेशनल हेल्पलाइन 112 पर दें।

## सगमा में छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर बैठक

**सगमा/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** छठ महापर्व को लेकर क्षेत्र के बीरबल गांव स्थित सूर्य मंदिर परिसर में रविवार को बैठक की गई। जिसका आयोजन श्री राम सेवा समिति एवं सूर्य मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। बैठक की अध्यक्षता भोला साह ने की। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस वर्ष छठ महापर्व को ऐतिहासिक, भव्य और दिव्य रूप से मनाया जाएगा। इसके लिए एक 55 सदस्यीय छठ महापर्व आयोजन समिति का गठन किया गया, जिसमें दोनों समितियों के पदाधिकारी और स्थानीय गणमान्य लोग शामिल हैं। समिति का अध्यक्ष बालेश्वर यादव को बनाया गया है, जबकि कृष्ण कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष और महेश शाह सचिव बनाए गए। वहीं, मणिशंकर विश्वकर्मा को उप सचिव, विकास यादव को कोषाध्यक्ष और मृगेंद्र प्रताप विश्वकर्मा को उप कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति के महामंत्री के रूप में रामचंद्र विश्वकर्मा, रविंद्र विश्वकर्मा, संगठन मंत्री ऋषभ राज श्रीवास्तव और आशीश विश्वकर्मा को चुना गया। उप संगठन मंत्री बजरंगी यादव और मनोज प्रजापति बनाये गये। समिति के संरक्षक मंडल में रामोद प्रसाद श्रीवास्तव, भोला साह, नंद किशोर यादव, कामेश्वर यादव, बिनोद विश्वकर्मा, ललित साह, प्रेम यादव, बिनेश्वर भुइया, श्रीकांत विश्वकर्मा, बिनोद सिंह आदि को शामिल किया गया है।

## विनोद पाठक जिला अध्यक्ष और मृत्युंजय पांडेय बने सचिव

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के काली स्थान स्थित विनोद पाठक के आवास पर सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा गढ़वा जिला इकाई की बैठक रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता बृज बिहारी पांडे ने की। इसमें जिला इकाई के कार्यकाल की गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला इकाई के संगठन का कार्यकाल पूरा होने पर जिला कमेटी को भंग करने की घोषणा जिला अध्यक्ष एसएन पाठक ने किया। उन्होंने मौके पर ही अध्यक्ष पद से इस्तीफा की घोषणा की। वहीं, जिला सचिव ब्रजेश कुमार मिश्रा ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही बैठक में जिला के नई कमेटी पुनर्गठित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से विनोद पाठक को जिला अध्यक्ष एवं मृत्युंजय पांडेय को जिला सचिव बनाया गया। इस मौके पर एसएन पाठक, ब्रजेश कुमार मिश्रा, अमित कुमार पाठक, मृत्युंजय कुमार पांडेय, पंडित गंगाधर पाठक, श्रीपति पांडेय, विनोद कुमार पाठक, सत्येंद्र कुमार मिश्र, चंद्र कुमार, ओमप्रकाश मिश्रा, सत्येंद्र वैध, दीपक कुमार मिश्र, मुरारी धर पांडेय आदि उपस्थित थे। इससे पहले बृज बिहारी पांडेय को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# जर्जर आंगनबाड़ी भवन में पढ़ने को मजबूर हैं नौनिहाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड़ क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत पतलो का आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर हो गया है.जिस पर छोटे छोटे नौनिहाल बच्चे बच्चियां पढ़ने को मजबूर हैं। छेदन उरांव, कृष्णा महली, सुभाष उरांव, बुलेट सिंह,आनंद उरांव, बदरी सिंह, शनीचरवा उरांव ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आंगनबाड़ी केंद्र बहुत पहले बना था। जो बनने के बाद कभी मरम्मती नही हुआ जिसे यह काफी जर्जर स्थिति में है। उसी आंगनबाड़ी में नन्हे मुन्ने बच्चे बच्चियां पढ़ते हैं। जिसे आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर होने के कारण नवनिहाल बच्चों के लिये भवन खतरा साबित हो रहा है। वही पतलो आंगबाड़ी केंद्र की सेविका शशि उरांव का कहना है कि मासिक बैठक में विभाग को लिखित और मौखिक सूचना देने के बावजूद नया आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण के लिये कोई ठोस पहल नही किया जा रहा। कहा कि छोटे छोटे बच्चे बच्चियों के साथ आंगनबाड़ी संचालित करने के लिये हम लोग को खतरा महसूस होता है। जिस कारण दूसरे के घर मे केंद्र संचालित करना पढ़ रहा है।

# परंपराएं और लोक संस्कृतियां ही हमारी असली पहचान : बिंदेश्वर उरांव

**जतरा महोत्सव में दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने लिया भाग**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कुडू/ लोहरदगा।** कुडू के सुकुर हुटू गांव में 5 अक्टूबर को एक भव्य जतरा महोत्सव का सफल आयोजन किया गया। यह पारंपरिक आयोजन स्थानीय ग्रामीणों की आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक रहा। जहां आस पास के दर्जनों गांव ने अपने टीमों के साथ भाग लिया। उन्हें उचित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा, झारखंड प्रदेश के महामंत्री बिंदेश्वर उरांव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारी परंपराएं और लोक संस्कृतियां ही हमारी असली पहचान हैं। इन्हें संजोना और अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव आदिवासी समाज की परंपराओं, भाषा और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध रही है।

इस जतरा महोत्सव में हजारों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रामीण युवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और पारंपरिक नृत्य, गीत एवं खेल प्रतियोगिताएं आयोजन का विशेष आकर्षण रही। महिलाओं की सहभागिता ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया।

मुख्य अतिथि बिंदेश्वर उरांव को ग्रामवासियों ने पारंपरिक ढंग से स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोज एवं नृत्य गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रीना भगत जिला परिषद सदस्य, बजरंग उरांव, संजय चौधरी, विजय कुमार सिंह, कृष्णा सिंह, अवधेश उरांव, थाना प्रभारी, आदिवासी छात्र संघ के पदाधिकारी, पड़हा के पदाधिकारी आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# 'समृद्धि 2025' कार्यक्रम में लोहरदगा के मुकेश कुमार यादव ने मारी बाजी




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** एनसीइआरटी, नयी दिल्ली के समृद्धि कार्यक्रम 2025 के तहत झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेएसइआरटी), रांची में राज्य स्तरीय समृद्धि 2025 का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीइआरटी) द्वारा कला उत्सव 2024-25 के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य माध्यमिक स्तर पर कला-एकीकृत शिक्षा को बढ़ावा देना और शिक्षकों की रचनात्मकता और नवीन शिक्षण विधियों को प्रोत्साहित करना है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप है, जिसके तहत विज्ञान, गणित, मानविकी और भाषा जैसे विषयों को दृश्य कला, संगीत और नाट्य विधाओं के माध्यम से अधिक प्रभावी ढंग से सिखाने का लक्ष्य है। राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम में लोहरदगा जिले से दो शिक्षकों ने प्रतिनिधित्व किया जिसमें मुकेश कुमार यादव, भौतिक विज्ञान शिक्षक, राजकीयकृत प्लस टू गांधी मेमोरियल उच्च विद्यालय, माराडीह (कुडू) और विनीत कुमार, गणित शिक्षक, राजकीयकृत प्लस टू डॉ अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय, कैरो शामिल हैं। राज्य स्तर पर अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति के दम पर मुकेश कुमार यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल जिले का नाम रोशन किया बल्कि अब वे राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनकी इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर ने बधाई देते हुए कहा कि मुकेश कुमार यादव राष्ट्रीय स्तर पर जिले और राज्य का नाम और अधिक उंचा करेंगे। हम सभी की शुभकामनाएं उनके साथ हैं।

# कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बनने पर सूखैर भगत को लोगों ने दी बधाई



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत के पूर्व मुखिया सह जिला कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रभारी प्रकाश उरांव और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लोहरदगा जिला कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष बनने पर सूखैर भगत को बधाई दिया है। साथ ही अन्य सभी जिलों के नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को भी बधाई दिया है। वही प्रकाश उरांव ने कहा कि यह अवसर केवल पद प्राप्त करने का नहीं बल्कि पार्टी के प्रति परिश्रम के साथ निष्ठापूर्वक समर्पण सिद्ध करने का है। जिन्हें पुनः यह जिम्मेवारी मिली है। उनके सामने और बड़ी चुनौती है। वे विश्वास और भरोसे की कसौटी पर खरे उतरने का कोसीस करेंगे और जिन्हें पहली बार यह अवसर प्राप्त हुआ है। उन्हें अपने कार्य और निष्ठा से पार्टी की मजबूती का नया अध्याय लिखना होगा। लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष सुखैर भगत पर पुनः भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने जो अपार विश्वास, उम्मीद और भरोसा किया है। वह केवल एक व्यक्ति पर नहीं बल्कि पूरे जिले की जनता और कार्यकर्ताओं पर पार्टी का अटूट भरोसा है। बधाई देने वालों में सांसद प्रतिनिधि नन्दकिशोर शुक्ला, प्रकाश उरांव, जमील अंसारी, दुखिया भगत, शौकत अंसारी, बुदु भगत, फिरोज अंसारी समेत अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बधाई और शुभकामना दिया है।

# लोहरदगा को मिली राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट की मेजबानी

**13 से 15 अक्टूबर तक एमएलए महिला कॉलेज में होंगे मुकाबले**

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन, लोहरदगा को एक बार फिर बड़ी जिम्मेदारी मिली है। झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन के राज्य सचिव प्रभाकर राव द्वारा जारी पत्र में लोहरदगा जिले को बालक एवं बालिका वर्ग के अंडर-11 और अंडर-13 सिंगल्स एवं डबल्स राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट सह चयन प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

यह प्रतियोगिता 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2025 तक एमएलए महिला कॉलेज, लोहरदगा में आयोजित होगी। राज्य भर से उभरते हुए खिलाड़ी इसमें हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

टूर्नामेंट की तैयारी को लेकर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में आयोजन की रूपरेखा तय की गयी और विभिन्न पदाधिकारियों के बीच जिम्मेदारियां बांटी गयी।

इस अवसर पर डॉ गणेश प्रसाद ने कहा कि इस राज्य स्तरीय आयोजन से जिले के खिलाड़ियों में नया उत्साह आयेगा और बैडमिंटन खेल को नयी दिशा मिलेगी। जिले के खिलाड़ी और खेल प्रेमी इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं।

बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, पूर्व एमएलसी प्रवीण कुमार सिंह, सचिव मुरारी गोस्वामी, संयुक्त सचिव रणजीत कुमार साहू, कोषाध्यक्ष नसीम अख्तर, शिवकुमार भगत, दुबराज यादव, नीरज खत्री, गणेश पांडे, मलय दत्ता, अरुण राम, उत्तम कुमार शर्मा, प्रवीण पटेल और विनोद उरांव सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# मनरेगा योजना में बिचौलिया पर रुपये गबन करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनिका/ लातेहार।** नामुदाग पंचायत के ग्राम चेचेंधा में मनरेगा कर्मियों के मिली भगत से मनरेगा योजना में भारी भ्रष्टाचार करने का मामला सामने आया है। ताजा मामला चेचेंधा निवासी मोहन यादव का है, जिन्हें बिना बताये ही उनके परिवार के तीन लोगों के नाम से गांव के ही एक अर्जुन यादव नामक बिचौलिए ने योजना कराकर लाखों रुपये निकाल कर गबन कर लिया है। वहीं लाभुक मोहन यादव ने बताया कि अर्जुन यादव जो नामुदाग पंचायत के ही निवासी हैं,उन्होंने हम लोगों के तीन परिवार के नाम से इसीबी योजना करवाया है, जिसकी हम लोगों को कोई जानकारी नहीं है। हमें कुछ दिनों पहले ही पता चला कि हमारे नाम से मनरेगा योजना के तहत इसीबी पास कराया गया है। जब इसकी जांच करवाया तो पता चला कि मोहन यादव के जमीन पर इसीबी निर्माण, जिसका वर्क कोड 3645991 और कुल राशि का निकासी 31020 रुपये, कमली देवी के नाम से ईसीबी निर्माण, वर्क कोड 3646004 और पैसा निकासी 33840 रुपये एवं सुनील यादव के नाम से इसीबी निर्माण, वर्क कोड 3945783 और पैसा निकासी 35531 रुपये किया गया है। उन्होंने बताया कि हम लोगों को बिना बताये ही योजना कराकर अर्जुन यादव के द्वारा लगभग 1.6 लाख रुपये निकाले गये। जब अर्जुन यादव को बिना बताए योजना कराने का विरोध किया तो अर्जुन यादव मुझे ही धमकी देने लगे और बोलने लगे की जहां जाना है जाओ तुम मेरा कुछ भी नहीं बिगाड़ पाओगे। वहीं सूत्रों का कहना है कि मनरेगा योजना में मनरेगा कर्मियों के मिली भगत से क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में बिचौलिए अपना मनमानी कर रहे हैं। बिचौलिए बिना बताये ही किसी के भी नाम से योजना पास करा ले रहे हैं और योजना का पैसा भी निकाल ले रहे हैं उन्हें अधिकारियों का कोई खौफ नहीं है। लाभुक को बिना बताये ही उनके नाम से योजना करा लेना और योजना का पेमेंट भी होना, साफ तौर पर दर्शाता है कि इसमें मनरेगा कर्मियों का पूरी तरह से मिली भगत है। वहीं जब नामुदाग पंचायत के मुखिया दिनेश सिंह से इस विषय में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उक्त बिचौलिए के द्वारा अगर ऐसा किया गया है,तो बिल्कुल ही गलत है इसकी जांच की जायेगी और नियम संगत कार्रवाई भी की जायेगी।

# स्वास्थ्य शिविर में 40 लोगों ने करायी जांच



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेवा भारती लोहरदगा द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में लगातार 173वें सप्ताह के अवसर पर रविवार को सुबह 7:30 बजे से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 40 लोगों ने जांच करवा कर लाभ प्राप्त किया। शिविर में हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि की निशुल्क जांच की गयी। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है, इसलिए निस्वार्थ भाव से सेवा करना ही हमारा धर्म है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने लोगों से अपील की कि जैसे घर में दुर्गंध आने पर हम कारण खोजते हैं, वैसे ही शरीर में किसी असामान्य लक्षण दिखने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सहसचिव संजय चौधरी एवं अनामिका भारती ने बताया कि यह शिविर प्रत्येक रविवार सुबह एक घंटे के लिए नियमित रूप से लगाया जाता है, जहां लोग स्वास्थ्य जांच कराकर डॉक्टरों की सलाह से स्वस्थ हो रहे हैं। शिविर में प्रमुख रूप से अंजलि सर्राफ, लक्ष्मी नारायण भगत, शारदा देवी, अतुल सर्राफ, सच्चिदानंद अग्रवाल, सुनीता वर्मा, मणिलाल प्रसाद, गौरी शंकर चौधरी, रमेश महतो, किशोर अग्रवाल, दीपक श्रीवास्तव, सूरज कुमार साहू सहित अनेक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे।

# सूखैर भगत फिर बने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

**संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमिटी के संगठन सृजन अभियान वर्ष 2025 के तहत सूखैर भगत को पुनः लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अपनी पुनर्नियुक्ति पर सूखैर भगत ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, झारखंड प्रभारी के राजू और बेला प्रसाद के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के साथ-साथ कार्यकर्ताओं के विश्वास और सहयोग के लिए भी धन्यवाद दिया। सूखैर भगत ने कहा कि पार्टी के प्रति निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए, सभी स्तर के कार्यकर्ताओं के विश्वास, भावना और भागीदारी को बनाए रखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने का सतत प्रयास करूंगा।

# हर्षोल्लास के साथ ऐतिहासिक चट्टी जतरा संपन्न

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा भंडरा का ऐतिहासिक चट्टी जतरा रविवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में लोग जतरा में शामिल हुए और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। जतरा में आयोजित पारंपरिक गीत नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र था। जतरा का मुख्य आकर्षण कमेटी द्वारा आयोजित नागपुरी और आधुनिक नृत्य कार्यक्रम और विभिन्न गावों से आये खोड़हा नृत्य समूह थे। लोगों ने नृत्य का जमकर लुफ्त उठाया। जतरा कमेटी द्वारा सभी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुखिया कइली उरांव, गांव के पहान टूनु पहान, रंथू पाहन, चरवा उरांव अतिथि के रुप में शामिल हुए। जतरा में बच्चों और युवाओं ने झूला व अन्य मनोरंजक स्टॉलों का जमकर लुफ्त उठाया। मिठाई और अन्य दुकानों में भी भीड़ लगी थी।

# पर्यटकों के लिए खुला बेतला नेशनल पार्क

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** देश विदेश में खुले पार्क के तौर पर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बेतला नेशनल पार्क प्रजनन काल से बंद के बाद रविवार से पर्यटकों के लिए पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर खोल दिया गया। बता दें कि प्रजनन काल के बाद पार्क खुलने का इंतजार कर रहे पर्यटकों और स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल देखा समारोह में पार्क के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जैना ने अपनी मौजूदगी में स्कूली छात्र रोहन कुमार के हाथों फीता काटकर पार्क का शुभारंभ किया। इस मौके पर वन विभाग के रेंजर उमेश दुबे, रेंजर अजय टोप्पो, वनपाल, वनरक्षी व स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पूजा-अर्चना के उपरांत पार्क परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं वन्यजीव सुरक्षा को लेकर जागरूकता संदेश भी दिया गया। डिप्टी डायरेक्टर जैना ने बताया कि बरसात के दौरान सुरक्षा कारणों से पार्क को बंद रखा गया था। अब मौसम अनुकूल हो गया है, इसलिए इसे पर्यटकों के लिए दोबारा खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस सीजन में पर्यटक हाथी, हिरण, भालू समेत कई दुर्लभ वन्य जीवों और पक्षियों को देखने का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने आगे बताया कि पर्यटकों की सुविधा के लिए पार्क में सफारी वाहनों, प्रशिक्षित गाइड, सुरक्षा व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है। साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ रखने की अपील भी की गयी।

## सिर्फ सफारी वाहन का ही होगा इस्तेमाल

प्रबंधन ने अब बंद वाहनों के पार्क में प्रवेश पर सख्त पाबंदी लगा दी है। नतीजतन पर्यटक अब सिर्फ और सिर्फ विभागीय अनुमति प्राप्त ओपन सफारी वाहनों से ही पार्क की सैर कर पायेंगे।पहला शिफ्ट 06:00 बजे ,07:40 बजे 09:10 बजे 10:40 दूसरा शिफ्ट 02:00 बजे से 05:30 तक इन और 06:30 आउट का समय निर्धारित किया गया है।

# ग्राम प्रधान ने रैयतों की जमीन संबंधी त्रुटि में जल्द सुधार की मांग की



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा के बारी पंचायत भवन बारी में ग्राम प्रधान बारी रोबिन उरांव की अध्यक्षता में बैठक की गयी जिसमे उपस्थित सभी रैयतों के द्वारा बारी बारी अपनी समस्याओं को रखा। सभी रैयतों का एक ही मांग है कि सर्व प्रथम जमीन सम्बन्धित त्रुटि को सुधार किया जाए। इसको लेकर रैयतों में काफी रोष है। हर दिन प्रखंड एवं जिला का चक्कर लगाते लगाते परेशान हो चुके है। हर जगह झूठा आश्वाशन दिया जाता है। जिससे बनहर्दी कोल ब्लॉक में विस्थापित रैयतों में काफी आक्रोश है। कोल ब्लॉक विस्थापित समिति सदस्यों के द्वारा विस्थापित परिवारों की सूची बनाने एव जनगणना करने का निर्णय लिया गया। जिसे एक सप्ताह मे पूर्ण कर अगले बैठक मे प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। जिसे लेकर उपायुक्त लातेहार से मिल कर विभिन्न समस्याओं को रखा जा सके। इस बैठक में मुख्य रूप से लाल जन्मजय नाथ शहदेव, बेलाल अहमद, रमेश उरांव, अहमद अंसारी, हाजी हाशिम जीते उरांव महेश राम राजू उरांव नेजाम मियां नौशाद अंसारी बरतु उराव, तेतर मोची देव प्रसाद यादव साहेबु उरांव धनेश्वर राम राजेंद्र उराव बिनोद भुइयां उपेंद्र राम परमेश्वर लोहरा लालसहाय उरांव हिरालाल उराव राम प्रवेश साव संजय मुंडा राजेंद्र कुजूर अभिषेक मुंडा दिनानाथ त्रिकी अख्तर अंसारी आरिफ अंसारी मोबिन अंसारी राजीव मुंडा मुकेश उरांव नागेरा उरांव उदित राम अजय मुंडा इत्यादि सैकड़ो रैयत मौजूद थे।

# सात पड़हा जतरा का भव्य आयोजन



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड अंतर्गत हनहट पंचायत में सात पड़हा जतरा का आयोजन समिति, 7 पड़हा हुदु, केराटोली, गीतिलगढ़, कक-ड़गढ़,रानीटोंगरी, तुरंग, चीरना, माह गांव आदि पारंपरिक जतरा कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा धारण कर ढोल, मांदर, नगाड़ा और पारंपरिक गीतों की थाप पर झारखंडी संस्कृति की अनूठी छटा बिखेरी। पूरा क्षेत्र लोकसंस्कृति की लय से गुंजायमान हो उठा। जिन्होंने अपने पारंपरिक गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत कर स्थानीय संस्कृति का अद्भुत प्रदर्शन किया। जतरा स्थल पर खेल-खिलौने, मिठाई और स्थानीय वस्तुओं की दुकानों में भी भारी चहल-पहल रही। जतरा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी, थाना एसआइ मनोज कुमार गुप्ता, स्वशासन व्यवस्था का दिवान जातरु उरांव, कैरो प्रखण्ड कांग्रेस मंडल अध्यक्ष अफताब आलम, हनहट पंचायत के मुखिया सरवन मुंडा, श्यामसुंदर उरांव, बाबूलाल मुंडा, साधु उरांव , विकास भगत, महावीर उरांव, अशोक पहान,सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। अतिथियों का पारंपरिक रीति से स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने विभिन्न खोड़हा दलों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्रत्येक दल के अगुवाओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# तीन माह से लापता महिला की सूरत से घर वापसी

आजद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के कुसुमटोली गांव में उस समय भावनात्मक दृश्य देखने को मिला जब तीन माह से लापता टीलमनी देवी अपने घर सकुशल लौटीं। टीलमनी देवी बुधन मुंडा की पत्नी हैं और मानसिक रूप से थोड़ी विक्षिप्त हैं। लगभग तीन महीने पहले वह रात में बिना बताए घर से निकल गयी थीं और भटकते-भटकते गुजरात के सूरत जा पहुचीं। परिवारजन महीनों तक उनकी तलाश में भटकते रहे। अंततः हेल्प ड्राइव फाउंडेशन, सूरत और चंदवा के विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज के प्रयासों से उनकी घर वापसी संभव हो पायी।

## हेल्प ड्राइव फाउंडेशन ने निभायी जिम्मेदारी

सूरत स्थित मां आस्था सामाजिक सेवा संस्थान आश्रय गृह, अलथन में हेल्प ड्राइव फाउंडेशन ने टीलमनी देवी को लगभग 69 दिनों तक अपने संरक्षण में रखा। फाउंडेशन के संचालक तरुण मिश्रा और सहयोगी निक्की ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए महिला को न केवल रहने और खाने की सुविधा दी बल्कि उनके परिवार तक पहूंचने के हर संभव प्रयास किए। इस दौरान उन्होंने चंदवा के विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज से संपर्क स्थापित किया। आदर्श रवि राज ने सूरत फाउंडेशन से लगातार संवाद बनाए रखा और महिला की पहचान की पुष्टि कर उनकी घर वापसी की प्रक्रिया शुरू करायी।

**वायरल वीडियो से हुई पहचान**

: 18 सितंबर 2025 को सोशल मीडिया पर सूरत से एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक महिला भटकती नजर आयी। अंकित कुमार गोलू ने वीडियो देखकर पहचान की कि वह टीलमनी देवी हैं। उन्होंने तुरंत जानकारी आदर्श रवि राज को दी। इसके बाद रवि राज ने लातेहार विधायक प्रकाश राम और चंदवा बीडीओ चंदन प्रसाद को अवगत कराते हुए महिला को लाने की दिशा में पहल की। 20 सितंबर को टिकट बुक हुआ, लेकिन कुर्मी समाज के रेल रोको आंदोलन के कारण परिजन उस दिन सूरत नहीं जा सके। अंततः 27 सितंबर को परिजन रवाना हुए और 29 सितंबर की सुबह सूरत पहूंचे। हेल्प ड्राइव फाउंडेशन की सहायता से टीलमनी देवी को सूरत से पटना, फिर वहां से टोरी और फिर चंदवा लाया गया।

## विस्थापित मुसहर परिवारों के बीच भूमि पट्टा वितरण समारोह का आयोजन

# सरकार का लक्ष्य है भूमिहीन परिवार को जमीन उपलब्ध कराना : वित्त मंत्री

29 अगस्त 2022 को मुसहर परिवार को किया गया था विस्थापित

विस्थापित के बाद से मुसहर परिवार पुराने थाने भवन में लिया था शरण

आजाद सिपाही संवाददाता



सभा को संबोधित करते वित्त मंत्री और मंच पर उपस्थित अन्य लोग।

**पांडू/पलामू।** विस्थापित मुसहर परिवार के बीच रविवार को प्लस टू कल्याण उच्च विद्यालय के मैदान में भूमि पट्टा समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अथिति के रूप में सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्णकिशोर व विशिष्ट अतिथि के रूप में पलामू सांसद वीडी राम एवं विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह उपस्थित थे, इस समारोह कार्यक्रम में दस मुसहर परिवार को दस - दस डिसमिल जमीन भूमि पट्टा के रूप में नये थाना भवन के सामने उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर वित्त मंत्री राधा कृष्णकिशोर ने कहा कि यह कार्यक्रम मानवता पर आधारित है, पिछले चार वर्षों से काफी मशक्कत के बाद मुसहर परिवार को बंदोबस्त भूमि पट्टा उपलब्ध कराया गया है, वहीं उन्होंने कहा कि मानव जीवन को व्यतीत करने के लिए घर और जमीन होना आवश्यक है, इसके साथ सभी बुनियादी सुविधा भी मिलनी चाहिए।

वहीं विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि मुसहर परिवार को भूमि उपलब्ध कराने में चार वर्ष लग गये, यह दुःखद है। इस मुसहर परिवार को पहले ही भूमि उपलब्ध हो जाना चाहिए था और इनका आवास भी बन जाना चाहिए था। वहीं उन्होंने कहा कि कजरु कला के तीन भूमिहीन परिवार के लिए उन्होंने विधानसभा एवं दिशा की बैठक में मामले को रखा था लेकिन आजतक उस परिवार को जमीन उपलब्ध नहीं हो सका है। मुसहर परिवार को भूमि पट्टा का प्रमाण पत्र के साथ 40-40 किलो चावल व मच्छरदानी भी दिया गया। संचालन शिक्षक नेता प्रद्युम्न कुमार सिंह उर्फ सिंटू ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पांडू मुखिया प्रियंका सिंह ने किया। इस मौके पर डीसी समीरा एस, डीडीसी जावेद हुसैन, सदर एसडीएम सुलोचना मीना, डीएफओ सत्यम कुमार, प्रशिक्षु आईएस हिमांशु कुमार, अपरसमाहर्ता कुंदन कुमार, जिप सदस्य मीना देवी, प्रमुख नीतु सिंह, मुखिया प्रियंका सिंह, पूनम देवी, रामबाबू यादव, भाजपा नेत्री संध्या सिंह, युवा समाजसेवी सिंटू सिंह, दया सिंह, धर्मदेव सिंह यादव, सुनील पांडेय, सांसद प्रतिनिधि कृष्णविजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, जवाहर पासवान, शमशेर, गोविंद सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### राज्य सरकार ने कोई नीति नहीं बनायी है, जिसके कारण लोग आज भी बेघर हैं : सांसद वीडी राम

वहीं पलामू सांसद वीडी राम ने कहा कि राज्य सरकार ने कोई नीति नहीं बनाई है जिसके कारण लोग आज भी बेघर हैं। उन्होंने वित्तमंत्री से आग्रह किया कि वैसे लोगों को मुख्य धारा से जोड़कर अंतिम व्यक्ति तक समुचित व्यवस्था बहाल करने को कहा, अंतिम व्यक्ति तक समुचित व्यवस्था कराना ही विकसित भारत की सफलता है। उन्होंने कहा कि दिशा की बैठक में निर्णय लिया गया था कि 5 अक्टूबर को मुसहर परिवार को भूमि पट्टा के रूप में दस - दस डिसमिल जमीन दिया जायेगा।

## देवघर जिला कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मुकुंद ने संभाला पदभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा नियुक्त देवघर जिला कांग्रेस कमिटी के नये जिलाध्यक्ष मुकुंद दास ने रविवार को देवघर कांग्रेस कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रो. उदय प्रकाश एवं जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ. मुन्नम संजय ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर नये जिलाध्यक्ष का स्वागत किया और उन्हें पदभार ग्रहण कराया। प्रो. उदय प्रकाश ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुकुंद दास संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जायेंगे।

स्वागत से अभिभूत मुकुंद दास ने कहा कि यह पद चुनौतीपूर्ण है और वे कांग्रेस के सिद्धांतों पर चलते हुए सभी को साथ लेकर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं किसी के साथ कोई विभेद नहीं करूंगा, पार्टी हित में सभी रचनात्मक कार्य करूंगा।' इस दौरान सोशल मीडिया पर कुछ नेताओं द्वारा असंतोष भी व्यक्त किया गया। कांग्रेस के महासचिव अवधेश प्रजापति ने फेसबुक पर नये जिलाध्यक्ष की नियुक्ति पर सवाल उठाया, हालांकि वरिष्ठ नेता डॉ. मुन्नम संजय ने कहा कि 'कांग्रेस एक बड़ा परिवार है, थोड़ी बहुत नाराजगी स्वाभाविक है और शीघ्र ही सब एकजुट होकर संगठन को मजबूत करेंगे।'

पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. उदय प्रकाश ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन को पंचायत और वार्ड स्तर तक मजबूत बनाया गया है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नागेश्वर सिंह, जिला महासचिव सह प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल, रवि गुप्ता, विवेक मिश्रा, कुमार राज, रवि वर्मा, ओमप्रकाश यादव, मो. बैलालुद्दीन, अभिषेक दुबे, अटल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने घोषणा की कि 6 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी, जिसमें सभी सदस्यों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### कीचड़ में तब्दील हुई सड़क, लोगों को हो रही परेशानी



**सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही) ।** सतबरवा प्रखंड मुख्यालय से दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली सड़क कीचड़ में तब्दील हो गयी है। जिससे आने जाने वालों को काफी परेशानी हो रही है। पैदल चलना तो मुश्किल है ही ,गाड़ी वालों को भी दिक्कत हो रही है। यह सड़क मलय नदी छलका पुल से एकता गांव तक जाती है, इसी बीच में उत्क्रमित मध्य विद्यालय नदी पार के पास लगभग 200 फीट कच्ची सड़क है जो बिल्कुल पैदल चलने लायक नहीं बची है। शनिवार को गुस्सा जाहिर करते हुए करते दर्जनों स्थानीय महिलायें सड़क पर खड़ी हो गयी। रीता देवी और नीलू देवी ने बताया कि रोड़ में कीचड़ हो जाने के कारण हमारे बच्चे स्कूल जाते समय गीर जा रहे हैं, जिससे ड्रेस गंदा हो जारहा है। आगे उन्होंने कहा कि सड़क जल्दी नहीं बनी तो वोट नहीं देंगे। वहीं इस कीचड़ वाली सड़क का फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। मौके पर गोविंदा पासवान, गुड़ीया देवी, सोशीता देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### पलामू बीस सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी को कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने पर विश्रामपुर कांग्रेस टीम ने दी बधाई



**विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)।** पलामू के पूर्व सांसद रामदेनी राम की पुत्री पलामू बीस सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी को अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी ने पलामू जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। विमला कुमारी को पलामू जिलाध्यक्ष बनने के बाद विश्रामपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार शुक्ला उर्फ गुड्डू शुक्ला ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई देते हुए कर्तव्यनिष्ठ व इमानदार छवी बताते हुए जिलाध्यक्ष की खूब प्रशंसा किया। प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि विमला कुमारी कांग्रेस पार्टी के सबसे समर्पित व वफादार साथी हैं। रविंद्र शुक्ला ने पूर्व जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक की भी प्रशंसा किया और बताया लोकहित में और पार्टी हित में बिट्टू पाठक सदैव दिन दुखियारी की मदद किए हैं। रविंद्र ने जिलाध्यक्ष विमला कुमारी को विश्रामपुर प्रखंड कांग्रेस टीम की ओर से शुभकामना देते हुए विश्रामपुर पर अत्यधिक ध्यान देने का आग्रह किया।

### मानसिक रूप से विक्षिप्त पिता ने की पुत्र की हत्या

**पांकी / पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी थाना क्षेत्र के रतनपुर मे एक दिल दहला देने वाला घटना सामने आया है। पिता अमित ठाकुर ने अपने ही पुत्र सूरज ठाकुर उम्र करीब 16 वर्ष को शनिवार को रात्रि गर्दन पर टांगी से वारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पिता ने मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिता अमित ठाकुर की पत्नी एक वर्ष पूर्व से साथ मे नहीं रह रही थी। जिसके वजह से अमित ठाकुर मानसिक तनाव मे रहा करता था। मृतक सूरज ठाकुर और उसके पिता अमित ठाकुर पांकी कपूरी ठाकुर चौक स्थित संदीप चौरसिया कंप्लेक्स के ऊपर तल्ले पर सैलून चलाते थे। घटना की सुचना मिलते ही पांकी पुलिस घटना स्थल पर पंहुच गयी है। आगे की कारवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतू मेदनीनगर भेज दिया। इधर जिला परिषद सदस्या खुसबू कुमारी ने घटना स्थल पर पंहुचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

## हीरो मोटोकॉर्प की गाड़ियों की जबरदस्त डिमांड

# आनंद ऑटोबाइक में उमड़ रही ग्राहकों की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** हीरो मोटोकॉर्प के अधिकृत विक्रेता आनंद ऑटोबाइक के डायरेक्टर आकर्ष आनंद ने बताया कि इस साल नवरात्रि शुरू होने के साथ ही भारतीय ऑटो बाजार में त्योहारी सीजन में दोपहिया की मांग में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है। यह उछाल बेदह खास है क्योंकि दोपहिया वाहनों पर पर जीएसटी कटौती हुई है, जिसमें पहली बार गाड़ी खरीदने वालों पर खर्च का बोझ कम हुआ है, खासकर 100 सीसी और 125 सीसी जैसे किफायती सेगमेंट में जहां कीमत का बहुत ध्यान रखा जाता है। हीरो मोटोकॉर्प को पूरे देश में ग्राहकों की जबरदस्त रुचि और बिक्री में उछाल दिख रहा है। नवरात्रि के पहले ही दिन, हमारे शोरूम में आने वाले और हीरो मोटोकॉर्प का दोपहिया वाहन खरीदने वाले ग्राहकों की संख्या पिछले साल की तुलना में दोगुनी से अधिक हो गयी। अपने फेस्टिव कैंपेन की टैगलाइन 'आया त्योहार, हीरो पे सवार' के साथ, यह राष्ट्रव्यापी अभियान सुनिश्चित करेगा कि हर नये ग्राहक विशेष लाभों जैसे कि अपने वाहन पर 100% कैशबैक, सोने के सिक्के लाभों के साथ साथ निश्चित रूप से विजेता बने। हाल ही में लॉन्च किये गये डेस्टिन 110, ओम 160, ग्लैमर 125, एचएफ डिलक्स प्रो जैसे मॉडलों के साथ, हीरो मोटोकॉर्प ने रोजमर्रा की परिवहन जरूरतों को पूरा करने के लिए आकर्षक और स्टाइलश प्रोडक्ट्स के साथ अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। कंपनी ने इस त्योहारी मौसम में में बढ़ी हुई मांग के कारण संभावित स्टॉक की की कमी से बचने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाया है और आने वाले हफ्तों में लोकप्रिय मॉडलों और कलर ऑप्शंस की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की है।

## दिघरिया जैव विविधता उद्यान में बर्ड वॉचिंग और बर्ड लिस्टिंग कार्यक्रम

वन्य प्राणी सप्ताह हर वर्ष 1 से 7 अक्टूबर तक मनाया जाता है

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** वन प्रमंडल देवघर के तत्वावधान में वन्य प्राणी सप्ताह 2025 (1 से 7 अक्टूबर) के अंतर्गत रविवार को दिघरिया जैव विविधता उद्यान में बर्ड वॉचिंग एवं बर्ड लिस्टिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संत मेरी बालिका उच्च विद्यालय की छात्रायें एवं शिक्षकगण उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

कार्यक्रम का संचालन वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक भूषण के मार्गदर्शन तथा वन क्षेत्र पदाधिकारी एस.डी. सिंह के नेतृत्व में किया गया। प्रकृति व्याख्यान केंद्र में आयोजित प्रदर्शन में प्रसिद्ध पर्यावरणविद् रजत मुखर्जी द्वारा चित्रित पक्षियों के आकर्षक चित्र एवं अध्ययन सामग्री बच्चों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने। वहीं, अजय कुमार, राजीव रंजन, कुमार शशि भूषण एवं कृष्णानंद तिवारी ने छात्रों और ग्रामीणों को पेड़-पौधों की महत्ता, औषधीय वनस्पतियों के उपयोग, वन प्रबंधन और वन्यजीव संरक्षण के उपायों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों और स्थानीय ग्रामीणों ने जैव विविधता उद्यान में स्वच्छता अभियान चलाया और 'स्वच्छ पर्यावरण-सुरक्षित जीवन' का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि वन्य प्राणी सप्ताह हर वर्ष 1 से 7 अक्टूबर तक मनाया जाता है। इस वर्ष का भव्य समापन आगामी 7 अक्टूबर 2025 को संत मेरी बालिका उच्च विद्यालय, देवघर में किया जायेगा।

## रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति ने डीआरएम के नाम स्टेशन प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

फुट ओवरब्रिज बनाने की मांग

प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 पर जाने में दिव्यांग वृद्ध और बीमार लोगों को होती है परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** अनुमंडल मुख्यालय हुसैनाबाद का रेलवे स्टेशन जपला में सभी मेल एक्सप्रेस ट्रेनें प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 पर लगाई जाती है। प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 काफी नीचे होने के साथ -साथ वहां तक जाने आने में दिव्यांग वृद्ध व बीमार लोगों को काफी कठिनाई होती है। इसे लेकर रविवार को रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति और सद्भावना चौकड़ी ने एक संयुक्त ज्ञापन डीआरएम डीडीयू मंडल के नाम स्टेशन प्रबंधक जपला संजय कुमार सिंह के माध्यम से दिया है। ज्ञापन में कहा गया है कि जपला रेलवे स्टेशन हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय का रेलवे स्टेशन है। इस रेलवे स्टेशन पर रुकने वाली सभी मेल एक्सप्रेस ट्रेनें प्लेटफार्म नंबर 2 या 3 पर लगती है। वृद्ध दिव्यांग व बीमार लोगों को काफी कठिनाई होती है। ज्ञापन सौंपने वालों में समिति के संरक्षक एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, मनोज शर्मा,युवा समाजसेवी इंतियाज आलम, बबन सिंह, केदार सिंह, एमडी खालिद, अब्बास अंसारी, जितेंद्र कुमार सोनी, जीशान हुसैन, प्रभात के अलावा कई अन्य लोग शामिल थे।

## देवघर : नंदन पहाड़ स्थित चित्रगुप्त मंदिर में मासिक पूजा-अर्चना, आरती का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल नंदन पहाड़ स्थित सार्वजनिक चित्रगुप्त मंदिर में रविवार को मासिक पूजा-अर्चना, आरती का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। हर महीने की भांति इस माह भी बड़ी संख्या में चित्रांश समाज के लोग एकत्रित हुए और भगवान चित्रगुप्त से परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस माह के यजमान ओम प्रकाश सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी रचना वर्मा रही। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए भगवान चित्रगुप्त की आराधना की। पूजन के उपरांत भक्ति गीतों और आरती की गूंज से पूरा मंदिर प्रांगण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर चित्रांश समाज के सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। इनमें अध्यक्ष बिनय कुमार सिन्हा, नंदन कुमार, राघवेंद्र कुमार सिन्हा, विल्सन कुमार सिन्हा, निर्मल प्रकाश दीपक, सोना सिन्हा, आर.सी. सिन्हा, राजेश्वर सिन्हा, विश्वजीत सिन्हा, मनोज सिन्हा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। सभी ने संयुक्त रूप से मंदिर परिसर में सामूहिक आरती की और प्रसाद वितरण किया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक माह इस प्रकार का आयोजन समाज में एकता और आध्यात्मिकता की भावना को मजबूत करने का कार्य करता है। इस माह के मासिक पूजा के जजमान ओम प्रकाश सिन्हा, रचना वर्मा, मंजू वर्मा और कुमार शिव रहा।

## महिला सद्भावना फुटबॉल मैच में कोलकाता को हराकर रांची बना चैंपियन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** सौ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत रविवार को स्थानीय डाक बंगला मैदान में कोलकाता बनाम रांची महिला फुटबॉल टीम के बीच सद्भावना फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन सूबे के कैबिनेट मंत्री हफीजुल हसीन के प्रतिनिधि शब्बीर हसन और विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रमुख सगल प्रसाद सिंह ने किया ने किया। महिला फुटबॉल मैच में रांची ने कोलकाता की टीम को 2-0 गोल से पराजित कर चैंपियन शिल्ड पर कब्जा जमाया। इधर देवघर बना मधुपुर महिला फुटबॉल टीम के बीच हुए मैच में मधुपुर ने देवघर को 3-0 से पराजित कर दिया। मुख्य अतिथि शब्बीर हसन, पूर्व प्रमुख सुबल प्रसाद सिंह ने विजेता उपविजेता और सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष घनश्याम, मजिस्ट्रेट विनय कुमार पांडेय, विद्रोह मित्रा, सीओ यामुन रविदास, डॉ सुमन लता, शबाना परवीन, डॉ अनीता गुहा हेंब्रम, संजय शर्मा, महेंद्र घोष, डॉक्टर कल्याणी मीणा, कुंदन भगत,नरेश पटेल, संजय सिंह, अबू तालिब अंसारी, दिनेश्वर किस्कू, डॉ कैलाश राउत,श्याम, रेफरी सलीम अंसारी, राजेश सोरेन, लखन सोरेन, राजेश मरांडी, कॉमेंटेटर धड़कन अंसारी, गौतम सागर राणा, धनंजय प्रसाद सुमित सैकड़ो खेलप्रेमी ने खिलाड़ियों और रेफरी को पुरस्कृत कर उत्सवर्धन किया।

### मधुपुर : सद्भावना मैराथन में दौड़े विद्यार्थी




**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** मधुपुर में महात्मा गांधी के आगमन के सौ साल बेमिसाल आयोजन समिति की ओर से रविवार को सदभावना मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। खलासी मोहल्ला डाक बंगला मैदान से लड़कों का सदभावना मैराथन दौड़ पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, एसडीओ राजीव कुमार, समिति अध्यक्ष समाजकर्मी घनश्याम, सीओ यामुन रविदास, विद्रोह मित्रा, संजय शर्मा, संजय मुर्मू आदि ने झंडी दिखाकर आरंभ किया। इसमें कुल 26 प्रतिभागी शामिल थे। लड़कियों का मैराथन दौड़ बावनबीघा स्टेशन रोड से गांधी चौक तक आयोजित किया गया। एसडीओ राजीव कुमार समेत अन्य लोगों ने झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ आरंभ कराया। मौके पर पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने कहा महात्मा गांधी के मधुपुर आगमन के सौ साल आयोजन समिति ने बेमिसाल कार्य किया है। महात्मा गांधी की नीति सत्य, हिंसा और प्रेम से देश नहीं दुनिया आगे बढ़ रही है। इस दौरान कनाडा से आए शिव प्रसाद गुप्ता, डॉ मनोज मीता, डॉ सुमन लता, डॉ योगेंद्र, डॉ कल्याणी मीणा, डॉ अनीता गुआ हेंब्रम, महेंद्र घोष, विद्रोह मित्रा, संजय शर्मा, फैयाज केसर वाईआईएससी अध्यक्ष संजय कुमार मुर्मू, अलाउद्दीन अंसारी, अबू तालिब अंसारी, कुंदन कुमार भगत, समिति सचिव पंकज पियूष, नरेश पटेल, मिन्हाज, अरुण निर्झर, जी. एहतराम, महबूब अंसारी, शमसेर आलम समेत सैकड़ों लोगों उपस्थित थे।

## 7वीं देवघर जिला कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर।** देवघर जिला कुश्ती संघ द्वारा आयोजित 'आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी - 17वीं देवघर जिला कुश्ती प्रतियोगिता 2025' का भव्य आयोजन रविवार को तिवारी चौक स्थित होटल डेफोडिल गार्डन, देवघर कॉलेज रोड, देवघर में बड़ी ही धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन और राष्ट्रीय गान के साथ हुई। मुख्य अतिथि आदर्श लक्ष्य उर्फ भैया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन के समय पूरे परिसर में 'जय बजरंग बली' और 'भारत माता की जय' के नारे गूंज उठे, जिससे वातावरण में देशभक्ति और खेल भावना का संचार हो गया।

मुख्य अतिथि आदर्श लक्ष्य ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि देवघर जिले में खेल और खिलाड़ियों के प्रति बढ़ती जागरूकता अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा, 'आज यह देखकर गर्व होता है कि देवघर के सभी 10 प्रखंडों से प्रतिभाशाली पहलवान इस मंच पर एकत्रित हुए हैं। यह केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि युवाओं के आत्मविश्वास, संघर्ष और मेहनत का उत्सव है। देवघर के युवाओं में असीम संभावनाएं हैं और यदि उन्हें सही दिशा, प्रशिक्षण और प्रोत्साहन मिले तो वे राज्य ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं।' आदर्श लक्ष्य ने सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वे हार-जीत से ऊपर उठकर खेल भावना के साथ देश, समाज और जिले का नाम रोशन करें। मौके पर सुप्रीती सिंह, लोकनाथ केशरी, राजीव सिंह, अभिजीत सिंह, कौशल सिंह, नीलेश सिंह, विक्की रमानी, घनश्याम राणा, दशरथ महथा, कुमार अंशु, आशीष पांडे, राहुल कुमार, रोहित राउत, मिट्ठू सिंह, विद्या सिंह, माही देव, यश राज गुप्ता, रौनक सिंहा, राकेश कुमार, प्रमोद यादव, गौतम राय, मनीष यादव एवं कई अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

# पैसा कमाने के लिए कोई भी हथकंडा अपना सकती है बीटीटी सुमन कुजूर

## नवजात शिशु खरीद-बिक्री के मामले में हो रही जांच, सुमन के बारे में कई चौकाने वाले खुलासे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** नवजात शिशुओं की खरीद-बिक्री के मामले में जांच शुरू होते ही कई बातें सामने आ रही है। बीटीटी सुमन कुजूर पैसों के मामले में पहले से ही साफ छवि की नहीं रही है। ***आजाद सिपाही*** में खबर छपने के बाद जांच टीम ने बीटीटी सुमन के अलावा प्रसूताओं के घर जाकर पूछताछ की। इसके बाद अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है। पता चला है कि बीटीटी सुमन कुजूर पैसा कमाने के लिए कोई भी वैध-अवैध हथकंडा अपना सकती है। बताया जा रहा कि वह पूर्व में भी कई बच्चों को इधर-उधर कर चुकी है। नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया गया कि उसने एक स्वास्थ्य कर्मी को 10 साल की एक अनाथ बच्ची सौंपी थी। इसके बदले में बच्ची रखने वाले दंपति से पैसे की मांग की गई थी। लेकिन वह स्वास्थ्य कर्मी बच्ची की खरीद बिक्री के लिए तैयार न होकर सीधे उस अनाथ बच्ची की मां से बात की और बच्ची के पालन पोषण के लिए अपने साथ ले गई। जब बीटीटी सुमन कुजूर को पैसा नहीं मिला तो वह जबरन उस बच्ची को वापस ले गई। बच्ची के माता पुनः बच्ची को स्वास्थ्य कर्मी के हवाले करते हुए उसके अच्छे रहन-सहन पालन पोषण की जिम्मेदारी सौंप दी। इसी प्रकार सहिया के चयन के बाद बीटीटी सुमन कुजूर ने कई सहियाओं से 3000-3000 रुपए वसूले थे। इस पैसे का जब विरोध हुआ तो उसने जिला के पदाधिकारी को पैसे देने की बात कही। लेकिन जब जिला के पदाधिकारी से बीटीटी और सहियाओं का सामना हुआ तो वहां सुमन ने स्वीकारी की कि वो सहियाओं से वसूले पैसे वापस करेगी। पर सहियाओं की मानें तो राशि आज तक नहीं लौटाई है।



बीडीडी सुमन कुजूर।





### घोंटा ममता का गला

तत्कालीन दोनों घटनाओं से यह साफ हो गई है कि पैसे के आगे प्रसूताओं ने ममत्व का गला घोंट दिया।

बीटीटी के बहकावे में आकर चंद रुपयों के लालच में कोई अपने जिगर के टुकड़े को कैसे बेच सकता है यह बात गले से नीचे नहीं उतरती।

### प्रसुता सुमन एक्का ने किया सास से अपना चूल्हा अलग

उधर, प्रसुता सुमन एक्का ने एक हफ्ते से अपना चूल्हा अलग कर लिया है। इससे पहले दंपति गोवा से लौटा था तो सुमन एक्का, उसका पति, ननद और सास, एक साथ खाना खाया करते थे। लेकिन प्रसव के बाद सुमन ने अपने पति और पूर्व के तीन बच्चों के साथ अपना चूल्हा अलग कर लिया है। ननद ने उन्हें बच्चों की खरीद बिक्री से मना किया था लेकिन वे नहीं मानें।

# गुमला के दो सगे नन्हे भाई-बहन का कमाल भारत ओलंपियाड फाउंडेशन से मिला खिताब

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**गुमला।** शहर के सिसई रोड निवासी रूपेश खंडेलवाल एवं सीमा खंडेलवाल की पुत्री आरोही खंडेलवाल और शिवाय खंडेलवाल ने भारत ओलंपियाड फाउंडेशन असाधारण प्रतिभा खोज में अपने हुनर का लोहा मनवाते हुए विजेता का खिताब जीता है। भारत ओलंपियाड फाउंडेशन नेशनल असाधारण टैलेंट हंट की तरफ से आयोजित छू लो आसमान ऑनलाइन प्रतियोगिता रखा गया था। जिसमें अलग-अलग श्रेणी में देशभर से 2000 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इसमें गुमला जिले की आरोही खंडेलवाल को लेखक श्रेणी और शिवाय खंडेलवाल को ब्रेन पावर श्रेणी में राष्ट्रीय असाधारण प्रतिभा हंट 2025 के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बताते चलें कि दोनों भाई-बहन अद्भुत प्रतिभा की धनी हैं। इससे पूर्व आरोही खंडेलवाल को 'यंगेस्ट ऑथर ऑफ द इयर' की केटेगरी में राष्ट्रीय शिल्प साहित्य सम्मान 2025 से भी सम्मानित किया जा चुका है। ये सम्मान दो दिव्य पुस्तकें दशावतार और गोकुल लीला लिखने के लिए मिली थी। बताते चलें कि आरोही डीएवी स्कूल गुमला की पांचवीं कक्षा की छात्रा हैं, जो 10 साल की है। इसके पहले आरोही को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की तरफ से यंगेस्ट टू ऑथर टू डिवाइनस बुक्स इन हिंदी के लिए सम्मानित किया गया था। इसके अलावा आरोही को और भी कई पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। वहीं, शिवाय खंडेलवाल को ब्रेन पावर श्रेणी के लिए राष्ट्रीय असाधारण प्रतिभा हंट 2025 के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। बताते चलें कि शिवाय खंडेलवाल महज पांच साल की उम्र में कीर्तिमान रचा है। इससे पूर्व शिवाय खंडेलवाल ने इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में भी अपना नाम दर्ज करवाया है। एक टैंग्राम वर्ग पहेली में अधिकतम बार हल करते हुए यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। यह रिकॉर्ड एक बच्चे द्वारा अधिकतम बार हल की गई एक टैंग्राम स्क्वायर पहेली सबसे अधिक बार हल करने का रिकॉर्ड गुमला के शिवाय का है। इसमें शिवाय ने 9 मिनट 43 सेकंड में 15 बार एक टैंग्राम स्क्वायर पहेली को हल किया था। शिवाय खंडेलवाल डी ए वी स्कूल गुमला के वर्ग नर्सरी का छात्र है।

## भाजपा ने स्थानीय मुद्दों पर चर्चा को लेकर की बैठक





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के साकची स्थित जिला कार्यालय में रविवार को महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का आयोजन प्रदेश भाजपा द्वारा निर्देशित आगामी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन और महानगर क्षेत्र में चल रहे मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए किया गया। बैठक में आत्मनिर्भर भारत अभियान अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रमों, मंडलों में कार्यशालाओं के आयोजन, मंडल क्षेत्रों की स्थानीय समस्याओं, थाना क्षेत्रों में अवैध कारोबार एवं हेलमेट जांच के नाम पर अवैध वसूली समेत राशनिंग विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और डीलरों की मनमानी के खिलाफ आवाज बुलंद करने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई एवं आगामी कार्ययोजना भी तय की गई।

# युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के खोरा निवासी अमित कुमार साय (34) ने शनिवार की रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे आनन-फानन में गुमला सदर अस्पताल ले गये जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बाबत मृतक के भाई प्रदीप साय ने बताया कि रात में वो बिना खाना खाए अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद कमरे से आवाज आने पर वहां जाकर देखा तो, अमित तौलिया के सहारे फांसी में लटका हुआ है। इसके बाद उसे नीचे उतार कर गुमला सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। उधर, रविवार की दोपहर दो बजे सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

### रातभर गायब रहा पति, नाराज पत्नी ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला के बिशुनपुर थाना क्षेत्र में संगीता देवी (24) नामक महिला ने घर में फांसी का फंदा लगाकर लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालांकि समय रहते परिजनों ने देख लिया और उसे तुरंत विशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे शनिवार की शाम पांच बजे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक महिला का पति कुलदीप खेरवार सिमडेगा में रहकर वाहन चालक का काम करता है। दुर्गा पूजा की छुट्टी में वह अपने घर आया था। शुक्रवार की रात दशहरा करमा पर्व को लेकर गांव में कार्यक्रम आयोजित हुआ था। जिसे देखने पति चला गया। पत्नी को इसकी जानकारी दी। इस बीत शनिवार की सुबह जब वह वापस घर आया तो पत्नी से विवाद हो गया। पत्नी ने रातभर बाहर रहने का कारण पूछा तो उसने बताया कि वह प्रोग्राम देखने बगल के गांव में चला गया था। पर पत्नी को विश्वास नहीं हुआ और दोनों में विवाद हो गया। इसके बाद पत्नी आक्रोश में आकर घर में रस्सी के सहारे फंदा लगाकर फंदा पर झूल गयी। हालांकि उसी समय टीना के बक्सा की आवाज सुनकर पति कमरे में गया तो पत्नी को झूलते देखा उसे फंदे से निचे उतारा गया। फिलहाल सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

# सवारी से भरा टेंपो पलटा एक की मौत, पांच घायल

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कोको टोली बगीचा के समीप एक सवारी टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गयी। इस घटना में टेंपों में सवार बनारी गोरा टोली निवासी मनकुमारी देवी (60) नामक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि, पाठ क्षेत्र के ललित असुर (44), सावित्री असुर (35), नवनीत असुर (19), रामजी महतो (65) और संजीत महतो (7) घायल हो गये। घटना के बाद उक्त मार्ग से गुजर रहे उप प्रमुख चंदन सिंह की नजर घायलों पर पड़ी तो उन्होंने अन्य वाहनों की व्यवस्था कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां घायलों का प्राथमिक उपचार चल रहा है। बताया जा रहा कि उक्त सवारी टेंपो डुमर पाठ से बिशुनपुर की ओर सवारी लेकर जा रही थी। तभी कोको टोली बगीचा के समीप अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गयी। टेंपो में बैठे घायलों ने बताया कि टेंपो सवारी लेकर आ रहा था, तभी बनारी में दूसरे चालक ने जबरदस्ती गाड़ी चलाने के लिए ले लिया। वह नशा में था। टेपों की गति तेज करते ही उसने वाहन से संतुलन खो दिया। इससे टेपों सड़क पर ही पलट गयी। इधर, खबर पाकर बिशुनपुर थाना के एसआइ नितेश कुमार सिंह घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेज दिया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त टेपों को भी अपने कब्जे में ले लिया।

# पिछड़ों के विकास की विरोधी है भाजपा : सुनील साहू

**कहा- भाजपा शासनकाल में ही पिछड़ों को मिलनेवाले 27 फीसदी आरक्षण को खत्म किया गया, राजद फिर से अधिकार दिलाने के लिए आंदोलन करेगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**गुमला।** पालकोट रोड स्थित रौनियार भवन में राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ की बैठक रविवार को सतीश प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। जिसमें राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़ा समाज की विरोधी है, जिसने पिछड़ों का जो 27 प्रतिशत आरक्षण एकीकृत बिहार में हुआ करता था उसे समाप्त कर दिया। झारखंड के पांच जिलों में पिछड़ा वर्ग को शून्य कर दिया गया, जिस कारण पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को भारी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए लड़ाई लड़ने की जरूरत है। राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ इस गलत नीति की लड़ाई लड़ेगी। सुनील साहू ने भाजपा सरकार को पिछड़ा विरोधी बताया। कहा कि गुमला जिला के पिछड़ा समाज को राजद सरकार में 27 % आरक्षण प्राप्त था। पर भाजपा सरकार में पिछड़ों का आरक्षण शून्य प्रतिशत कर दिया। एक बार फिर राजद ही पिछड़ों को 27 % आरक्षण को बहाल करवाएगी। बैठक का संचालन डॉ केलू साहू ने किया। इस मौके पर लक्ष्मण गोप, बजरंग केशरी, अशोक गोप, मुरारी बड़ाईक, यशोदा देवी, रोजालिया एक्का, मंटू गोप और केशो बड़ाईक आदि शामिल रहें।

# भाजपा के नये कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू को किसान मोर्चा के नेता ने दी बधाई

**गुमला (आजाद सिपाही)।** राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू को झारखंड भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के किसान मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने अपने समर्थकों के साथ रांची स्थित पार्टी कार्यालय जाकर अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। मंगल सिंह भोगता ने कहा कि प्रो आदित्य प्रसाद साहु के नेतृत्व में संगठन को एक नई दिशा मिलेगी। नए कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति से राज्यभर के भाजपा कार्यकर्ताओं में नया जोश और उत्साह का संचार हुआ है। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यालय के मंत्री सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।



## पैदल सड़क पार कर रही महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के बरवा टोली राईस मिल के समीप पैदल सड़क पर चल रही बरवाटोली निवासी भीख मैन उरांव नामक महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। इस हादसे में महिला के सिर और शरीर के अन्य हिस्से में काफी चोट लगी है। उधर, घटना के बाद बाइक सवार तेजी से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से महिला को सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। महिला किसी काम से केसिपारा बाजार आई थी।


# ग्रामीणों ने सांसद से सड़क पुलिया और अखड़ा निर्माण की मांग की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** कसीरा और कुम्हरिया पंचायत के करमटोली, मंगनाटोली और मधुवन गांव के ग्रामीणों ने सांसद सुखदेव भगत से क्षेत्र में सड़क, पुलिया एवं अखड़ा निर्माण की मांग की है। रविवार अपराह्न तीन बजे ग्रामीणों ने बताया कि कुम्हरिया पंचायत के धनगांव करमटोली से कसीरा पंचायत के मधुवन एवं मंगनाटोली होते हुए भभरी तक लगभग चार किलोमीटर सड़क जर्जर स्थिति में है। जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होती है। वहीं, कसीरा पंचायत के मधुवन से मुसाटोली होते हुए ढिढौली तक पांच किलोमीटर पथ एवं पुलिया निर्माण की भी आवश्यकता बताई गई है। इसके अलावा कसीरा पंचायत के अधुवन गांव में एक आदिवासी अखड़ा एवं चापाकल निर्माण की मांग की गई। ताकि ग्रामीणों को सांस्कृतिक गतिविधियों और पेयजल की सुविधा मिल सके। ग्रामीणों ने बताया लंबे समय से गांव में अखड़ा निर्माण की मांग की जा रही है लेकिन विधायक चमरा लिंडा इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। बुधवार को गांव में करमा पर्व है। अखाडा स्थल पूरी तरह से कीचड़ मय है ऐसे में नाच गान का कार्यक्रम कैसे होगा। ग्रामीणों ने सांसद से इन सभी मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील की है। इस मौके पर अनिता देवी, सतलोक भगत, रणजीत साहू, सहदेव भोक्ता समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## गढ़वा जिला कांग्रेस के दूसरी बार अध्यक्ष बने ओबेदुल्ला हक अंसारी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ओबेदुल्ला हक अंसारी गढ़वा जिला कांग्रेस के दूसरी बार अध्यक्ष बनाए गए हैं। कहा कि यह मेरे लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है कि मुझे एक बार फिर गढ़वा जिला कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मैं पार्टी नेतृत्व, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, संगठन प्रभारी और समस्त वरिष्ठ कांग्रेसजनों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझ पर दोबारा विश्वास जताते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। यह पद मेरे लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। गढ़वा जिले के हर कार्यकर्ता की भावनाओं, संघर्षों और उम्मीदों को आगे बढ़ाने की। मैं अपने जिले के सभी कांग्रेसजनों, वरिष्ठ नेताओं, युवा साथियों, महिला कांग्रेस, सेवा दल, एनएसयूआई और फ्रंटल संगठनों के सभी पदाधिकारियों को विश्वास दिलाता हूं कि हम सब मिलकर संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाऊंगा। कहा कि कांग्रेस की विचारधारा सेवा, त्याग और जनहित को हम घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लेता हूं। गढ़वा की धरती पर संगठन को मजबूत करना, गरीबों, किसानों, युवाओं और वंचित वर्गों की आवाज को बुलंद करना और जनता के मुद्दों पर संघर्ष करना ही मेरा प्राथमिक कर्तव्य रहेगा। मैं अपने सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का धन्यवाद करता हूं, जिनके सहयोग, समर्पण और स्नेह के बिना यह संभव नहीं था।

# जारी के गोविंदपुर गांव में तीन महीने से बिजली आपूर्ति ठप, अंधेरे में 1000 की आबादी, आक्रोश

## वज्रपात के चलते जल गया था ट्रांसफॉर्मर, बार-बार अनुरोध के बावजूद नहीं हुई मरम्मत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जारी।** प्रखंड की राजधानी कहे जाने वाले गोविंदपुर गांव में पिछले तीन महीनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। ग्रामीणों की मानें तो तीन महीने पहले आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर जल गया था। तब से आज तक 1000 की आबादी वाला गांव में अंधेरे में रहने को मजबूर है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग को कई बार सूचना देने के बावजूद अब तक न तो नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, न ही पुराने की मरम्मत करायी गयी। अपेक्षा से आक्रोशित लोगों का कहना है कि बिजली की कमी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बच्चे रात के अंधेरे में मोमबत्ती या दीप जलाकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। बरसात के मौसम में सांप-बिच्छू के बढ़ते आतंक ने भी चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने कहा कि विभाग की यह लापरवाही और निष्क्रियता जिला प्रशासन की उदासीनता को दर्शाती है। उन्होंने मांग की कि शीघ्र नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए या पुराने की मरम्मत की जाए, ताकि गांव में जल्द बिजली आपूर्ति बहाल हो सके। इस मौके पर अकबर खान, मोबारक अंसारी, जाहिद अंसारी, प्रताप मिंज, लक्ष्मण मलार, मनुवार खान, बेलाल अंसारी आदि उपस्थित थे, जिन्होंने विभाग से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।



## कमलपुर अपहरण कांड का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सीनी ओपी क्षेत्र के कमलपुर गांव में युवक अपहरण मामले में पुलिस ने अंतिम फरार आरोपी मोहम्मद सद्दाम हुसैन उर्फ दाना को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी घटना के बाद से फरार था।यह मामला सरायकेला थाना कांड संख्या 79/25, दिनांक 22 जुलाई 2025 को इ़ढर–2023 की धारा 140(2)/3(5) के तहत दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष जांच दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 जुलाई को अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर लिया था।पूर्व में टीम ने मुख्य आरोपी अब्दुल्ला खान उर्फ अब्दुल्ला फैजी को गिरफ्तार किया था, जिसके पास से मोबाइल फोन, देशी कट्टा और जिंदा गोली भी बरामद हुई थी। अब सद्दाम की गिरफ्तारी के साथ यह मामला पूरी तरह सुलझ गया है।

# बीएसएल प्रबंधन के खिलाफ ठेकेदारों ने खोला मोर्चा

**श्रम सेतु ऐप के बहिष्कार का निर्णय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात कांट्रैक्टर्स एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर शनिवार को बोकारो इस्पात संयंत्र के एचआरडी महाप्रबंधक बीएम बक्शी से मिला। इस दौरान वर्षों से लंबित मामला, मसलन वीडीए, सुरक्षा संबंधी, बायोमीट्रिक अटेंडेंस, गेट पास संबंधी मामला को लेकर पहले की गयी वार्ता का किसी प्रकार का निदान नहीं निकलने पर रोष व्यक्त किया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बोकारो इस्पात प्रबंधन की ओर से विकसित किये गये श्रम सेतु ऐप का पूर्ण रूप से परिचालन नहीं होने के कारण, इस माह मजदूरों के वेतन भुगतान में देरी हो सकती है। श्रम सेतु में कई प्रकार के दोष है, जिनका निवारण अभी तक नहीं किया गया है। श्रम कानूनों के तहत एक निर्धारित अवधि तक वेतन भुगतान करना आवश्यक है, जिससे ठेका मजदूरों के हितों की रक्षा हो सके। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पूर्व के वार्ता में प्रबंधन के साथ सहमति बनी थी कि किसी प्रकार के नियम को लागू करने के पहले कांट्रेक्टर एसोसिएशन की सहमति से ही लागू किया जायेगा। श्रम सेतु लागू करने के पहले प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार का प्रशिक्षण भी नहीं दिया गया। जिससे कि इसे सुचारू ढंग से संचालित किया जा सके। वहीं, संयंत्र में कार्य के दौरान होने वाले दुर्घटनाओं में भी प्रबंधन की लापरवाही की बात उठायी गयी। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष जगदीश चौधरी, अशोक सिंह, अवधेश सिंह, राजेश राय, रामबिलास पांडेय, संतोष पहलवान, अरविंद सिंह, देवेंद्र सिंह, विद्या सिंह, सुभाष लाला, सोमनाथ पांडे, आनंद तिवारी, राम नाथ यादव समेत अन्य शामिल थे। इस मुद्दे पर कांट्रैक्टर्स एसोसिएशन ने बैठक कर काम रोको प्रस्ताव पारित करते हुए कहा कि प्रबंधन हमारी हकों की अनदेखी करने पर आमादा है। लगातार हुई वार्ता के बाद प्रबंधन अपने ही किया वादे से मुकर अपनी मंशा जता दी है। करोना काल में भी श्रमसेतु बंधुओं ने अपनी मेहनत से प्लांट को करोना के असर से मुक्त रखा वरन उत्पादन पर भी असर नहीं पड़ने दिया। आज भी स्टील उत्पादन में श्रमबंधुओं की अहम भूमिका है जिसकी प्रबंधन अनदेखी कर रहा है। इसलिए अब हमें अब संघर्ष का रास्ता अख्तियार करना पड़ा है। जबतक हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती हमारा संघर्ष जारी रहेगा। गौरतलब है कि बोकारो इस्पात प्रबंधन अबतक स्टील प्लांट में लगातार हो रहे दुर्घटनाओं की वजह से सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने का आरोप झेल रहा था, लेकिन अब बोकारो स्टील प्लांट के ठेकेदारों कॉन्ट्रैक्ट्स एसोसिएशन के बैनर तले बैठक कर वर्षों से अपनी लंबित मांगों के समर्थन काम रोको प्रस्ताव लाकर बोकारो इस्पात प्रबंधन को एक झटका दे दिया है।

# रोड टैक्स नहीं भरने पर बीसीसीएल को परिवहन विभाग जारी करेगा नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के विभिन्न एरिया में कोयला परिवहन के लिए चल रहे हाइवा, टीपर, पॉकलेन, ट्रक सहित अन्य भारी वाहनों के रोड टैक्स, रजिस्ट्रेशन और फिटनेस को लेकर जिला परिवहन विभाग सख्त कार्रवाई करेगा। विभाग ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। बीसीसीएल प्रबंधन को इसी महीने नोटिस जारी किया जायेगा। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग ने बीसीसीएल में चल रहे 1,500 से अधिक छोटे-बड़े और भारी वाहनों का पोर्टल पर विश्लेषण किया। जिसमें यह उजागर हुआ कि बीसीसीएल में कोयला परिवहन के लिए चल रहे वाहनों के कागजात अपडेट नहीं हैं। इसको लेकर इसी महीने बीसीसीएल प्रबंधन को परिवहन विभाग नोटिस जारी करेगा। कहा कि धनबाद में खदानों में जितने भी वाहन चल रहे हैं उन सभी वाहनों का ऑनलाइन वाहन पोर्टल, जेआइएमएमएस पोर्टल एवं भौतिक जांच के क्रम में जो भी दस्तावेज अपडेटेड नहीं पाये जाते है या फिर कोई गड़बड़ी पायी जाती है, तो उन सभी वाहनों पर नियमित रूप से मोटरयान अधिनियम तथा झारखंड टैक्सेशन एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। कुछ वाहन जो बीसीसीएल के अंतर्गत चलते है, जिसमें दस्तावेज तथा वाहनों में गड़बड़ी पायी गई, वैसे सभी वाहनों को चिन्हित करते हुए जल्द ही बीसीसीएल को नोटिस किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बीसीसीएल के कई पुराने वाहनों का रिकार्ड भी उपलब्ध नहीं है। इसके कारण भी कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। विभाग ने बीसीसीएल से सभी वाहनों की पूरी सूची उपलब्ध कराने को कहा है।

# धनबाद-बोकारो हाइवे के किनारे चलता है लोहा का अवैध कारोबार

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर स्थित एक होटल के पीछे महीनों से एक खामोश लेकिन बड़े स्तर पर संचालित हो रहा अवैध लोहा व्यापार अब खुलेआम चुनौती बन चुका है। हाइवे से सटे होने के बावजूद, स्थानीय पुलिस और प्रशासन की चुप्पी ने पूरे मामले को संदेह के घेरे में ला दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह कारोबार बेहद सुनियोजित तरीके से संचालित किया जा रहा है। महुदा और भाटडीह क्षेत्रों में बीसीसीएल की लावारिस पड़ी लोहे की सामग्री, कबाड़ और कीमती मशीनों को दर्जनों मोटर रिक्शाओं के जरिए एक विशेष बाउंड्री वाल से घिरे गोदाम में लाकर डंप किया जाता है। हैरानी की बात यह है कि यह गोदाम एक पंचायत प्रतिनिधि के इशारे पर संचालित हो रहा है, जो पूरे तंत्र को मैनेज करने का काम करता है।

**रात में मशीनरी की कटाई, चास में होती है सप्लाई :** केवल स्क्रैप ही नहीं, बल्कि बीसीसीएल की बेशकीमती मशीनरी जैसे डोजर, ट्रांसफॉर्मर, और पोकलेन मशीनें को गैस कटर से काटकर बड़े वाहनों में लोड किया जाता है और चास स्थित एक बड़े लोहा व्यापारी को बेचा जाता है। यह सिलसिला रात के अंधेरे में बेरोकटोक चलता है।

**कठोर कार्रवाई की मांग :** स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों की मांग है कि इस अवैध लोहा तस्करी के जाल को तोड़ने के लिए विशेष जांच टीम गठित की जाये। साथ ही जिन अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका है, उन पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

### तेलमोचो चेकपोस्ट और ग्राम रक्षा दल की आंखों के सामने होती है तस्करी

तेलमोचो स्थित दामोदर पुल के पास महुदा पुलिस चेकपोस्ट और ग्राम रक्षा दल की तैनाती होने के बावजूद, उन्हीं रास्तों से दर्जनों मोटर रिक्शा हर दिन अवैध रूप से लोहा ढोते हैं। ये गतिविधियाँ इतनी आम हो चुकी हैं कि स्थानीय लोग भी इन्हें रोज देख सकते हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर अब तक कुछ ठोस नहीं हुआ है। पूर्व में भाडीह और भूरंगिया क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मर चोरी की घटना के बाद, आक्रोशित ग्रामीणों ने अवैध गोदाम पर धावा बोलकर कई तस्करों को बंधक बना लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईएसएफ और स्थानीय पुलिस को मौके पर पहुंचना पड़ा। इसके बावजूद, इस पूरे अवैध नेटवर्क पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

# आयुष फाउंडेशन धनबाद ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आयुष फाउंडेशन के द्वारा गणेश शर्मा को वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस, इंग्लैंड का सर्टिफिकेट एवं यंग कम्युनिटी चैंपियन अवॉर्ड मिलने पर सम्मानित किया गया।

राजीव अग्रवाल (वॉटर कलर एक्सपर्ट) को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड और नेशनल आर्ट कंपटीशन में द्वितीया स्थान पाने की उपलब्धि पर सम्मानित किया गया।

राधा अग्रवाल (संस्था की सक्रिय सदस्या) को वीजी मिस एंड मिसेज इंडिया एम्प्रेस 2025 की विजेता होने पर सम्मानित किया गया।

आयुष फाउंडेशन धनबाद के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देते हैं बल्कि समाज के हर वर्ग को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करते हैं। उन्होंने बताया कि आयुष फाउंडेशन धनबाद वर्षों से शिक्षा, समाजसेवा, सांस्कृतिक गतिविधियों और जागरूकता अभियानों के लिए कार्यरत है। संस्था का लक्ष्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना और युवाओं को सशक्त बनाना है।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और सदस्यों ने फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने बहुत कम समय में अपनी अलग पहचान बनायी है और आज यह झारखंड ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी समाजसेवा का मजबूत स्तंभ बन चुकी है। इस अवसर पर पेन डे भी मनाया गया, जिसने ज्ञान, शिक्षा और सृजनशीलता का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन और सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। सचिव अर्पिता अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुजाता रंजन, लोपामुद्रा, हीना दास,श्यामली, मीडिया प्रभारी कृष्णा, उमा, गीतं, तनीषा कार्यक्रम में मौजूद थे।

# मोबाइल छिनतई करने के आरोप में युवक गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सिवनडीह गौसनगर का रहने वाला 22 वर्षीय मोहम्मद सुलेमान को 2 अक्टूबर को अज्ञात लोगों के द्वारा मोबाइल छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में बालीडीह थाना कांड सं 283/2025, दि-02.10.2025 धारा-304 (2) बीएनएस दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

पुलिस ने अनुसंधान करते हुए त्वरित कार्रवाई कर एक अपराधी को गिरफ्तार किया है और छिने गये मोबाइल को भी पुलिस ने बरामद किया है। 20 वर्षीय गिरफ्तार सगीर अंसारी सिजुआ का रहने वाला है तथा उसके पास से पुलिस ने मोटरोला जी 45 कंपनी का मोबाइल भी बरामद किया है।

छापामारी दल में पुअनि शशिकान्त ठाकुर, बालीडीह थाना, पुअनि जितेन्द्र कुमार यादव, बालीडीह थाना, आरक्षी-1422, उमेश कुमार सिंह, 503-लालदेव मोची, आ 496 मरियानुस जोजो आदी शामिल थे।

# नूतनडीह में महिला के साथ दो युवकों ने की मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जियलगड्डा के नूतनडीह बस्ती में महिला के साथ दुर्व्यवहार करते हुए पिटाई हुई। बता दे कि जहां एक और राज्य सरकार मैया सम्मान योजना के तहत महिलाओं को सम्मान दे रहे हैं वहीं दो भाइयों ने क्रूरता के साथ उन्हें अपमान देने में कोई कसर नहीं छोड़ी जिससे साफ देखा जा सकता है कि यह मैया सम्मान नहीं मैया अपमान योजना के साथ इसकी जबरदस्त पिटाई हुई। वही महिला ने बताया कि पड़ोस के रहने वाले दोनों भाइयों ने घर के बाहर कूड़ा फेंकने को लेकर आपसी झड़प हुई इसके बाद मामला इस तरह बढ़ गया कि दोनों भाइयों ने मिलकर महिला के साथ मारपीट किया जिसमें महिला के साथ-साथ उनका बच्चा भी चोटिल हो गया। उस दौरान महिला जख्मी हो गयी जिसके बाद उनके परिजनों ने उसे इलाज के लिए गोबिंदपुर सीएचसी ले जाया गया। गोविंदपुर थाना में सरकारी टीचर के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। इसके बाद गोविंदपुर थाना ने कार्यवाही का आश्वासन देते हुए उन्हें अगले दिन आने को कहा।

# जिप अध्यक्ष और टुंडी विधायक ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट योजना अंतर्गत बाघमारा प्रखंड के दलुडीह पंचायत के गंगापुर लिलौरी मंदिर से रूपलाल किस्कु के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास धनबाद जिला परिषद अध्यक्षा शारदा सिंह, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किये। ग्रामीणों द्वारा अतिथियों को पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शारदा सिंह ने कहा कि इस तरह के विकास कार्यों से क्षेत्र की स्थिति में सुधार एवं स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। तत्पश्चात प्राचीन लिलोरी मंदिर में माता के दर्शन और पूजन कर समस्त क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि जीवन के लिए प्रार्थना किये। मौके पर स्थानीय मुखिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# जनता साइकिल और गैस दुकान में लगी आग, दुकानदार झुलसा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास/ तेतुलमारी।** तेतुलमारी थाना क्षेत्र के सिजुआ राजगंज मुख्य सड़क पर स्थित पांडेडीह में जनता साइकिल और गैस दुकान में रविवार शाम को अचानक आग लग गयी। देखते ही देखते आग की लपटें इतनी तेज हो गयी कि आस पास अफरा तफरी मच गयी गैस सिलेंडर फट कर ब्लास्ट होने लगी। इस दरम्यान आग ने सामने खड़ी दो बाइको को भी अपनी चपेट ले लिया। घटना में दुकान मालिक खेदन सोनार गंभीर रूप से झुलस गये जिसे तुरंत स्थानीय लोगो और पुलिस की मदद से गंभीर हालत में धनबाद के एनएमसीएच भेजा गया।

दुकान में आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए फायर ब्रिगेड के साथ घटनास्थल पर पहुंची और कड़ी मशकत के बाद आग पर काबू पाया। तेज लपटों और धुंए के कारण मुख्य सड़क पर काफी जाम लग गया। प्रशासन ने तुरंत नया मोड़ और पांडेडीह चौराहा के पास वाहनों को डायवर्ट कर ट्रैफिक ब्यवस्था संभाली तथा आसपास के दुकानों को खाली करवाया।

हालांकि आग लगने की कारणों का अभी तक पता नही चल पाया। यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा की गैस सिलेंडर फटने या सॉर्ट सर्किट किस कारण से आग लगी परंतु प्रशासन की तत्परता सराहनीय रही। लोगो ने कहा कि अगर तनिक भी प्रशासन देर करती तो आग की लपटें कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लेता।

# इएसएल वॉकाथॉन में फिटनेस, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी का दिया संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** वेदांता समूह की इकाई ईएसएल स्टील लिमिटेड की ओर से आज बोकारो में इएसएल वॉकाथॉन 2025 का आयोजन किया गया। फिटनेस, एकता और सामुदायिक भावना को समर्पित इस आयोजन में बोकारोवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नया मोड़ से हुआ और समापन लाल बहादुर शास्त्री चौक, सेक्टर 6 पर किया गया। लगभग 300 से अधिक प्रतिभागियों ने इस उत्साहपूर्ण वॉकाथॉन में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रवीण सिंह (डीएसपी, चास) और इएसएल स्टील लिमिटेड के डिप्टी सीइओ एवं पूर्णकालिक निदेशक रवीश शर्मा ने वॉकाथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रवीश शर्मा ने कहा कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल फिटनेस तक सीमित नहीं है। बल्कि रन फार जीरो हंगर अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का भी प्रयास है कि देश का कोई भी बच्चा भूखा न सोए। उन्होंने बताया कि वेदांता समूह ने एक अनोखे मोबाइल ऐप से साझेदारी की है, जिसके जरिए लोग चलने या दौड़ने से भी समाज में योगदान दे सकते हैं। हर किलोमीटर के साथ, अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के माध्यम से नंद घर पहल के तहत एक बच्चे के लिए एक भोजन प्रदान किया जाता है। इस तरह हर कदम दया और सेवा का प्रतीक बन जाता है।

यह पहल देशव्यापी रन फार जीरो हंगर कैंपेन का हिस्सा है। जो पिछले 5 वर्षों से दिल्ली हाफ मैराथन से जुड़ा हुआ है। इस वर्ष का मुख्य आयोजन 12 अक्टूबर 2025 को नयी दिल्ली में आयोजित किया जायेगा। पिछले वर्ष वेदांता समूह ने 1 करोड़ से अधिक भोजन प्रदान किए थे। इस वर्ष भी इसी लक्ष्य को दोहराने का संकल्प लिया गया है। 10 किलोमीटर की इस वॉकाथॉन में ईएसएल के कर्मचारियों ने ऊर्जावान भागीदारी दिखाई। वॉकाथॉन विजेताओं में प्रथम स्थान लगन हास्ते (सिक्योरिटी विभाग), द्वितीय स्थान रविंद्र कुमार पांडे (सिक्योरिटी विभाग) तथा तृतीय स्थान जोसे एसएल (सिक्योरिटी विभाग) को हासिल हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में चंदन दुबे (ऑफिसर-इन-चार्ज, चिरा चास) उपस्थित रहे। इस अवसर पर ईएसएल के वरिष्ठ नेतृत्व टीम के सदस्य आशीष भारद्वाज (मुख्य वाणिज्य अधिकारी), श्यामली मिन्ज (सीएचआरओ), संजय सिन्हा (हेडझपीआर एवं स्टेकहोल्डर मैनेजमेंट), अनुप सिंह नागी (डिप्टी डायरेक्टर-आयरन मेकिंग), संजीव तिवारी (डिप्टी डायरेक्टर-डीआईपी), सुकांता बिस्वाल (हेड-बिजनेस कंट्रोलर), दुर्गा प्रसन्न पांडा (डिप्टी डायरेक्टर-सेंट्रल इंजीनियरिंग) एवं जगेश्वर प्रसाद वर्मा (डिप्टी डायरेक्टर-स्टील) भी उपस्थित थे और सभी प्रतिभागियों के उत्साह एवं समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम का समापन जोश, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना के साथ हुआ।

# जलसा जैसे कार्यक्रम आपसी भाईचारे को बढ़ाने वाले होते हैं : योगेंद्र प्रसाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत ग्राम गर्री में रविवार को एक जलसा के कार्यक्रम में राज्य के मंत्री योगेन्द्र प्रसाद शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा जलसा इत्यादि कार्यक्रम सामाजिक सौहार्द और आपसी भाइचारे को बढ़ाने वाले होते हैं। आज के इस भाग दौड़ और स्वार्थ वाले समय में इस प्रकार के कार्यक्रम के माध्यम से, एक दूसरे के साथ मेल मिलाप से मन को बहुत ही सुकून मिलता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को उन्होंने बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

## रूस ने यूक्रेन में फिर मचाया कहर : रिहायशी इलाकों में भीषण तबाही

# रातभर हुई बमबारी में पांच की मौत

एजेंसी

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से जारी संघर्ष में स्थिति और भयावह होती जा रही है। ध्यान देने वाली ये भी है कि अभी दूर-दूर तक इस संघर्ष के खत्म होने के आसार भी नहीं दिख रहे है। कारण है कि इन दिनों रूस का यूक्रेन पर हमला और तेज हो गया है। इस संघर्ष के ताजा अपडेट की बात करे तो शनिवार रात भर रूस ने यूक्रेन के खिलाफ बड़े पैमाने पर ड्रोन, मिसाइल और गाइडेड बमों से हमला किया, जिसमें कम से कम पांच आम नागरिक मारे गये। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार सुबह बताया कि रूस ने नौ अलग-अलग इलाकों में 50 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें और करीब 500 ड्रोन दागे।



## मृतकों में एक बच्चा भी शामिल

पश्चिमी शहर लविव में हुए एक संयुक्त ड्रोन और मिसाइल हमले में पांच लोग की मौत हुई, जिनमें एक 15 साल का बच्चा भी शामिल है। इस हमले से दो इलाकों में बिजली गुलहो गयी और सार्वजनिक यातायात भी कुछ घंटों के लिए बंद रहा। लविव के मेयर आंद्रिय सादोवी ने बताया कि शहर के बाहर एक व्यावसायिक परिसर में आग लगी, जो किसी सैन्य गतिविधि से जुड़ा नहीं था।

## और कहा-कहा हुआ हमला?

इवानो-फ्रैंकिव्स्क क्षेत्र में भी एक व्यक्ति घायल हुआ, जबकि दक्षिणी शहर जापोरिज्जिया में एक महिला की मौत हो गयी और नौ लोग घायल हुए। यहां ड्रोन और गाइडेड बमों से हमला किया गया, जिससे कई आवासीय भवन नष्ट हो गये और करीब 73,000 घरों में बिजली चली गयी। इसके साथ ही पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र के स्लोवियान्स्क में भी एक अपार्टमेंट पर हमला हुआ, जिसमें छह लोग घायल हुए। वहां कई घरों, दुकानों और कारों को नुकसान पहुंचा। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से यूक्रेन को और अधिक वायु रक्षा प्रदान करने की अपील की, ताकि इस हवाई आतंक को रोका जा सके।

## यूक्रेन ने भी लंबी दूरी से हमले किये

रूसी हमलों के जवाब में यूक्रेन ने भी रूस के कई ठिकानों पर लंबी दूरी से हमले किये हैं, खास कर रूस के तेल उद्योग को निशाना बना कर, जिससे वहां ईंधन की कमी बनी हुई है। रूस ने सर्दियों से पहले यूक्रेन की बिजली आपूर्ति और रेलवे नेटवर्क पर हमले तेज कर दिये हैं, जिससे नागरिकों को गर्मी, बिजली और पानी की समस्या हो रही है। शॉस्तका शहर में हुए हालिया हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई और कई घायल हुए। इससे साफ है कि युद्ध जारी है और आम लोगों को भारी नुकसान पहुंच रहा है।

# कैलाशपति मिश्र को लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने दी श्रद्धांजलि



**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और संगठन के प्रणेता पंडित कैलाशपति मिश्र की जयंती पर बिरसा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, वरिष्ठ नेता कर्मवीर तथा पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। माल्यार्पण के उपरांत सभी नेताओं ने आपसी संवाद के माध्यम से राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर चिंतन-मनन किया। सभी नेताओं ने कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके योगदान को याद किया।

इस मौके पर पूर्व आइजी सह वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि कैलाशपति मिश्र न केवल एक कुशल राजनेता थे, बल्कि संगठन के सच्चे साधक और विचारक भी थे। वे हमेशा आदर्श जीवन और नैतिक राजनीति के प्रतीक बने रहे।

## मददगार ने पहलगाम हमले के आतंकियों को मोबाइल चार्जर दिया, चार बार मुलाकात की



**जम्मू-कश्मीर (आजाद सिपाही)।** पहलगाम हमला करने वाले आतंकियों के मददगार मोहम्मद यूसुफ कटारी ने कई खुलासे किए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को बताया कि कटारी ने पूछताछ में कबूल किया कि उसने आतंकियों से चार बार मुलाकात की थी। उन्हें मोबाइल चार्जर भी दिया था। दरअसल पुलिस ने कटारी को 24 सितंबर को अरेस्ट किया था। 26 साल का कटारी कुलगाम का रहने वाला है। कटारी ने हमले को अंजाम देने वाले द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया कराया था। कटारी की गिरफ्तारी ऑपरेशन महादेव के दौरान जब्त हथियारों की जांच की वजह से हुई। इससे पहले जून में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने परवेज अहमद जोथर और बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला कि तीन आतंकियों लश्कर कमांडर सुलेमान शाह, अफगान और जिबरान ने यह हमला किया था। 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में इन तीनों आतंकियों को मार गिराया गया था। पहलगाम हमले के दो महीने बाद 23 जून को एनआइए ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया था। एनआइए की जांच में खुलासा हुआ है कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को पनाह दी थी। परवेज और बशीर ने हमले से पहले इन तीनों आतंकियों को हिल पार्क स्थित एक अस्थायी ढोक (झोपड़ी) में जानबूझ कर ठहराया था। उन्होंने उन्हें खाना और अन्य सुविधाएं दी थीं।









# तौकीर के करीबी नफीस का 5 करोड़ का मैरिज हॉल ध्वस्त

आजाद सिपाही संवाददाता


**बरेली।** बरेली बवाल के बाद मौलाना तौकीर रजा और उनके करीबियों के खिलाफ एक्शन जारी है। तौकीर रजा के करीबी डॉ. नफीस के मैरिज हॉल पर रविवार को दूसरे दिन भी बुलडोजर चला। दो बुलडोजर और 35 से अधिक मजदूरों ने शाम को करीब 5 बजे तक 10 हजार स्क्वायर फीट में 5 करोड़ की लागत से बने मैरिज हॉल को जमींदोज कर दिया गया।


करीब 6 घंटे तक बुलडोजर एक्शन चला। प्रशासन का कहना है कि मैरिज हॉल का निर्माण सरकारी जमीन पर किया गया था। करीब 100 पुलिसवाले मौके पर तैनात हैं। अब गली में सामान्य आवाजाही है। इधर, स्वास्थ्य विभाग ने डॉ नफीस की दुकान खान ऑप्टिकल्स को भी सील कर दिया। आरोप है कि डॉ नफीस बिना डिग्री के खान ऑप्टिकल चला रहे थे।

वहीं, शनिवार को तौकीर रजा के भतीजे मोहसिन को बिजली विभाग ने 1 करोड़ 26 लाख रुपये का बिल भरने का नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उस अवैध चार्जिंग स्टेशन का है, जिसे प्रशासन ने बुलडोजर से गिरा दिया था। डॉ नफीस, तौकीर रजा की पार्टी इत्तेहाद मिल्लत काउंसिल के राष्ट्रीय महासचिव हैं। 3 दिन पहले नफीस और उसके बेटे फरहान को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।











| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |


















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**